२०२३-२४ मध्ये २१९२ कोटी रुपयांची तरतूद आणि २२३९ कोटी रुपयांचा प्रत्यक्ष खर्च दाखवण्यात आला. त्यावेळी ५५ हजार हेक्टरपेक्षा अधिक अनुशेष असल्याचे नमूद होते. पुढील वर्षांत अनुशेष शून्य झाल्याचा दावा करण्यात आला. मात्र त्याच कालावधीत अनेक महत्त्वाचे प्रकल्प अपूर्ण राहिले. त्यामुळे आर्थिक तरतूद आणि प्रत्यक्ष परिणाम यामध्ये विसंगती स्पष्ट दिसते. खर्च वाढत असला तरी लाभक्षेत्र वाढलेले नाही. त्यामुळे या आकडेवारीतून केवळ आर्थिक प्रगतीचे चित्र दिसते, पण प्रत्यक्ष सिंचन विकासाचा प्रभाव मर्यादित असल्याचे स्पष्ट होते.

**सिंचन धोरणात कोणते बदल आवश्यक?**

सर्वप्रथम उत्तरदायित्व निश्चित करणे आवश्यक आहे. प्रत्येक प्रकल्पासाठी स्पष्ट वेळापत्रक आणि टप्प्याटप्प्याने स्वतंत्र मूल्यांकन यंत्रणा आवश्यक आहे. निधी मंजूर झाल्यानंतर त्याचा वापर पारदर्शक पद्धतीने झाला पाहिजे. भूसंपादन, पर्यावरणीय मंजुरी आणि तांत्रिक अडथळे यांचे पूर्वनियोजन आवश्यक आहे. सर्वात महत्त्वाचे म्हणजे ‘सिंचन क्षमता निर्माण’ या कागदोपत्री निकषाऐवजी ‘प्रत्यक्ष शेतापर्यंत पोहोचलेले पाणी’ हा अंतिम मापदंड मानला पाहिजे. प्रकल्प पूर्णत्वाची व्याख्या बदलल्याशिवाय सिंचन विकासाला गती मिळणार नाही. त्यामुळे धोरणात्मक, प्रशासकीय आणि अंमलबजावणी स्तरावर व्यापक सुधारणा आवश्यक आहेत.

## कल्पमेधा

*शक्ति जीवन है, कमजोरी मृत्यु है। विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है। प्रेम जीवन है, घृणा मृत्यु है।*
*– स्वामी विवेकानंद*

## अनुत्तरित प्रश्न

जैसे ही कोई हादसा होता है, धड़ाधड़ सूचनाएं आने लगती हैं कि कैसे नियमों के अनुपालन में कोताही बरती गई और सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों की अनदेखी की गई। भवन निर्माण की मंजूरी, सुरक्षा मानकों के अनुपालन, निरीक्षण तंत्र, अग्नि सुरक्षा मंजूरी और विभिन्न विभागों की लापरवाही को लेकर असंख्य तथ्य सामने आने लगते हैं। लखनऊ के अलीगंज हादसे को लेकर भी खबरें आ रही हैं। नियमों के अनुपालन में सख्ती के दावे अधिकारी कर रहे हैं। कई स्तर पर कार्रवाई की सूचनाएं प्रशासन जारी कर रहा है। अहम सवाल है कि अगर खामियों के बारे में पहले से सब कुछ पता रहता है, तो किस मजबूरी में प्रशासन ने इस मामले में अब तक आंखें बंद कर रखी थीं? ऐसे हादसों में नियमों के उल्लंघन को लेकर सवाल उठते हैं। कुछ दिनों तक जांच चलती है और खामोशी छा जाती है। जांच में ऐसी कोताही अस्वीकार्य होनी चाहिए।

दरअसल, इस तरह के हादसे मौजूदा दौर में सेवा क्षेत्र के इर्द-गिर्द फलती-फूलती शिक्षा अर्थव्यवस्था, अनियोजित शहरी विस्तार और नियमन की विफलताओं को प्रतिबिंबित करते हैं। कम पूंजी निवेश में मोटे मुनाफे के लालच में नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। ऐसे उल्लंघन पूरे भारत में आम हैं, जहां व्यावसायिक और शैक्षिक प्रतिष्ठान बुनियादी सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी कर रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जो तथ्य सामने आए हैं, उनसे पता चलता है कि लगभग एक दशक पहले कथित अनधिकृत निर्माण के आरोप में अलीगंज की संपत्ति को गिराने की कार्रवाई शुरू की गई थी। इसे एलडीए आवास योजना के तहत आबंटित किया गया और बाद में बेचा गया था। इसे 2014 में आवासीय संरचना के रूप में मंजूरी दी गई थी। एलडीए ने अवैध निर्माण का पता चलने पर मई 2016 में गिराने का आदेश जारी किया, लेकिन दो महीने के भीतर ही आदेश वापस ले लिया। इन सवालों के जवाब सामने नहीं आए हैं कि विध्वंस के आदेश पर अमल क्यों नहीं हुआ? इसे वापस क्यों लिया गया?

लखनऊ जैसे हादसे एक चिंताजनक परिपाटी का संकेत दे रहे हैं। अधिकांश योजनाओं और भवन उपनियमों में मिश्रित उपयोग वाले निर्माण की अनुमति दी जाती है, बशर्ते ऐसी इमारतें अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करती हों। लखनऊ के हादसे से स्पष्ट है कि दशकों तक गैर-कानूनी तरीके से आवासीय इमारत में कोचिंग संस्थान और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां चलती रहीं और प्रशासन सोता रहा। आए दिन होने वाले अग्निकांड से कोई सबक नहीं सीखा गया। प्रत्येक आपदा से मिलने वाले सबक सीमित रह जाते हैं। घटना के तुरंत बाद इमारत को सील करने और नोटिस देने का जो सिलसिला शुरू होता है, वह महज एक नियमित प्रक्रिया है। जांच की कवायद कुछ दिनों बाद ठंडे बस्ते में चली जाती है। बीते कुछ महीनों में कोचिंग संस्थानों, होटलों और इसी तरह के प्रतिष्ठानों में लगी आग की कई घटनाएं सामने आई हैं। व्यापक रूप से चर्चा उन हादसों को लेकर हुई है, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ। हादसे छोटे हों या बड़े – किसी भी मामले में अगर कोताही न बरती जाए, नियमों को लेकर सख्ती की जाए, तो काफी हद तक ऐसे हादसों को टाला जा सकता है। जरूरत गंभीरता से कार्रवाई करने की है।

## असुरक्षित दिल्ली

आज हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जहां चंद रुपए के लिए किसी की हत्या कर दी जाती है। यह कानून व्यवस्था का मसला जरूर है, लेकिन इसके समाजशास्त्रीय पक्ष को लगातार अनदेखा किया गया है। चिंता की बात है कि बच्चों का स्वभाव भी अब उग्र होता जा रहा है। मामूली बातों पर आपा खो देना सामान्य बात हो गई है। दिल्ली में एक बार फिर महज कुछ रुपए के लिए एक व्यक्ति की हत्या समाज की मनोदशा की स्याह तस्वीर सामने रखती है। खबरों के मुताबिक पिछले दिनों राजधानी के तिलक नगर इलाके में मात्र डेढ़ सौ रुपए के विवाद में तीन नाबालिगों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। नाबालिगों में इस तरह बढ़ रहे दुस्साहस की वजह जानने की आवश्यकता है। दिल्ली में स्थानीय निकाय से लेकर राज्य और केंद्र तक– तीन इंजन की सरकार होने और पुख्ता सुरक्षा के दावों के बीच इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, तो स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर यहां पढ़ने-लिखने की उम्र में बच्चे हथियार लेकर चल रहे हैं, यह कानून व्यवस्था संभालने वालों की भी लापरवाही है।

इस तरह के अपराध से नागरिकों के मन में असुरक्षा का बोध बढ़ेगा। वैसे भी आत्मकेंद्रित हो रहे समाज में अब कोई किसी को बचाने के लिए आगे नहीं आता। हालांकि तिलक नगर में हुई हत्या के मामले में आरोपी तीन किशोरों को दिल्ली पुलिस ने कुछ ही घंटे में पकड़ लिया, लेकिन सवाल है कि नाबालिगों के हाथों में चाकू जैसे घातक हथियार कैसे पहुंच रहे हैं? गौरतलब है कि दिल्ली में पहले भी इसी तरह महज चार सौ रुपए के लेनदेन के विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। ताजा मामले में बताया गया कि पीड़ित ने जबरन एक किशोर से डेढ़ सौ रुपए लिए थे, जिसे वह वापस नहीं कर रहा था। इस तरह की घटनाओं से स्पष्ट है कि हम किशोरों को सामाजिक मूल्यों का पाठ नहीं पढ़ा पाए हैं। नाबालिगों में हिंसक प्रवृत्ति का बढ़ना पूरे समाज के लिए चेतावनी है। इसे रोकने के लिए कई स्तरों पर कदम उठाने की जरूरत है।

# अवसाद से बढ़ता जान का जोखिम



**आज के दौर में आर्थिक संकट और पारिवारिक तनाव लोगों को निराशा के अंधकार में धकेल रहे हैं। वर्ष 2023-24 में देश में आत्महत्या के मामलों की संख्या उच्चतम स्तर पर रही।**

**विनोद के शाह**

भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की मूल चेतना मनुष्य जीवन को सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ कृति मानती है। लगभग सभी धर्मग्रंथों में यही कहा गया है। इसलिए जीवन का प्रत्येक क्षण अमूल्य है। यही कारण है कि भारतीय दर्शन में जीवन को केवल भोग का साधन नहीं, बल्कि लोकमंगल और आत्मोन्नति का अवसर माना गया है। मगर विडंबना यह है कि जिस देश में जीवन को ईश्वर का अनुपम उपहार माना जाता है, वहीं आत्महत्या की घटनाएं भयावह गति से बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड्स इन इंडिया' रिपोर्ट के आंकड़े केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि वे समाज की टूटती मानसिकता, बढ़ते अकेलेपन और गहराते अवसाद की छिपी दर्दनाक दास्तान हैं। वर्ष 2023-24 में देश में आत्महत्या के मामलों की संख्या अब तक के उच्चतम स्तर पर रही। एक लाख बहत्तर हजार से अधिक लोगों ने स्वयं अपना जीवन समाप्त कर लिया। यह गंभीर स्थिति है।

चिंताजनक तथ्य यह है कि इन आत्महत्याओं में लगभग तीन-चौथाई संख्या पुरुषों की है। भारतीय समाज पुरुष को परिवार का संरक्षक और मुखिया मानता है, लेकिन यही वर्ग आज सबसे अधिक मानसिक दबाव, आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक अपेक्षाओं एवं पारिवारिक तनावों के बोझ तले दबा हुआ है। कभी आत्महत्या के मामलों में महिलाओं की संख्या अधिक हुआ करती थी और तब महिला सुरक्षा तथा सशक्तीकरण को लेकर व्यापक विमर्श हुआ था। आज परिस्थितियां बदल गई हैं। बेरोजगारी, आर्थिक संकट, पारिवारिक तनाव, बीमारी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पुरुषों को निराशा के उस अंधकार में धकेल रही है, जहां उन्हें जीवन से अधिक मृत्यु सरल विकल्प प्रतीत होने लगती है। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

आत्महत्या के आंकड़ों में दिहाड़ी मजदूरों की संख्या सबसे ज्यादा होना देश की आर्थिक विषमता और रोजगार संकट की गंभीर तस्वीर प्रस्तुत करता है। रोज कमाने और रोज खाने वाले मजदूर, ठेला और रेहड़ी चलाने वाले तथा असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी सबसे अधिक असुरक्षित हैं। दूसरी ओर सरकारी और निजी क्षेत्रों में संविदा तथा अल्पकालिक नियुक्तियों का बढ़ता चलन भी लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चित बना रहा है। नौकरी मिलने के बाद भी पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और स्थायित्व का अभाव व्यक्ति को निरंतर भय और असुरक्षा में जीने को विवश करता है। जब रोजगार छिनता है, तब केवल आय नहीं जाती, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन का आधार भी टूट जाता है। ऐसे में व्यक्ति स्वयं को बेहद अकेला महसूस करता है।

भयावह स्थिति विद्यार्थियों के बीच दिखाई देती है। वर्ष 2023-24 में देशभर में 13 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की है। यह संख्या पिछले वर्ष से 8.5 फीसद अधिक है। देश में प्रतिदिन लगभग 35 विद्यार्थी जीवन से हार मान रहे हैं। किसी भी विकासशील राष्ट्र के लिए इससे बड़ा दूसरा खतरा नहीं हो सकता है। देश का भविष्य आत्मग्लानि और बोझ समझ जीवन जी रहा है। यह केवल शिक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना के



संकट का भी संकेत है। आज बच्चे पहले की तुलना में कहीं अधिक अकेला महसूस करते हैं। संयुक्त परिवारों के विघटन ने दादा-दादी, चाचा-चाची और बुआ जैसे आत्मीय रिश्तों को उससे दूर कर दिया है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने के कारण बच्चों के पास अपनी समस्याएं साझा करने का पर्याप्त

> **आत्महत्या केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं है, यह परिवार, समाज और राष्ट्र की सामूहिक ऊर्जा का क्षरण है। जब कोई विद्यार्थी, किसान, मजदूर या परिवार का मुखिया जीवन से हार मानता है, तब यह संकेत होता है कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं अपना दायित्व निभाने में असफल रही हैं। आवश्यकता केवल भौतिक उपायों की नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज के निर्माण की है। परिवारों को समन्वय और संवाद स्थापित करना होगा, शिक्षा को मानवीय मूल्यों से जोड़ना होगा, रोजगार को अधिक सुरक्षित बनाना होगा और मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक नीति का हिस्सा बनाना होगा। अर्थव्यवस्था में मजबूती से अधिक जरूरी जीवन प्रत्याशा की समृद्धि है।**

अवसर नहीं बचा। दूसरी ओर शिक्षा का बढ़ता व्यवसायीकरण बच्चों को अंक प्राप्त करने की मशीन में बदल रहा है। अभिभावकों की प्राथमिकता ऐसे विद्यालय बन गए हैं जो उत्कृष्ट परिणामों का विज्ञापन करते हैं, जबकि खेल, रचनात्मकता, नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास जैसे विषय पीछे छूट रहे हैं। स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब बचपन पर तकनीकी प्रतिस्पर्धा का बोझ डाल दिया जाता है। चिंता की बात है कि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास की उपेक्षा हो रही है। योग, खेल, साहित्य, संगीत और नैतिक शिक्षा जैसे विषय जो व्यक्तित्व को संतुलित बनाते हैं, वे हाशिए पर चले गए हैं। परिणामस्वरूप बच्चे तनाव और अलगाव का शिकार हो रहे हैं।

संविधान का अनुच्छेद 21 और 21 ए प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन और शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। जीवन के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास पैदा करना संविधान की भावना का हिस्सा है, लेकिन आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के नाम पर छात्रावासों और विद्यालयों में केवल पंखों की ऊंचाई बढ़ा देना या उन पर जालियां लगा देना समस्या का समाधान नहीं है। आवश्यकता बच्चों के मन को समझने, उन्हें संवाद का अवसर देने और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की है। अधिक चिंता का विषय 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों में बढ़ती आत्महत्या को लेकर है जो 5.68 फीसद दर से पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ गई है। यह समाज और शासन दोनों के लिए चेतावनी है कि यदि अभी भी बचपन को नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां मानसिक रूप से असुरक्षित और निराश हो जाएंगी।

पारिवारिक कारणों से होने वाली आत्महत्याएं भी समाज की बदलती संरचना पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। हजारों पुरुष और महिलाएं पारिवारिक तनाव, वैवाहिक असंतोष तथा संबंधों में बढ़ती दूरियों के कारण जीवन समाप्त कर रहे हैं। वैवाहिक जीवन में समन्वय के अभाव, टूटते रिश्तों और विवाहेतर संबंधों ने भी अनेक परिवारों को बिखेरा है। आधुनिक जीवन की व्यस्तता ने संवाद की जगह संदेह और संवेदनाओं की जगह स्वार्थ को बढ़ावा दिया है। शिक्षित युवा जानलेवा नशे का शिकार होकर अपराध और आत्मघात की तरफ बढ़ रहे हैं। वहीं गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का एक बड़ा वर्ग जीवन के संघर्ष से हार मान रहा है। कृषि प्रधान देश के लिए यह अत्यंत दुखद है कि किसान और खेतिहर मजदूरों के आत्महत्या कर लेने का आंकड़ा भी 6.3 फीसद तक पहुंच गया है। जो वर्ग पूरे देश का पेट भरता है, वही अपने जीवन की सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है।

इन आंकड़ों को केवल सरकारी रिपोर्ट मान कर अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रत्येक आत्महत्या के पीछे एक टूटा हुआ परिवार, अधूरा सपना और समाज की कोई न कोई विफलता छिपी होती है। आत्महत्या केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं है, यह परिवार, समाज और राष्ट्र की सामूहिक ऊर्जा का क्षरण है। जब कोई विद्यार्थी, किसान, मजदूर या परिवार का मुखिया जीवन से हार मानता है, तब यह संकेत होता है कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं अपना दायित्व निभाने में असफल रही हैं। आवश्यकता केवल भौतिक उपायों की नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज के निर्माण की है। परिवारों को समन्वय और संवाद स्थापित करना होगा, शिक्षा को मानवीय मूल्यों से जोड़ना होगा, रोजगार को अधिक सुरक्षित बनाना होगा और मानसिक स्वास्थ्य को सार्वजनिक नीति का हिस्सा बनाना होगा। अर्थव्यवस्था में मजबूती से अधिक जरूरी जीवन प्रत्याशा की समृद्धि है।

# आत्मचिंतन का आईना

## दुनिया मेरे आगे

**रश्मि वैभव गर्ग**

जिंदगी केवल सांस चलने भर का नाम नहीं है, बल्कि यह स्वयं को समझने और निरंतर बेहतर बनाने की यात्रा है। हम सभी जीवन में अनेक भूमिकाएं निभाते हैं, मसलन, माता-पिता, बेटा-बेटी, रिश्तेदार, मित्र, कर्मचारी या समाज का एक सदस्य। मगर सच यह भी है कि इन भूमिकाओं को निभाते-निभाते कई बार हम स्वयं से दूर हो जाते हैं। ऐसे में आत्मचिंतन हमें अपने भीतर लौटने का अवसर देता है। आत्मचिंतन का अर्थ अपनी दृष्टि से अपने पक्ष में तर्क जुटाना नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों, भावनाओं, निर्णयों और व्यवहार का निष्पक्ष अवलोकन करना है। यह केवल स्वयं की कमियों को ढूंढ़ने का नहीं, बल्कि स्वयं को समझने का माध्यम है। जब हम दिनभर की घटनाओं पर शांत मन से विचार करते हैं, तब हमें पता चलता है कि कहां हमने सही निर्णय लिया और कहां हमारे भीतर किसी सुधार की आवश्यकता है।

जिंदगी में सुख और दुख दोनों आते हैं। सुख हमें उत्साह देता है, दुख हमें अनुभव और परिपक्वता प्रदान करता है। आत्मचिंतन इन दोनों परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखना सिखाता है। यह सिखाता है कि सफलता पर अहंकार न करें और असफलता में निराश न हों। हर घटना जीवन का पाठ है, जिसे समझना और उससे सीखना ही आत्मचिंतन का उद्देश्य है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में लोग बाहरी उपलब्धियों के पीछे भागते हैं, लेकिन आंतरिक शांति की उपेक्षा करते हैं। भौतिक सुख-सुविधाएं आवश्यक हैं, लेकिन मन की शांति के बिना उनका आनंद अधूरा है।

आत्मचिंतन हमें अपने वास्तविक लक्ष्य, मूल्यों और प्राथमिकताओं को पहचानने में सहायता करता है। जब व्यक्ति स्वयं को जान लेता है, तब वह दूसरों को भी बेहतर ढंग से समझ पाता है। दरअसल, आत्मचिंतन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हमें परिस्थितियों का दास बनने के बजाय उनका स्वामी बनाता है। हम अपनी प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करना सीखते हैं और जीवन को अधिक सकारात्मक दृष्टि से देखने लगते हैं। धीरे-धीरे हमारे भीतर धैर्य, सहनशीलता और आत्मविश्वास का विकास होता है।

> **आत्मचिंतन हमें अपने वास्तविक लक्ष्य और मूल्यों को पहचानने में सहायता करता है। जब व्यक्ति स्वयं को जान लेता है, तब वह दूसरों को भी बेहतर ढंग से समझ पाता है। दरअसल, आत्मचिंतन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हमें परिस्थितियों का दास बनने के बजाय उनका स्वामी बनाता है।**

जिस तरह समुद्र मंथन से अमृत और विष दोनों की उत्पत्ति हुई थी, वैसे ही हमारे भीतर भी सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों तरह के विचारों का संचार होता है। उन सकारात्मक और नकारात्मक विचारों से खुद को समृद्ध कर अपना विश्लेषण करते हुए सकारात्मक कार्य करना ही जीवन का श्रेष्ठ मार्ग है, श्रेष्ठता है। आत्मचिंतन स्वयं से मिलने की क्रिया है, जो मनुष्य जीवन को सफल बनाने में सहायक है। एक निरंतर बहने वाली नदी की तरह जिंदगी में कभी शांत जल होता है, तो कभी तेज धाराएं। इसके बीच आत्मचिंतन उस नाव की तरह है, जो हमें हर परिस्थिति में संतुलित रखती है। अगर हम प्रतिदिन कुछ समय बिल्कुल अपने साथ बिताएं, अपने मन की आवाज सुनें और अपने कर्मों का मूल्यांकन करें, तो जीवन अधिक सार्थक, संतुलित और आनंदमय बन सकता है। सच यह है कि जो व्यक्ति स्वयं को जान लेता है, वह जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने की दिशा में पहला कदम उठा लेता है। विडंबना यह है कि हम दुनिया को जानने का दावा करते हुए उसमें अपनी ऊर्जा नाहक खर्च करते रहते हैं, लेकिन खुद को जानने को लेकर हमारे भीतर कोई जिज्ञासा पैदा नहीं होती। इसका हासिल क्या होता है? जबकि आत्मचिंतन स्वयं को समझने की कोशिश है।

मनुष्य के बीच एक दिलचस्प प्रवृत्ति आम देखी जाती है कि वह सदैव दूसरों का आकलन करता रहता है। उस आकलन के बीच हम स्वयं को समझना ही भूल जाते हैं। जबकि अपना सुधार करना ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। यह एक ऐसी चुनौती है, जहां स्वयं को ही परखना होता है। परखने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम निष्पक्ष होकर अपना विश्लेषण करें। हर व्यक्ति की जीवन शैली अलग है और उसी के अनुरूप उसकी कसौटियां हैं। जरूरी नहीं कि हम बाहरी दुनिया को संतुष्ट करें, बल्कि हम आत्मचिंतन करके अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। मन बड़ा ही चलायमान होता है। उसमें पारदर्शिता होना काफी हद तक एक मुश्किल स्थिति है।

जब हम अपनी गलतियों को पहचानते हैं, तो खुद अपने ही वकील बन जाते हैं। किंतु-परंतु से जूझते हुए भी येन-केन-प्रकारेण हम अपने आप को निर्दोष साबित करना चाहते हैं। मगर हम स्वयं अवलोकन करें, तो अपना सत्य जान सकते हैं और उसी के अनुरूप अपनी भावी कर्म प्रणाली रख सकते हैं। जीवन जीना एक कला है और आत्मचिंतन उस कला को परखने की शक्ति है। इस शक्ति से हम जीवन में सुख का स्रोत बना सकते हैं। एक ऐसा स्रोत, जो हमारे अपने अंतस में निहित है। कहा जा सकता है कि जिंदगी और आत्मचिंतन एक-दूसरे के पूरक हैं। जिंदगी हमें अनुभव देती है और आत्मचिंतन उन अनुभवों से सीखने की क्षमता।

जो व्यक्ति आत्मचिंतन को अपने जीवन का हिस्सा बना लेता है, वह परिस्थितियों का दास नहीं, बल्कि अपने जीवन का सजग निर्माता बन जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन में कुछ समय आत्मचिंतन के लिए अवश्य निकालना चाहिए, क्योंकि यही वह मार्ग है, जो हमें आत्मज्ञान, संतोष और सच्ची सफलता की ओर ले जाता है। जीवन हमारे कर्म और उसकी प्राप्य-स्थली भी है, जहां हम खुद को समझ सकते हैं और भावी जीवन को सुधार सकते हैं। आत्मचिंतन वह कुंजी है, जो हमारे जीवन को निखार सकती है। हम अपने अवलोकन से ही स्वयं को बेहतर बना सकते हैं। एक उत्सव की तरह जीते हुए हम अपनी जिंदगी को महोत्सव बना सकते हैं। आत्मचिंतन उसी महोत्सव के साथ जीवन को सफल बनाने की राह है।




## पहचान का आधार

देश में आधार कार्ड को नागरिकों की पहचान का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। इसकी मूल अवधारणा नागरिकों की पहचान को सरल, विश्वसनीय और सुविधाजनक बनाना था। मगर विडंबना यह है कि आज यही आधार लाखों लोगों, विशेषकर ग्रामीण, गरीब और जनजातीय वर्ग के लिए अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सबसे बड़ी बाधा बनता जा रहा है। कुछ महीने पहले मध्य प्रदेश सरकार ने आधार कार्ड को केवल पहचान के दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने संबंधी निर्देश जारी किए हैं। यदि इस भावना को वास्तविक रूप से अन्य राज्य सरकारें भी लागू करें, तो यकीनन यह लाखों नागरिकों और बच्चों को राहत दे सकता है, क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि अथवा अन्य विवरणों में छोटी-सी त्रुटि भी सरकारी योजनाओं से वंचित कर देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड में त्रुटियों का मसला गंभीर है। क्या किसी बच्चे का भविष्य केवल इसलिए प्रभावित होना चाहिए, क्योंकि उसके आधार कार्ड में एक अक्षर या एक तारीख गलत दर्ज हो गई है? इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

*– अरविंद रावल, झाबुआ*

## मिलीभगत का नतीजा

'लापरवाही की आग' (संपादकीय, 23 जून) पढ़ा। लखनऊ में तमाम कायदे-कानून को ताक पर रख कर चलाए जा रहे कोचिंग संस्थान में लगी आग से निर्दोष छात्र-छात्राओं की मौत दिल दहला देने वाली घटना है। यह निराशाजनक है कि संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से व्यावसायिक इमारतों में कोचिंग संस्थान बिना अग्नि सुरक्षा उपाय के चलाए जा रहे हैं। इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने में लखनऊ विकास प्राधिकरण की विफलता उजागर हो गई है। वहीं बिजली के पुराने तारों के कारण शार्ट सर्किट से भी आग लग जाती है। माना कि सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया है, लेकिन समय रहते जिला प्रशासन, प्राधिकरण और पुलिस सभी सचेत रहते, तो अनहोनी नहीं होती। पीड़ित परिवारों का दर्द वर्षों तक खत्म नहीं होगा। सरकार को इन परिवारों को उचित आर्थिक संबल देना चाहिए।

*– युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद*

## फुटपाथ पर अधिकार

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले दिनों जन सरोकार से जुड़े मुद्दे पर एक बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने पैदल चलने वाले लोगों की जान की परवाह करते हुए देश में सभी राज्य सरकारों को अपने यहां फुटपाथ की तरफ गंभीरता से ध्यान देने के लिए कहा है। न्यायालय के अनुसार, फुटपाथ पर सुरक्षित चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। देश में बहुत से औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां बड़ी संख्या में मजदूर और अन्य कर्मचारी पैदल ही आते-जाते हैं, लेकिन ऐसे कई औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां फुटपाथ नहीं हैं। जबकि यह बहुत जरूरी है। जहां पर फुटपाथ हैं भी, वहां रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा कर रखा है। उन्हें वहां से हटाया जाना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही उनके लिए ऐसी जगह का इंतजाम करना चाहिए, ताकि किसी की रोजी-रोटी पर संकट न आए। सरकारों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि फुटपाथ पर रात के समय कोई भी गरीब न सोए।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

## जलवायु की फिक्र

मानव गतिविधियों, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस) के इस्तेमाल से पृथ्वी गर्म हो रही है। अंटार्कटिका के बाद यूरोप को अब तक सबसे ठंडा महाद्वीप समझा जाता था। मगर अब जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा शिकार यूरोप ही हो रहा है। फ्रांस भीषण गर्मी और पावर ग्रिड से जुड़ी चुनौतियों से जूझ रहा है, जबकि ब्रिटेन और स्पेन के कुछ हिस्सों में भी तापमान के सारे रिकार्ड टूट गए हैं। इतिहास में दर्ज किसी भी समय की तुलना में दुनिया अधिक तेजी से गर्म हो रही है। फ्रांस के आधे से ज्यादा इलाकों में मौसम की सबसे गंभीर चेतावनी जारी की गई है। दुनिया भर में तापमान जिस तरह बढ़ रहा है, उस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं ने न केवल आर्थिक, बल्कि मानवीय क्षति भी पहुंचाई है।

*– जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

दैनिक जागरण
कल्पना ही विचार का आधार है

# नागरिकता का प्रमाण

विदेश मंत्रालय के इस स्पष्टीकरण ने कि पासपोर्ट यात्रा का दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण नहीं, एक बहस को जन्म दे दिया है तो इसीलिए, क्योंकि आम धारणा यही थी कि पासपोर्ट नागरिकता का सबसे पुष्ट प्रमाण होता है। यह आम धारणा इसके बाद भी थी कि पासपोर्ट एक्ट ऐसा नहीं कहता। इस एक्ट के अनुसार विशेष परिस्थितियों में गैर-भारतीयों को भी पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। उच्च न्यायालयों ने भी यही निर्णय दिया है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है। विदेश मंत्रालय के स्पष्टीकरण के बाद इस पर बहस होना स्वाभाविक है कि यदि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है तो फिर क्या है? यह प्रश्न इसलिए भी सतह पर है, क्योंकि हाल में और विशेष रूप से कुछ राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के वक्त यह कहा गया कि आधार भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इसी तरह पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड इत्यादि भी नागरिकता के प्रमाण पत्र नहीं माने गए। यह सही है कि नागरिकता का निर्धारण सिटिजनशिप एक्ट के तहत होता है, लेकिन समस्या यह है कि देश के लोगों को किसी तरह का नागरिकता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता।

सिटिजनशिप एक्ट यह तो बताता है कि जन्म, वंश, देश में लंबी अवधि तक रहने और कुछ अन्य आधारों पर नागरिकता तय होती है, लेकिन अपने देश में अन्य देशों की तरह नागरिकता का कोई विशिष्ट प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता। विश्व के विकसित और यहां तक कि कई विकासशील देशों में यह काम किया जाता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इन देशों के लोगों को अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए तरह-तरह के दस्तावेजों का सहारा नहीं लेना पड़ता। चूंकि सिटिजनशिप एक्ट इसकी सिफारिश करता है कि भारत सरकार प्रत्येक नागरिक का अनिवार्य पंजीकरण कर सकती है, राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी कर सकती है और अपने नागरिकों का रजिस्टर यानी एनआरसी तैयार कर सकती है, इसलिए यह काम किया ही जाना चाहिए। हालांकि अतीत में नागरिकता प्रमाण पत्र के लिए एनआरसी लाने और आधार को एनआरसी से जोड़ने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ हो नहीं सका। इसके बाद नागरिकता कानून में संशोधन करने यानी सीएए बनाने के बाद एनआरसी की आवश्यकता जताई गई, लेकिन उसके खिलाफ दुष्प्रचार के तहत एक अभियान छेड़ दिया गया। इससे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर तैयार करने की पहल ठंडे बस्ते में चली गई। अभी तक केवल असम में नागरिक रजिस्टर तैयार किया जा सका है। उचित यह होगा कि शेष देश में भी ऐसा ही किया जाए और एनआरसी तैयार कर लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिए जाएं। यह पहल घुसपैठियों की पहचान करने के साथ कई अन्य समस्याओं का भी समाधान करेगी।

# वन्यजीवों की चिंता

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में वन्यजीवों की हत्या, शिकार और उनके अंगों की तस्करी लगातार एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। रांची में आयोजित वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की बैठक में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया, जो अत्यंत महत्वपूर्ण और समयानुकूल है। वन्यजीव अपराध अब केवल वन विभाग तक सीमित विषय नहीं रह गया है। इसके पीछे संगठित अपराध, अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क तथा अवैध वित्तीय लेनदेन भी जुड़े होते हैं। इसलिए ईडी, सीबीआइ, सीआइएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अपराधियों की वित्तीय जांच और उनकी संपत्ति का पता लगाने तथा तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने में ये एजेंसियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। झारखंड जैसे राज्य, जहां घने वन और समृद्ध वन्यजीव संपदा मौजूद है, वहां विशेष रणनीति की आवश्यकता है। हवाई, रेल और सड़क मार्गों के साथ-साथ डाक एवं कुरियर से होने वाली अवैध तस्करी पर प्रभावी निगरानी समय की मांग है। वन्यजीव केवल जैव विविधता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि प्रकृति के संतुलन और मानव जीवन की सुरक्षा के भी महत्वपूर्ण आधार हैं। इस संदर्भ में, सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

वन्यजीव केवल जैव विविधता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि प्रकृति के संतुलन और मानव जीवन की सुरक्षा के भी महत्वपूर्ण आधार हैं

# मोदी सरकार की प्राथमिकता में वंचित वर्ग



ए. सूर्यप्रकाश

**मोदी सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं कहीं न कहीं महिलाओं की मुश्किलों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं**

भारत की शासन व्यवस्था से परिचित लोग यह कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी सक्षम नेतृत्वकर्ता सिद्ध हुए हैं। उनके नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने अद्भुत प्रगति की है। बुनियादी ढांचे से लेकर गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास, स्वास्थ्य देखभाल, उद्योग, कृषि, विदेश नीति, रक्षा और डिजिटल इंडिया हो या सामाजिक क्षेत्र में हासिल उपलब्धियां इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इन्हीं उपलब्धियों के दम पर वे भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी सफलताओं की सूची को एक स्तंभ में समेटना बहुत मुश्किल है। ऐसे में सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू को रेखांकित करना ही सबसे उचित होगा, जिसने उनकी एक अलग पहचान बनाई। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही गरीब और हाशिए पर मौजूद वंचित वर्गों को अपनी प्राथमिकता बनाया और उनके उत्थान के लिए ऐसी योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतारा, जिससे इन वर्गों के जीवन की गुणवत्ता सुधरी है। उनके नेतृत्व में की गईं कई पहल संविधान के भाग चार में उल्लिखित राज्य नीति के नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत उन उद्देश्यों से ही प्रेरित हैं, जो कल्याणकारी राज्य बनाने और विशेष रूप से गरीबों के लिए जीवन को सुगम बनाने का प्रयास करती हैं।

मोदी की पहली क्रांतिकारी पहल थी प्रधानमंत्री जन धन योजना। इसने वित्तीय समावेशन में एक नई क्रांति की। इसका यह बिंदु और भी संतोषजनक है कि जनधन में 56 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं। इसने देश की आधी आबादी के लिए वित्तीय स्वतंत्रता की राह प्रशस्त की है। इसी क्रम में मोदी का अगला बड़ा विचार था स्वच्छ भारत मिशन। इसके अंतर्गत गरीब परिवारों को शौचालयों के निर्माण के लिए सब्सिडी प्रदान की गई। ऐसा ही एक कार्यक्रम रहा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों को सब्सिडी वाली रसोई गैस उपलब्ध कराना था। इस योजना के जरिये 10.5 करोड़ परिवार लाभार्थी बने हैं। यह सही है कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण सब्सिडी वाले सिलिंडरों की संख्या में कटौती की गई, लेकिन उम्मीद है कि जब पेट्रोलियम उत्पादों का प्रवाह सामान्य होगा, तो इसे बहाल किया जाएगा। हर घर नल से जल कार्यक्रम भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य सभी ग्रामीण परिवारों को पाइप से पानी की आपूर्ति करना है। अब तक 19 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 73 प्रतिशत के पास यह सुविधा पहुंचाई जा चुकी है। कोविड काल में संघर्ष कर रहे लोगों को सहारा देने के लिए आरंभ की गई मुफ्त राशन योजना भी 81 करोड़ लोगों का सहारा बन चुकी है। इस योजना ने मुश्किल वक्त में गृहिणियों के समक्ष चुनौतियों को विकराल नहीं होने दिया। इन सभी योजनाओं का मर्म समझें तो इनकी संकल्पना कहीं न कहीं महिलाओं की मुश्किलों को ध्यान में रखकर की गई। जैसे गरीब ग्रामीण परिवारों में महिलाओं को शौच के लिए घर से बाहर और अक्सर गांव से बाहर तक जाना पड़ता था। शौचालय की सुविधा से उन्हें बड़ी राहत मिली। चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठा करने के लिए दूर-दराज जाना पड़ता था और धुएं में खाना पकाना पड़ता था, लेकिन रसोई गैस से उनकी ये दुश्वारियां दूर होने के साथ ही भोजन पकाना भी कहीं आसान हो गया है। सरकार ने विधानसभाओं और संसद में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण के लिए कानून को आगे बढ़ाने की भली मंशा दिखाने के साथ ही सशस्त्र बलों में महिलाओं को स्थायी कमीशन दिया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित 17 महिला अधिकारियों का पहला बैच हाल ही में सशस्त्र बलों में कमीशन किया गया। महिलाओं के मुद्दों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का सबसे अच्छा उदाहरण 2017 में मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन और महिलाओं के लिए पहले दो बच्चों के लिए मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने का निर्णय रहा है। यह प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं की रोजगार और वेतन की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में यह कहना सर्वथा उचित होगा कि महिलाओं का सशक्तीकरण मोदी सरकार की नीतियों का आधार रहा है।



अवधेश राजपूत

इन योजनाओं को व्यापक संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो ये राज्य के नीति निदेशक तत्वों की अनुशंसाओं से प्रेरित हैं। जैसे कि संविधान का अनुच्छेद 42 उचित और मानवीय परिस्थितियों को सुनिश्चित करने और मातृत्व राहत प्रदान करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 43 एक निर्वाह योग्य पारिश्रमिक और सम्मानजनक जीवन स्तर सुनिश्चित करने का निर्देश देता है। वहीं, अनुच्छेद 47 राज्य को सभी नागरिकों के लिए विशेष रूप से पोषण के अपेक्षित स्तर को बढ़ाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का स्पष्ट निर्देश देता है। इसलिए, चाहे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की आपूर्ति हो, गरीबों और बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा, महिलाओं के लिए छह महीने का मातृत्व अवकाश, घरों में शौचालयों के निर्माण के लिए सब्सिडी या जन धन योजना हो, ये सभी संविधान द्वारा सुझाई गई राह के अनुरूप ही हैं।

विरोधियों की इस बात में कुछ तर्क हो सकता है कि प्रधानमंत्री देश में सामाजिक तनावों को पूरी तरह से सुलझा नहीं पाए हैं। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के रवैये को लेकर भी उनकी कुछ शिकायतें जायज हो सकती हैं। ये भी ऐसे गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर प्रधानमंत्री को समय के साथ ध्यान देना ही होगा। इसके बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों में उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों का उन्हें श्रेय न देना संकीर्ण मानसिकता का उदाहरण ही कहा जाएगा। उनके नेतृत्व में भारत के वैश्विक पटल पर बढ़ रहे मान-सम्मान को देखते हुए भी उनका अंधविरोध स्वयं कमजोर पड़ जाता है। भारत का सर्वांगीण विकास आज हर क्षेत्र में स्पष्ट दिख रहा है, जिसकी चाहकर भी अनदेखी नहीं की जा सकती। इस वास्तविकता को झुठलाने वाले लोग स्वयं को ही अंधकार में रखने पर तुले हैं। देश की जनता आज एक नए और विकसित भारत में जी रही है।

(लेखक लोकतांत्रिक विषयों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# बच्चों के सीखने का जरिया हैं खेल



सचिन तेंदुलकर

**खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह जीवन की तैयारी है, जिसकी आवश्यकता आज के दौर में और भी बढ़ गई है**

हर बचपन कुछ जानी-पहचानी आवाजों से गूंजता है। धूल भरे मैदानों पर गेंद के गिरने की धमक। तंग गलियों में दौड़ते बच्चों की हंसी। रस्सी कूदने की लय, कंचों की खनक और ढेर सारे गीत-कहानियां। खेल-खेल में बच्चों की दुनिया को समझना ही सीखने की प्रक्रिया की सबसे पहली शुरुआत है। मुझे याद है, जब मैं छोटा था, तो घंटों अपने कोच की देखरेख में खेला करता था। वे स्टंप्स पर एक रुपये का सिक्का रख देते थे और गेंदबाजों को मुझे आउट करने की चुनौती देते थे। अगर वे मुझे आउट कर देते, तो सिक्का उनका और अगर मैं नाबाद रहता, तो वह मेरा होता। वे सिक्के आज भी मेरी सबसे अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने मुझे एकाग्रता, धैर्य और खुद को बेहतर बनाने का दृढ़ संकल्प सिखाया। स्कोरबोर्ड, बड़े स्टेडियमों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में पहुंचने से बहुत पहले, मैंने खेल के जरिये ही सब कुछ सीखा। नेतृत्व को समझने से पहले मैंने टीम के साथ मिलकर काम करना सीखा। खेल में हारकर मैंने मुश्किलों से उबरना सीखा और बार-बार कोशिश करके आत्मविश्वास बढ़ाया।

दुनिया भर के लाखों बच्चों की तरह मैंने भी यह महसूस किया कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह खुद जीवन की तैयारी है। यूनिसेफ के साथ जुड़ने के बाद मुझे लगता है कि यह संदेश पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। आज पूरी दुनिया में बचपन बदल रहा है। खुले मैदान कम हो रहे हैं। पढ़ाई के बढ़ते बोझ और आनलाइन बिताए जाने वाले समय की वजह से बच्चों के लिए खुलकर खेलने, खुलकर कल्पना करने और आपस में मिलने-जुलने के अवसर कम होते जा रहे हैं। न्यूरोसाइंस और सीखने का विज्ञान पुष्टि करते हैं कि जब बच्चे खेलते हैं, तो वे जीवनभर के लिए सीखते हैं। खेल के जरिये वे भाषा सीखते हैं, अपनी एकाग्रता बढ़ाते हैं, भावनाओं पर काबू पाना सीखते हैं, समस्याओं को सुलझाने का अभ्यास करते हैं और दूसरों के साथ घुलना-मिलना सीखते हैं।

जीवन के पहले आठ साल मानव विकास के सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से हैं। इन वर्षों के दौरान



खेलों से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास। फाइल

मस्तिष्क का विकास जीवन के किसी भी अन्य चरण की तुलना में सबसे तेजी से होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के नर्चरिंग केयर फ्रेमवर्क के शोध से पता चलता है कि मस्तिष्क का 85 प्रतिशत से अधिक विकास छह साल की उम्र से पहले ही हो जाता है। यही शुरुआती साल शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुरक्षा, भाषा, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सामाजिक समझ की नींव रखते हैं। यही वे वर्ष हैं, जब बच्चों में सुनने, संवाद करने, ध्यान केंद्रित करने, याद रखने, तर्क करने और पढ़ने-लिखने और गणित की बुनियादी समझ जैसी महत्वपूर्ण क्षमताएं विकसित होती हैं। इसी दिशा में भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति छोटे बच्चों के लिए खेल-आधारित शिक्षा के महत्व को स्वीकार करती है।

जब गणित के जोड़ को कंचों के साथ खेल-खेल में सिखाया जाता है, तो वह मजेदार हो जाता है। इसी तरह, रोल-प्ले (नाट्य रूप) के जरिये भाषा और आत्मविश्वास बढ़ता है और अपने आसपास की दुनिया को देखकर आकृतियों और रंगों की समझ बेहतर होती है। गीत, कहानियां और शारीरिक गतिविधियां पाठों में जान डाल देती हैं, जिससे कक्षाएं जिज्ञासा, सहभागिता और सीखने के उत्साह से भरी जीवंत जगह बन जाती हैं। खेल-खेल में सीखने का सिलसिला स्कूल के बाद भी जारी रहता है-चाहे घर पर हो, गलियों में हो या खेल के मैदान में। इसके लिए महंगे खिलौनों या बड़े ढांचे की जरूरत नहीं होती। एक मां का बच्चे को खाना खिलाते हुए लोरी सुनाना, दादाजी का पेड़ के नीचे बैठकर कहानियां सुनाना, भाई-बहनों का घर की चीजों से नए खेल खेलना या पिता का अपने बच्चे के साथ टहलते हुए उसे पक्षियों, रंगों और आवाजों के बारे में बताना-ये सभी सीखने के अवसर हैं। इन पलों में बच्चे अपनी शब्दावली, एकाग्रता, याददाश्त, कल्पना और आपसी रिश्तों को मजबूत करते हैं। यही वह बुनियाद है, जिस पर आगे की शिक्षा टिकी होती है।

अगर हम चाहते हैं कि बच्चे सही मायने में विकसित हों, तो खेल को केवल एक विकल्प नहीं रहने दिया जा सकता। हमें इसे सुरक्षित रखना होगा, बढ़ावा देना होगा और हर बच्चे के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा-घर में भी और स्कूल में भी। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें बचपन को उसी रूप में देखना होगा, जैसा वह वास्तव में है। एक आनंदमय और कीमती पड़ाव, जिसे देखभाल, सुरक्षा और आगे बढ़ने के अवसरों की जरूरत है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसका जीवन खेलकूद के जरिये गहराई से संवरा है, मैं इसकी शक्ति को भलीभांति समझता हूं। आइए, हम सब मिलकर एक सचेत निर्णय लें। बच्चों को खेलने, नई चीजें खोजने और बस बच्चे बने रहने का समय, स्थान और भरोसा दें। ऐसा करके हम केवल बचपन को सुरक्षित ही नहीं करते, बल्कि हम सभी के लिए एक स्वस्थ, खुशहाल और उम्मीदों से भरे भविष्य का निर्माण करने में मदद करते हैं।

(प्रख्यात क्रिकेटर दक्षिण एशिया के लिए यूनिसेफ के क्षेत्रीय राजदूत भी हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### दान का मर्म

जीवन का मूल संकट अभाव नहीं, आसक्ति है। हमारे भीतर एक अदृश्य ममताग्रंथि होती है-'मेरा' का वह सूक्ष्म गांठदार भाव जो हर वस्तु, हर संबंध, हर उपलब्धि पर अपना स्वामित्व अंकित करना चाहता है। जब हम उस गांठ में से किसी को कुछ देते हैं, तब वास्तव में हम वस्तु का त्याग नहीं करते, अपितु उस गांठ को थोड़ा ढीला करते हैं। दान बाहरी क्रिया कम और भीतरी विमोचन अधिक है। दान किसी दूसरे के जीवन में प्रकाश जलाने से पहले स्वयं दाता के भीतर के अंधकार को क्षीण करता है। मनुष्य का अहंकार एक बंद मुट्ठी की तरह है। उसे भय रहता है कि यदि उसने खोल दिया तो सब खो देगा, परंतु अध्यात्म कहता है कि बंद मुट्ठी में केवल वस्तुएं बचती हैं, खुली हथेली में आकाश उतरता है।

संतों ने दान को पुण्य का व्यापार नहीं माना। यदि दान केवल स्वर्ग प्राप्ति का साधन है, तो वह अभी भी एक प्रकार का सौदा है। सच्चा दान वह है, जहां देने वाला धीरे-धीरे स्वयं को भूलने लगता है। दर्शन की दृष्टि से देखें तो देने का अर्थ है अपनी पृथकता के भ्रम को कम करना। जब मैं किसी और के लिए कुछ करता हूं, तब मैं अनकहे रूप में स्वीकार करता हूं कि उसका सुख मुझसे असंबद्ध नहीं है। अंततः, देने वाला कभी वही नहीं रहता, जो वह देने से पहले था। उसके हाथ से निकली वस्तु भले ही छोटी हो, पर उसके भीतर एक सूक्ष्म रूपांतरण घटित हो चुका होता है। वह थोड़ा कम स्वार्थी, थोड़ा कम भयभीत, थोड़ा कम संकुचित और थोड़ा अधिक विशाल हो जाता है। इसलिए दान का वास्तविक चमत्कार उस व्यक्ति में नहीं होता, जो उसे प्राप्त करता है, अपितु उस व्यक्ति में घटित होता है जो देता है, क्योंकि हर सच्चा दान वस्तु का नहीं, अहं का क्षय है। और अहं का क्षय ही आत्मा का उदय है।

ट्विंकल तोमर सिंह

# गांवों की सड़कों को मिलेगी पहचान

सुनीता मिश्रा

**देश में छह लाख से अधिक गांवों की सड़कों की कोई औपचारिक पहचान नहीं है**

केंद्र सरकार देश के प्रत्येक गांव की आंतरिक सड़कों और गलियों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में 'इंट्रा-विलेज रोड कोडिंग एंड ग्रेडिंग' व्यवस्था लागू करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रशासन, तेज आपातकालीन सेवाएं, मजबूत बुनियादी ढांचा और सटीक नेविगेशन सुनिश्चित करना है। देश में छह लाख से अधिक गांव हैं, जिनमें ऐसी सड़कें और रास्ते हैं जिनकी कोई औपचारिक पहचान नहीं है। परिणामस्वरूप एंबुलेंस, डाक सेवाएं, आपदा राहत दल, सरकारी सर्वेक्षण एजेंसियां और यहां तक कि डिजिटल नेविगेशन प्लेटफार्म भी कई बार सही स्थान तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। गांव के भीतर किसी घर, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य उपकेंद्र का पता बताना अक्सर स्थानीय लोगों की जानकारी पर निर्भर करता है।

जिस प्रकार शहरों में किसी सड़क का नाम और पता नागरिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है, उसी प्रकार गांवों को भी व्यवस्थित पते और मानकीकृत स्थान पहचान की आवश्यकता है। यह केवल प्रशासनिक सुविधा का विषय नहीं, बल्कि समान विकास और आधुनिक नागरिक सेवाओं तक समान पहुंच का प्रश्न भी है। हालांकि देश के लाखों गांवों में सड़कों का सर्वेक्षण, नामकरण और डिजिटल रिकार्ड तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कई स्थानों पर स्थानीय परंपराओं, सामाजिक समूहों और ऐतिहासिक संदर्भों के कारण सड़क नामकरण को लेकर मतभेद भी उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त पंचायतों को तकनीकी प्रशिक्षण देना और नियमित रूप से डाटा अपडेट करना भी आवश्यक होगा।

गांवों की सड़कों को पहचान देना वास्तव में ग्रामीण भारत को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का प्रयास है। इससे ग्राम पंचायतों के पास अपने क्षेत्र का अधिक सटीक डिजिटल नक्शा उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों, सरकारी संस्थानों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सार्वजनिक सुविधाओं का भू-स्थानिक डाटा भी अधिक व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो सकेगा। दुर्घटना, बीमारी या प्राकृतिक आपदा के समय एंबुलेंस, पुलिस और आपातकालीन सेवाएं बिना देरी के अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगी। डिजिटल पहचान मिलने से गांवों की कनेक्टिविटी और परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी। इससे परिवहन, ग्रामीण उद्योग और स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिल सकता है। जब प्रत्येक सड़क की एक विशिष्ट पहचान होगी, तब पंचायतों के लिए विकास कार्यों की योजना बनाना, सड़क मरम्मत की निगरानी करना और सार्वजनिक धन के उपयोग का बेहतर लेखा-जोखा रखना आसान हो जाएगा। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह गांवों को डिजिटल मानचित्र पर पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### दूरदर्शी जल प्रबंधन आवश्यक

आदित्य सिन्हा ने अपने आलेख 'भारी पड़ेगा मानसून का रूठना' में केवल वर्षा की अनिश्चितता का ही वर्णन नहीं किया, बल्कि भारत की विकास संरचना की कमजोरियों की ओर भी संकेत किया है। देश की कृषि, पेयजल व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आज भी मानसून पर अत्यधिक निर्भर हैं। ऐसे में वर्षा का कमजोर पड़ना केवल खेतों की समस्या नहीं, बल्कि महंगाई, रोजगार, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़ा राष्ट्रीय संकट बन जाता है। वास्तविक चिंता यह है कि दशकों से जल संकट की आशंका व्यक्त होने के बावजूद जल संरक्षण को सामाजिक आंदोलन नहीं बनाया जा सका। शहरों में तालाब और जलाशय समाप्त होते गए, जबकि गांवों में पारंपरिक जल संरचनाएं उपेक्षित रहीं। भूजल का अंधाधुंध दोहन स्थिति को और गंभीर बना रहा है। कई क्षेत्रों में किसान अब केवल मौसम नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से भी जूझ रहा है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कृषि नीति अभी तक जल उपलब्धता के अनुरूप फसल चयन को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं दे पाई है। कम पानी वाले क्षेत्रों में भी अधिक पानी की खपत वाली फसलें उगाई जा रही हैं। इससे संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। साथ ही, अनियोजित शहरीकरण ने वर्षा जल संचयन की प्राकृतिक व्यवस्था को कमजोर किया है। समाधान केवल अच्छी बारिश की प्रतीक्षा नहीं है। प्रत्येक जिले का जल बजट तैयार किया जाए, वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाया जाए, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा मिले तथा स्थानीय जलस्रोतों का पुनर्जीवन किया जाए। भारत को मानसून आधारित सोच से आगे बढ़कर जल-सुरक्षा आधारित विकास माडल अपनाना होगा। भविष्य की समृद्धि बादलों की कृपा नहीं, बल्कि दूरदर्शी जल प्रबंधन और जनभागीदारी पर निर्भर करेगी।

सुमन गुप्ता, परशुरामपुर (आजमगढ़)

### अग्नि त्रासदी से बचाव

अग्निकांड को रोकने का मूल उत्तर दायित्व फायर ब्रिगेड विभाग का है। यदि वह पूर्ण सतर्कता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करे तो आग लगने पर उसको तुरंत बुझाना संभव हो सकेगा। नियमानुसार हर मंजिल पर प्रत्येक 15 मीटर पर एक फायर सिलेंडर लगा होना चाहिए जो कि हर साल बदलना चाहिए। यदि लखनऊ अग्निकांड में यह अग्निशमन यंत्र सही ढंग से लगे होते तो आग पर जल्दी से काबू पा लिया गया होता और 15 जानें बच जातीं। आपातकाल में एक्जिट दरवाजे का प्रविधान अवश्य होना चाहिए, जो कि अंदर से सहजता से खुल सके। एक्जिट के बाहर रास्ता बिल्कुल साफ होना चाहिए, वहां कोई भी अड़ंगा नहीं होना चाहिए। छत पर जाने का रास्ता बंद तो होना चाहिए, पर आपात समय पर चाबी आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए। प्लास्टिक पेंट नहीं कराना चाहिए, क्योंकि वह आग बहुत जल्दी पकड़ता है। भवन निर्माण की अनुमति केवल उतनी मंजिल तक होनी चाहिए जहां तक आग बुझाने वाली गाड़ी पहुंच सके। हर कोचिंग सेंटर के गेट पर क्यूआर कोड लगे। स्कैन करें तो फायर एनओसी, एग्जिट रूट दिखे।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

### बेटियों के साथ बेहतर संवाद

पुणे के केतन अग्रवाल और इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस ने बदलते परिवेश में माता-पिता का अपनी बेटियों के साथ बेहतर संवाद, स्पष्ट बातचीत और दोस्ताना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। आज आधुनिक समाज में बेटियां पढ़ लिख आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उनका सोच, समझ निर्णय लेने की क्षमता और जीने का तरीका काफी हद तक बदल चुका है। माता-पिता का यह कर्तव्य बन जाता है कि वे अपनी बेटियों के साथ तालमेल बिठाएं, उन्हें सुनें, समझें और जरूरी मुद्दों पर बैठ खुलकर बातचीत करें। बेटियों पर दबाव बना, समाज में अपनी इज्जत बनाए रखने के लिए जबरदस्ती बेटियों की शादी करना कोई निवारण नहीं। अपनी इज्जत बचाने के चक्कर में, किसी दूसरे के परिवार के बेटे की निर्मम हत्या कर उन्हें बेऔलाद कर देना न उचित है, न न्यायपूर्ण और न ही कोई समाधान।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**50** करोड़ के आसपास वाट्सएप यूजर हैं भारत में। मौजूदा वक्त में वाट्सएप का सबसे बड़ा बाजार भारत है। दुनिया में वाट्सएप के भविष्य की दिशा काफी हद तक भारतीय उपभोक्ताओं के व्यवहार से तय होती है।

आजकल

# भारतीय के हाथ में वाट्सएप की कमान

मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग द्वारा भारतीय उद्यमी कुणाल शाह को इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़े मैसेजिंग प्लेटफार्म वाट्सएप का वैश्विक प्रमुख नियुक्त करना कोई छोटी बात नहीं है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल तकनीकी उत्पादों का उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक तकनीकी रणनीति का केंद्र भी है। आने वाले समय में वाट्सएप का भविष्य केवल संदेश भेजने का माध्यम नहीं रहेगा, बल्कि भुगतान, वाणिज्य, एआइ और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत मंच बनने की दिशा में भी आगे बढ़ सकता है



डा. संजय वर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर, बेनेट यूनिवर्सिटी, नोएडा



वाट्सएप की कमान भारतीय उद्यमी कुणाल शाह के हाथों में आना वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की बढ़ती बौद्धिक शक्ति का प्रतीक है। फाइल

इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़े मैसेजिंग प्लेटफार्म वाट्सएप की कमान अब भारतीय उद्यमी कुणाल शाह के हाथों में है। यह एक कारपोरेट नियुक्ति और भारतीय मेधा का सम्मान लगता है। साथ में वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की बढ़ती बौद्धिक और व्यावसायिक शक्ति का प्रतीक भी, लेकिन मेटा द्वारा क्रेड (सीआरईडी) में लगभग 90 करोड़ डालर का निवेश करना और साथ ही कुणाल शाह को वाट्सएप का वैश्विक प्रमुख नियुक्त करना कोई छोटी बात नहीं है। कई स्तरों पर यह परिघटना महत्वपूर्ण संकेत देती है। जैसे एक संकेत यह है कि भारत अब केवल तकनीकी उत्पादों का उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक तकनीकी रणनीति का केंद्र भी है। साथ ही यह भी कि आने वाले समय में वाट्सएप का भविष्य केवल संदेश भेजने का माध्यम नहीं रहेगा, बल्कि भुगतान, वाणिज्य, एआइ और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत मंच बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है, लेकिन मुद्दा इन उपलब्धियों से कहीं आगे का है।

**भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्वीकृति:** वैसे तो कुणाल शाह तकनीक, इंटरनेट और कारोबार की दुनिया के लिए कोई अनजाने शख्स नहीं हैं। भारतीय स्टार्टअप जगत में उन्होंने मिसालें कायम की है। फ्रीचार्ज से लेकर क्रेड तक उन्होंने ऐसे उत्पाद बनाए, जिन्होंने भारतीयों के डिजिटल व्यवहार को बदलने की कोशिश की है। उन्होंने केवल तकनीक नहीं बेची, बल्कि उपभोक्ता मनोविज्ञान को समझकर तकनीकी उत्पाद बनाए। यही कारण है कि मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने उन्हें 'बिल्डर मेंटैलिटी' वाला नेता बताया है। यह नियुक्ति भारत के लिए इसलिए भी गौरवपूर्ण है, क्योंकि मौजूदा वक्त में वाट्सएप का सबसे बड़ा बाजार भारत है। यहां इसके 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं और दुनिया में वाट्सएप के भविष्य की दिशा काफी हद तक भारतीय उपभोक्ताओं के व्यवहार से तय होती है। ऐसे में पहली बार किसी भारतीय का इस मंच के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्वीकार्यता का प्रमाण है।

लेकिन हर बड़ी उपलब्धि के साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी खड़े होते हैं। ये सवाल इसलिए भी जरूरी हैं, क्योंकि तकनीकी कंपनियों का असल अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि वे लोकतंत्र, गोपनीयता, सूचना, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करने की हैसियत में हैं। नीट परीक्षा के आयोजन का संदर्भ इसे स्पष्ट करता है, जहां हाल में भारत सरकार ने परीक्षा के आयोजन के पहले इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म- टेलीग्राम का संचालन देश में स्थगित कर दिया था। बहरहाल वाट्सएप की ताजा नियुक्ति के संबंध में सबसे पहला सवाल यह है कि आखिर मेटा ने कुणाल शाह को ही क्यों चुना? इसका उत्तर वाट्सएप की वर्तमान चुनौतियों में छिपा है। मैसेजिंग के क्षेत्र में वाट्सएप पहले ही दुनिया का सबसे बड़ा मंच है। उसके सामने अब उपयोगकर्ता बढ़ाने की नहीं, कमाई बढ़ाने की चुनौती है। विशेष रूप से डिजिटल भुगतान और वाणिज्य के क्षेत्र में वाट्सएप को अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। भारत में यूपीआइ क्रांति के बावजूद वाट्सएप-पे अभी भी फोन-पे और गूगल-पे जैसे प्लेटफार्मों से काफी पीछे है। यहीं पर कुणाल शाह का अनुभव महत्वपूर्ण हो जाता है। क्रेड ने भुगतान, ऋण, बीमा और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक विशिष्ट उपभोक्ता वर्ग तैयार किया। मेटा को शायद लगता है कि जिस व्यक्ति ने वित्तीय व्यवहार को उत्पाद में बदलने की क्षमता दिखाई है, वह वाट्सएप को भी मैसेजिंग सर्विस से आगे ले जाकर उसे एक व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम में बदल सकता है।

हालांकि यहीं से कुणाल शाह की नियुक्ति को लेकर थोड़ा संदेह होता है। सवाल यह नहीं है कि उद्यमशीलता के मामले में कुणाल शाह की क्षमता किसी से कम है। सवाल उनके द्वारा खड़ी की गई कंपनी-क्रेड के कारोबारी माडल को लेकर है। इस पर बहस होती रही है कि क्रेड ने ब्रांड और उपयोगकर्ता आधार तो बनाया, पर कमाई का स्पष्ट माडल लंबे समय तक दिखाई नहीं दिया। आलोचक सवाल उठाते रहे हैं कि क्या निवेशकों का विश्वास ही क्रेड की सबसे बड़ी पूंजी है या उसका व्यावसायिक आधार भी उतना ही मजबूत है। यह आलोचना पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती। स्टार्टअप जगत में मूल्यांकन और वास्तविक लाभ के बीच का अंतर अक्सर बहस का विषय रहा है। स्टार्टअप कंपनियां ऊंचे दावे करके फंडिंग तो जुटा लाती हैं, लेकिन कोई टिकाऊ कारोबारी माडल खड़ा करने में उनकी नाकामियां इतनी ज्यादा हैं कि निवेशक अब उनमें पूंजी झोंककर अपने हाथ नहीं जलाना चाहते। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी है कि आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था में केवल कमाई या लाभ ही सफलता का पैमाना नहीं है। उपयोगकर्ता व्यवहार, नेटवर्क प्रभाव, डाटा संरचना और भविष्य की संभावनाएं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बहुत संभव है कि मेटा ने कुणाल शाह में यही क्षमता देखी है।

**निजी आंकड़ों की गोपनीयता का सवाल:** दूसरा महत्वपूर्ण सवाल यूजर्स की गोपनीयता का है। वाट्सएप की सबसे बड़ी पहचान उसकी एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन व्यवस्था रही है। यानी उसके जरिये एक व्यक्ति से दूसरे तक जाने वाले संदेश इस तरह कूटबद्ध (एन्क्रिप्टेड) होते हैं कि कोई तीसरा शख्स उन्हें पढ़ नहीं सकता। यदि वाट्सएप भविष्य में भुगतान, विज्ञापन और वाणिज्य का बड़ा मंच बनता है, तो गोपनीयता और व्यावसायिक हितों के बीच संतुलन बनाए रखना और कठिन हो जाएगा। भारत में यह चिंता और भी बड़ी है, क्योंकि करोड़ों लोग अपनी निजी बातचीत, पारिवारिक संवाद और व्यावसायिक संचार के लिए वाट्सएप पर निर्भर हैं। ऐसे में कोई भी ऐसा कदम जो उपयोगकर्ता डाटा के दुरुपयोग की आशंका पैदा करे, विश्वास के संकट को जन्म दे सकता है। तीसरा सवाल लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का है। भारत सहित अनेक देशों में वाट्सएप सूचना और दुष्प्रचार दोनों का माध्यम रहा है। राजनीतिक और सामाजिक अफवाहों के प्रसार में वाट्सएप की भूमिका को लेकर गंभीर चिंताएं रही हैं। इस आशंका का ठोस जवाब वाट्सएप को निश्चित ही देना होगा कि खुद एक प्लेटफार्म के तौर पर वह कितना भरोसेमंद रह पाएगा और उसके ग्राहक (कंपनियां) क्या उसे किसी बेजा इस्तेमाल के लिए प्रेरित नहीं कर सकेंगे। कुणाल शाह के नेतृत्व में वाट्सएप को केवल व्यावसायिक सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी निर्वाह करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि मंच का उपयोग लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत करने के लिए हो, न कि गलत सूचना के प्रसार के लिए।

**भारतीय मेधा का बढ़ता प्रभाव :** एक समय था जब भारतीय पेशेवर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्रबंधन की भूमिका निभाते थे। अब भारतीय उद्यमी वैश्विक तकनीकी रणनीति तय कर रहे हैं। सुंदर पिचाई, सत्य नडेला और अरविंद कृष्णा के बाद कुणाल शाह का नाम उस नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है, जो केवल कारपोरेट प्रबंधन नहीं, बल्कि उत्पाद निर्माण और नवाचार की संस्कृति से आती है। यह नियुक्ति भारतीय युवाओं के लिए भी एक संदेश है। कुणाल शाह के पास न तो पारंपरिक इंजीनियरिंग डिग्री है और न ही प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान का तमगा। फिर भी उन्होंने विचार, जोखिम और निरंतर प्रयोग के बल पर वैश्विक मंच तक अपनी जगह बनाई, लेकिन इस प्रेरक कहानी को अंधभक्ति में बदल देना भी उचित नहीं होगा। भारत को केवल वैश्विक कंपनियों में भारतीय चेहरों पर गर्व करने के बजाय यह भी देखना होगा कि क्या भारत खुद ऐसी वैश्विक कंपनियां खड़ी कर पा रहा है। क्या हमारे स्टार्टअप केवल निवेश आकर्षित करने तक सीमित रहेंगे या वे स्थायी और लाभकारी संस्थान भी बनेंगे? क्या हम तकनीकी नवाचार में नेतृत्व करेंगे या केवल वैश्विक पूंजी के लिए प्रतिभा उपलब्ध कराते रहेंगे? कुणाल शाह की नियुक्ति इन सवालों को और प्रासंगिक बनाती है। आज जब दुनिया एआइ, डिजिटल भुगतान और डाटा अर्थव्यवस्था के नए युग में प्रवेश कर रही है, तब वाट्सएप का भविष्य केवल चैटिंग एप बने रहने में नहीं है। यह डिजिटल समाज की संरचना का प्रश्न भी है। कुणाल शाह के सामने चुनौती होगी कि वे व्यावसायिक विस्तार, उपयोगकर्ता विश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन कायम करें।

## नवाचार या डिजिटल संप्रभुता का निजीकरण

मेटा का क्रेड में 900 मिलियन डालर का निवेश और वाट्सएप में कुणाल शाह की नई भूमिका सिर्फ लीडरशिप की कहानी नहीं है, यह एक अहम भू-राजनीतिक संकेत है। बड़ी तकनीकी कंपनियां अब सिर्फ प्लेटफार्म नहीं खरीद रही हैं, बल्कि वे ग्लोबल साउथ कहे जाने वाले भारत जैसे देशों में पेमेंट सिस्टम, लोगों के व्यवहार का डाटा और भरोसे वाले पूरे इकोसिस्टम को खरीद रही हैं। इस नजरिए से देखें, तो भारत मेटा के लिए मैसेजिंग, फिनटेक, कामर्स और एआइ के मिलन की एक लाइव एक्सपेरिमेंटल सेंटर बन रहा है। असली सवाल यह नहीं है कि कुणाल शाह वाट्सएप-पे को कितना बड़ा बना सकते हैं। सवाल यह है कि क्या यह कदम 'प्लेटफार्म कैपिटलिज्म' के अगले दौर की शुरुआत है, जहां प्राइवेट प्लेटफार्म एक तरह के पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की तरह काम करने लगते हैं और यह तय करते हैं कि अरबों लोग कैसे बातचीत करते हैं, लेन-देन करते हैं और कैसे शासित-संचालित होते हैं। यूनिवर्सिटी, एड-टेक लीडर्स और पालिसी बनाने वालों के लिए यह एक चेतावनी है, क्योंकि हो सकता है कि आने वाले वक्त में शिक्षा, वित्त और संचार का भविष्य लोकतांत्रिक संस्थाओं के बजाय शायद कुछ चुनिंदा बहुराष्ट्रीय प्लेटफार्म तय करेंगे। ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या यह कोई नवाचार है या डिजिटल संप्रभुता का चुपचाप किया जा रहा निजीकरण?

खरी-खरी

## लोकतंत्र का स्थायी पता

श्याम यादव

पहले राजनीति में विचारधाराएं बदलना कठिन काम माना जाता था। अब दल बदलना भी उतना कठिन नहीं रह गया है। कई बार तो सुबह किसी दल के मंच से विचारधारा की मजबूती पर भाषण दिया जाता है और शाम तक वही नेता किसी दूसरे मंच पर नए संकल्प और नई प्रतिबद्धता की घोषणा करता दिखाई देता है। यह सब घोषणाएं और परिदृश्य कैमरे रिकार्ड करते रहते हैं, तालियां बजती रहती हैं और विचारधारा शायद कहीं चुपचाप यह सोचती रहती है कि उसका स्थायी पता आखिर है कहां। दल-बदल अब खबर नहीं रहा, राजनीतिक दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। प्रेस कांफ्रेंस होती है, स्वागत में भाषण दिया जाता और घोषणा की जाती है 'आज हमारे परिवार में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व का आगमन हुआ है।' चेहरे खिल उठते हैं, मालाएं पहनाई जाती हैं और तस्वीरें खिंच जाती हैं। कुछ महीने पहले तक जो व्यक्ति राजनीतिक विरोध का प्रतीक था, वह अचानक राजनीतिक संभावना बन जाता है।

राजनीतिक दल भी अब इस व्यवस्था के अभ्यस्त हो चुके हैं। कोई नेता आता है तो उसका स्वागत ऐसे होता है जैसे वर्षों से उसी क्षण की प्रतीक्षा थी। और जब वही नेता चला जाता है तो ऐसी खामोशी छा जाती है जैसे उसका कभी अस्तित्व ही नहीं था। राजनीति में याददाश्त भी बड़ी ही लचीली चीज है, ठीक राजनीति और राजनेताओं की तरह। कल तक जो बयान पोस्टरों पर छपे थे, वे आज खोजने पर भी नहीं मिलते। जो नेता कल तक विरोध का चेहरा था, वह आज अनुभव और दूरदर्शिता का प्रतीक बन जाता है। शब्द वही रहते हैं, केवल उनके अर्थ बदल जाते हैं।

इस पूरे इधर-उधर के खेल में यदि कोई सबसे अधिक स्थिर है तो वह मतदाता है। वही हर चुनाव में कतार में खड़ा होता है। कभी उम्मीद लेकर, कभी संदेह लेकर, लेकिन हर बार इस विश्वास के साथ कि शायद इस बार कुछ अलग होगा। बार-बार धोखा खाने के बावजूद वह फिर विश्वास करने पर विवश हो ही जाता है। राजनीति आगे बढ़ती रहती है, मतदाता समझने की कोशिश करता रहता है और लोकतंत्र अपनी चाल से चलता रहता है।

### पोस्ट



सिया गोयल में अपने मंगेतर केतन की हत्या करने की हिम्मत थी, लेकिन अपने मां-बाप से ये कहने की हिम्मत नहीं थी कि मुझे कोई और पसंद है? और ये कोई पहला मौका नहीं है। कुछ लड़कियों ने रिश्तों को विडियो गेम समझ लिया है।
रूबिका लियाकत@RubikaLiyaquat

धर्म के नाम पर फैल रहे अधर्म पर कलम से भी सशक्त प्रहार की आवश्यकता है। ऐसे आलेखों के शृंखलाबद्ध प्रकाशन की आवश्यकता है, जिससे जनमानस में 'रामभाव' जीवित और सुदृढ़ बना रह सके। कुछ लेखक इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं।
शास्त्री कौसलेंद्रदास@Kosalendradas

वेनेजुएला में भूकंप ने फिर याद दिलाया कि प्रकृति से बड़ा कोई नहीं। ऊंची-ऊंची इमारतें, आधुनिक तकनीक और विकास के दावे, प्रकृति के एक झटके के सामने बौने साबित हो जाते हैं। विकास जरूरी है, पर वह प्रकृति के विरुद्ध न हो। जब इंसान प्रकृति का संतुलन बिगाड़ता है, तो उसका मूल्य पूरी मानवता को चुकाना पड़ता है। अभी भी समय है, प्रकृति का सम्मान कीजिए, तभी विकास भी सुरक्षित रहेगा और भविष्य भी।
रमेश भट्ट@Rameshbhimtal

# सुशासन के जीवंत माडल बनें मंदिर



डा. मीना कुमारी
लोक नीति विश्लेषक

अयोध्या में श्रीराम मंदिर से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने केवल एक संस्थान की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि एक व्यापक बहस को जन्म दिया है। प्रश्न यह है कि जिस भारत ने मंदिरों, मठों, धर्मार्थ संस्थाओं और स्थानीय स्वशासी निकायों के संचालन की अत्यंत विकसित परंपरा विकसित की थी, क्या वह आज उन मूल सिद्धांतों को भूलता जा रहा है? यह बहस किसी एक मंदिर या किसी एक विवाद तक सीमित नहीं है। यह भारत की उस प्रशासनिक और नैतिक विरासत से जुड़ी है, जिसने सदियों तक सार्वजनिक संस्थाओं को जनविश्वास का केंद्र बनाए रखा। भारतीय इतिहास में मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं थे। वे समाज के आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक जीवन के केंद्र थे। दक्षिण भारत के चोल, पांड्य और विजयनगर काल में मंदिर स्थानीय अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े संस्थागत केंद्रों में गिने जाते थे। मंदिरों के पास भूमि होती थी, जिनसे आय प्राप्त होती थी। व्यापारी दान देते थे, राजा अनुदान देते थे और समाज उनका संरक्षण करता था। बदले में मंदिर केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं कराते थे, बल्कि विद्यालय चलाते थे, अन्नक्षेत्र संचालित करते थे, यात्रियों के लिए धर्मशालाएं बनवाते थे, जलाशयों का निर्माण कराते थे और अनेक सामाजिक सेवाओं का निर्वहन करते थे।

तमिलनाडु के उत्तिरमेरूर अभिलेख भारतीय प्रशासनिक इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं। नौवीं-दसवीं शताब्दी के इन अभिलेखों में स्थानीय समितियों के गठन, सदस्यों की पात्रता, कार्यकाल और जवाबदेही की विस्तृत व्यवस्था मिलती है। एक हजार वर्ष पूर्व भी सार्वजनिक संस्थाओं के संचालन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को महत्व दिया जाता था। किसी व्यक्ति पर वित्तीय अनियमितता का आरोप सिद्ध हो जाए तो उसे समिति में शामिल होने से वंचित किया जा सकता था। भारतीय राज्यचिंतन के महान ग्रंथ अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को गंभीर अपराध माना है। उन्होंने लिखा कि जिस प्रकार पानी में तैरती मछली कितना पानी पी गई, यह जानना कठिन होता है, उसी प्रकार अधिकारी द्वारा धन के दुरुपयोग को पकड़ना भी कठिन है। इसलिए कठोर निगरानी और नियमित लेखा परीक्षण आवश्यक हैं। यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना ढाई हजार वर्ष पूर्व था।




चढ़ावे की चोरी अस्वीकार्य। फाइल

राजपूताना की रियासतों में भी धार्मिक संस्थाओं के प्रशासन को लेकर उल्लेखनीय गंभीरता दिखाई देती है। मेवाड़ राज्य में देवस्थान विभाग मंदिरों और उनसे जुड़ी संपत्तियों का अभिलेखीकरण करता था। मंदिरों की भूमि, आय और व्यय पर निगरानी रखी जाती थी। यदि किसी महंत या प्रशासक पर दुरुपयोग का आरोप सिद्ध होता था तो राज्य हस्तक्षेप करता था। जयपुर, जोधपुर और बीकानेर जैसी रियासतों में भी मंदिरों की जागीरों तथा धर्मार्थ संपत्तियों का नियमित निरीक्षण होता था। कई मामलों में अधिकारों की वापसी, आर्थिक दंड और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे कदम उठाए गए। यह व्यवस्था इसलिए प्रभावी थी, क्योंकि धार्मिक प्रतिष्ठा को जवाबदेही से ऊपर नहीं माना जाता था। मंदिरों में आने वाले धन का उपयोग भी अत्यंत व्यवस्थित ढंग से होता था। दक्षिण भारत के अनेक मंदिरों में अन्नदान की स्थायी व्यवस्था थी। कुछ मंदिर वेद पाठशालाओं और उच्च शिक्षा संस्थानों को वित्तपोषित करते थे। तालाबों, कुओं, नहरों और सिंचाई प्रणालियों के निर्माण में मंदिरों की आय का उपयोग होता था। कई स्थानों पर मंदिर स्थानीय बैंक की तरह भी कार्य करते थे, जहां से कृषि और व्यापार के लिए ऋण दिए जाते थे। इस प्रकार मंदिर केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के केंद्र भी थे।

वर्तमान समय में यदि किसी संस्था का प्रशासन अपेक्षाकृत संगठित और बहुआयामी माना जाता है तो उसमें तिरुमला तिरुपति देवस्थानम का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्नदान और सामाजिक सेवा के अनेक कार्यक्रमों के कारण यह संस्था अक्सर सुशासन के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत की जाती है। गुजरात का सोमनाथ ट्रस्ट भी अपनी संस्थागत संरचना और सार्वजनिक गतिविधियों के कारण चर्चा में रहता है। हालांकि आज की कानूनी, आर्थिक और प्रशासनिक परिस्थितियां भिन्न हैं। फिर भी पारदर्शिता, लेखा परीक्षण और लोककल्याण जैसे मूल सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। राम मंदिर से जुड़े विवादों के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि आरोप सही हैं या गलत। उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या हमारे पास ऐसी संस्थागत व्यवस्था है, जो किसी भी आशंका का निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान कर सके? जनविश्वास केवल आस्था से नहीं, बल्कि जवाबदेही से निर्मित होता है। करोड़ों श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान के उपयोग की जानकारी सार्वजनिक होना, स्वतंत्र आडिट होना और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता होना किसी भी धार्मिक संस्था की विश्वसनीयता का आधार है।

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या पीएम मोदी को ईरान के पूर्व शीर्ष नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जाना चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

पाकिस्तान के साथ ट्रैक-2 वार्ता होना सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

मंदिर चोरी के लिए वे भी करते 'फिक्र',
जिन्हें सुहाता था नहीं कभी राम का जिक्र।
कभी राम का जिक्र पिता चलवाए गोली,
अब बेटे की 'फिक्र' लग रही साफ ठिठोली।
मुद्दा है संगीन वोट की भर लें बोरी,
भुना रहे अखिलेश आजकल मंदिर चोरी!
-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

# विश्व में भारत की बढ़ती साख

अल्पसंख्यकों के प्रति मोदी सरकार की बिना भेदभाव की नीति के चलते पिछले बारह वर्षों में मुस्लिम देशों के साथ भारत के संबंध अभूतपूर्व रूप से बेहतर हुए हैं



कौसर जहां
चेयरपर्सन, दिल्ली स्टेट हज कमेटी



मोदी सरकार के हज प्रबंधन का कायल सऊदी अरब। फाइल

सऊदी अरब में इस वर्ष के खितामहु मिस्क समारोह में भारत के हज मिशन को दो प्रतिष्ठित लब्बैकतुम अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। सऊदी हज मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले इन पुरस्कारों में भारत को बेस्ट हज कोआर्डिनेशन एंड कम्युनिकेशन श्रेणी में पहली बार यह सम्मान मिला है। यह भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो हज यात्री सेवाओं में उत्कृष्टता का प्रतीक है। यह पुरस्कार मिलना उस दुष्प्रचार का भी जवाब है जिसके तहत भारत में और भारत के बाहर कुछ ताकतें अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभाव का झूठा आरोप लगाती हैं। दरअसल हज प्रबंधन उसी मोदी मंत्र का परिणाम है, जिसमें 'तुष्टीकरण किसी का नहीं और संतुष्टीकरण सबका' ये समावेशी भाव निहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बारह वर्षों में बिना भेदभाव के सभी वर्गों, संप्रदायों और समस्त नागरिकों की समान चिंता की गई है। भारतीय हज मिशन के प्रयासों को सऊदी पक्ष द्वारा मान्यता मोदी जी के नेतृत्व और भारत की विश्वसनीयता पर एक और मुहर है।

हज प्रबंधन भारत और सऊदी अरब के बीच जीवंत सांस्कृतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने हज प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया है। हज कमेटी आफ इंडिया पोर्टल, हज सुविधा एप, ई-मेडिकल असिस्टेंस सिस्टम (ई-मासीहा), डिजिटल हेल्थ कार्ड, ई-लगेज प्री-टैगिंग जैसी सुविधाओं ने पारदर्शिता, सामर्थ्य और आराम सुनिश्चित किया है। महिलाओं के लिए मेहरम की अनिवार्यता समाप्त करना, 100 प्रतिशत आनलाइन रजिस्ट्रेशन और सऊदी नुसुक प्लेटफार्म के साथ एकीकरण ने यात्री अनुभव को क्रांतिकारी रूप से बेहतर बनाया है। विश्व में इतनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, भू-राजनीतिक तनाव और क्षेत्रीय अस्थिरता के बावजूद इस बार हज इतना बढ़िया हुआ। हज पूरी तरह से सफल रहा। बड़े पैमाने पर घटनारहित, बेहतर यात्री अनुभव वाला। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत व्यवस्था को जाता है।

दरअसल व्यवस्था एक दिन में नहीं बनती। मोदी जी ने बारह वर्षों में जो ठोस आधारशिला रखी है, उसके आधार पर भारत विकसित भारत की शानदार यात्रा की ओर बढ़ चला है। ऐसा भारत जहां हर नागरिक महफूज हो और प्रगति यात्रा में बराबर का भागीदार हो। अल्पसंख्यकों के प्रति बिना भेदभाव की नीति के चलते मुस्लिम देशों के साथ भारत के संबंध अभूतपूर्व रूप से बेहतर हुए हैं। हज के अलावा मुस्लिम वर्ग के लाभार्थियों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। हज सब्सिडी समाप्त कर उसके फंड को अल्पसंख्यक, विशेषकर मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा पर लगाया गया है। यह कदम सच्चे सशक्तीकरण की दिशा में है, न कि वोट बैंक की राजनीति। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूल, कालेज, हास्टल, स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास केंद्र बनाए गए हैं। स्कालरशिप्स फार माइनारिटी स्टूडेंट्स, सीखो और कमाओ, नई मंजिल और अपग्रेडिंग द स्किल्स आफ माइनारिटी यूथ जैसी योजनाओं ने लाखों युवाओं को लाभ पहुंचाया है।

मुस्लिम महिलाओं के सशक्तीकरण में तीन तलाक कानून एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने उन्हें सामाजिक न्याय दिलाया है। वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन के प्रयासों से लाखों गरीब मुसलमानों को लाभ होने की संभावना है। पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जन धन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी बढ़ी है। ये सभी प्रयास साबित करते हैं कि सबका साथ-सबका विकास वास्तव में मोदी गवर्नेंस का वह माडल है, जो पूरी दुनिया में अनुकरणीय है। इसकी वजह से ही प्रधानमंत्री मोदी को विश्व के कई देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है।

मोदी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण को अलग-थलग रखने के बजाय मुख्यधारा के विकास कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। सऊदी अरब द्वारा भारत को दो अवार्ड्स देना मात्र एक सम्मान नहीं, बल्कि मोदी सरकार की कुशल डिप्लोमेसी और प्रशासनिक क्षमता की भी पुष्टि है। हज मैनेजमेंट अब एआइ, रियल-टाइम मानिटरिंग और बेहतर एकीकरण की ओर बढ़ रहा है, जो विकसित भारत की दिशा में एक कदम है। बारह वर्षों में मोदी सरकार ने दिखाया है कि सच्चा कल्याण भेदभावरहित होता है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई हर नागरिक की चिंता समान रूप से की गई है। राम मंदिर, काशी-मथुरा, कुंभ व्यवस्था जैसी सांस्कृतिक पहलों के साथ-साथ हज को भी उतना ही महत्व मिल रहा है। करतारपुर को लेकर भी सरकार ने सर्वोच्च सम्मान का भाव प्रदर्शित करते हुए ठोस कदम उठाए हैं। यह समावेशी विकास का माडल है। मोदी जी के नेतृत्व में स्थापित इसी समावेशी ठोस नींव पर भारत आगे बढ़ रहा है। हर भारतीय नागरिक चाहे किसी भी वर्ग या संप्रदाय का हो। महसूस कर रहा है कि वह देश की प्रगति का बराबर का हिस्सेदार है।

### भीम एप के जरिये लेनदेन तीन 11 महीनों में तीन गुना हुआ

**हैदराबाद:** भीम पेमेंट्स एप के जरिये लेनदेन की मात्रा जून 2025 से मई 2026 के बीच तीन गुना से अधिक हो गई। एनबीएसएल द्वारा विकसित इस प्लेटफार्म पर मासिक लेनदेन जून 2025 में 7.96 करोड़ से बढ़कर मई 2026 में 24.4 करोड़ हो गया। मई 2026 में इस प्लेटफार्म पर कुल 26,952 करोड़ रुपये के लेनदेन हुए। एनबीएसएल की एमडी ललिता नटराज ने कहा कि बढ़ता भुगतान यह दर्शाता है कि डिजिटल भुगतान का तेजी से इस्तेमाल बढ़ रहा है। (प्रेट्र)



कंपनी साल की दूसरी छमाही में मांग में सुधार को उम्मीद बनाए हुए है और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और इनपुट कास्ट में वृद्धि जैसे चुनौतियों के बावजूद त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है।
**– सुनील नय्यर, प्रबंध निदेशक, सोनी इंडिया**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 77,100.47 | ▲ | 109.25 |
| निफ्टी | 24,056 | ▲ | 34.35 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,45,300 | ▼ | ₹ 2,800 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,26,000 | ▼ | ₹ 5,000 |
| डालर | ₹ 94.45 | ▼ | ₹ 0.10 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 72.81 | | |

# भारत में 48 अरब डालर का निवेश करेगी एमेजोन

## पीएम मोदी से मिले कंपनी के सीईओ, एआइ-क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगी 13 अरब डालर का निवेश

- जेसी बोले-कंपनी का भारत में कारोबार मजबूत वृद्धि की राह पर
- भारत के प्रति एमेजोन की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** एमेजोन ने 2030 तक देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 13 अरब डालर का निवेश करने का एलान किया है। इस तरह 2026 से 2030 के बीच देश में उसका कुल निवेश 48 अरब डालर हो जाएगा। इसके साथ ही, 2010 और 2030 के बीच भारत में एमेजोन का कुल निवेश 88 अरब डालर से ज्यादा हो जाएगा। नए निवेश का एलान दिग्गज ई-कामर्स कंपनी के सीईओ एंडी जेसी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद किया। कंपनी का दावा है कि नए निवेश के एलान के बाद एमेजोन भारत में एआइ और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाली सबसे बड़ी वैश्विक कंपनियों में से एक बन गई है।

एमेजोन ने पिछले दशक में भारत में भारी निवेश किया है। कंपनी ने लाजिस्टिक्स नेटवर्क, टेक्नोलाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल सर्विसेज का निर्माण किया है ताकि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी इकोनमी में अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर सके। जैसी ने भारत के प्रति एमेजोन की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि कंपनी का भारत में कारोबार मजबूत वृद्धि की राह पर है। ग्राहकों की मांग जबरदस्त है, खासकर ई-कामर्स और एमेजोन वेब सर्विसेज (क्लाउड कंप्यूटिंग यूनिट) में। प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर शेयर करते हुए जेसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें भारत में एमेजोन के भविष्य के बारे में हुई बातचीत बहुत पसंद आई।



नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करते दिग्गज ई-कामर्स कंपनी एमेजोन के सीईओ एंडी जेसी ● प्रेट्र

"मिस्टर एंडी जेसी के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। मैं भारत में एमेजोन के रिकार्ड 48 अरब डालर के निवेश का स्वागत करता हूं। इससे हमारे युवाओं के लिए नए मौके पैदा होंगे। यह भारत में निवेश करने के लिए दुनियाभर में बढ़ती दिलचस्पी को भी दिखाता है।
**-नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

हम एक दशक से ज्यादा समय से भारत में ग्राहकों, सेलर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और एंटरप्राइजेज को सर्विस दे रहे हैं और अभी तो बस शुरुआत हुई है। आगे जो होने वाला है, उसे लेकर उत्साहित हूं। हम जो कुछ भी बना सकते हैं, उसके लिए अभी तो शुरुआती दिन हैं।
**-एंडी जेसी**, सीईओ, एमेजोन"

### कई अन्य कंपनियां भी कर चुकी हैं निवेश का एलान

**नई दिल्ली, जेएनएन:** जब दुनिया व्यापार संकट और पश्चिम एशिया संघर्ष से जूझ रही तो वैश्विक कंपनियां भारत में नए निवेश की तैयारी कर रही थीं। इसी साल 16 फरवरी को गूगल ने 15 अरब डालर के निवेश का एलान किया था। हाल ही में आस्ट्रेलियाई की एयर ट्रंक ने 2030 तक पांच गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता बनाने के लिए 30 अरब डालर के निवेश की योजना की घोषणा की। कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और हाइपरस्केल के डेटा सेंटर क्षमता को बढ़ाने के लिए 7000 करोड़ के निवेश का वादा किया है।

## चांदी छह तो सोना तीन माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। सोना 2,800 रुपये गिरकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। चांदी 5,000 रुपये गिरकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम के छह महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमतें 24 दिसंबर, 2025 को लगभग इसी स्तर (2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम) के आसपास थीं।

जानकारों का कहना है कि डालर के मजबूत होने से निवेशकों की इन कीमती धातुओं में दिलचस्पी कम हुई है, जिससे कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। कीमती धातुओं में यह कमजोरी विदेशी बाजारों में भी दिखी, जहां हाजिर सोना नवंबर, 2025 के बाद पहली बार 4,000 डालर प्रति औंस के अहम स्तर से नीचे आ गया। पीली धातु (सोना) 21.15 डालर या 0.53 प्रतिशत गिरकर 3,978.06 डालर प्रति औंस पर आ गई। पिछले साल छह नवंबर को भी कीमतें इसी स्तर 3,977.15 डालर प्रति औंस पर थीं।

# प्रतिद्वंद्वी देशों से कम शुल्क पर ही अमेरिका से डील



लंदन में आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम ब्रिटेन-इंडिया वीक को संबोधित करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ● प्रेट्र

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत व अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अंतिम चरण में है, लेकिन व्यापार समझौते पर अमल तभी संभव है जब अमेरिका के बाजार में भारत को अपने प्रतिद्वंद्वी देशों पर शुल्क के मामले में बढ़त हासिल हो। लंदन में आयोजित एक बिजनेस फोरम के कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि भारत व अमेरिका के बीच गत फरवरी में ही व्यापार समझौते को लेकर सहमति बन चुकी थी। उन्होंने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ ऐसे फ्रेमवर्क में व्यापार समझौता नहीं करेगा, जिसमें भारत को प्रतिद्वंद्वी देशों पर लगने वाले शुल्क में बढ़त नहीं हो। यानी कि अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम, मलेशिया, कंबोडिया, बांग्लादेश जैसे देशों की वस्तुओं से कम शुल्क होना चाहिए। तभी भारतीय वस्तु इन देशों की वस्तुओं के मुकाबले सस्ती होंगी और अमेरिका के बाजार में उनकी बिक्री बढ़ेगी जिससे भारतीय निर्यात को बल मिलेगा।

पिछले एक साल से भी अधिक समय से अमेरिकी शुल्क में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय निर्यात का सबसे बड़ा बाजार अमेरिका बना हुआ है। गत वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने अमेरिका में 85 अरब डालर से अधिक का निर्यात किया। फिलहाल अमेरिका के बाजार में वहां के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सभी देशों पर 10 प्रतिशत का शुल्क है, जिसकी अवधि आगामी 24 जुलाई को समाप्त हो रही है। इस अवधि तक अमेरिकी सरकार विभिन्न देशों पर अलग से कोई शुल्क नहीं लगाती है तो पिछले साल अप्रैल से पहले अमेरिकी बाजार में लगने वाले शुल्क ही रह जाएंगे।

जानकारों का यह भी कहना है कि भारत व्यापार समझौते पर अमल से पहले अमेरिका से यह भी आश्वासन चाहता है कि भविष्य में अमेरिका कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर से पहले अमेरिका भी भारतीय बाजार में अपनी अधिक से अधिक वस्तुओं के लिए शुल्क में रियायत चाहेगा।

### ब्रिटेन के साथ एफटीए अब तक का सबसे व्यापक समझौता

**लंदन, प्रेट्र:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अब तक का सबसे व्यापक समझौता है और इससे मिलने वाले आर्थिक फायदों की कोई सीमा नहीं है। गोयल तीन दिन के दौरे पर लंदन पहुंचे हैं। वे भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) को लागू करने की दोनों देशों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। यह समझौता 15 जुलाई से लागू होगा। अपने दौरे की शुरुआत में इंडिया ग्लोबल फोरम ब्रिटेन-इंडिया वीक को संबोधित करते हुए, मंत्री ने दोनों देशों के कारोबारियों से कहा कि वे "इस मौके का फायदा उठाएं" और सीईटीए के दम पर सालाना 48 अरब पौंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को और आगे बढ़ाएं।

## एक नजर में

### मई में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 134 करोड़ हुई

**नई दिल्ली:** मई में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 134.3 करोड़ हो गई। एयरटेल ग्राहक आधार बढ़ाने में सबसे आगे रही और उसने अप्रैल में 29.8 लाख ग्राहक जोड़े, जिसमें मोबाइल सेगमेंट में 29.26 लाख और फिक्स्ड लाइन में 53,809 ग्राहक शामिल थे। इसके बाद रिलायंस जियो का नंबर रहा, जिसने 22.55 लाख नए ग्राहक जोड़े। इसमें मोबाइल सेगमेंट में 21.54 लाख और फिक्स्ड लाइन सेगमेंट में 1.01 लाख ग्राहक शामिल थे। (प्रेट्र)

### सेबी ने 5,500 से ज्यादा शिकायतें निपटाईं

**नई दिल्ली:** सेबी ने गुरुवार को बताया कि उसने मई में अपने आनलाइन शिकायत निवारण प्लेटफार्म स्कोर्स के जरिये निवेशकों की 5,500 से ज्यादा शिकायतों का निपटारा किया है। मई के आखिर तक स्कोर्स पर 10 शिकायतें तीन महीने से ज्यादा समय से लंबित हैं। नियामक के शिकायत प्लेटफार्म को मई 4,918 नई शिकायतें मिलीं, जबकि इस दौरान 5,548 शिकायतों का समाधान किया गया। (प्रेट्र)

### अनिल अंबानी ने दिवाला कार्यवाही को चुनौती दी

**नई दिल्ली:** उद्योगपति अनिल अंबानी ने अपने खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही को एनसीएलएटी में चुनौती दी है। यह कार्यवाही भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दायर याचिका के आधार पर एनसीएलटी ने शुरू की थी। यह मामला उनकी समूह कंपनियों रिलायंस कम्युनिकेशंस और रिलायंस इन्फ्राटेल लिमिटेड द्वारा ऋण के भुगतान में चूक से जुड़ा है। अनिल अंबानी इन ऋणों के लिए व्यक्तिगत गारंटर थे। बैंक ने दावा किया कि एक मार्च, 2019 तक 853.25 करोड़ रुपये का ऋण बकाया था, जो अंबानी द्वारा दी गई व्यक्तिगत गारंटी से जुड़ा है। (प्रेट्र)

# टोरेंट गैस सहित तीन कंपनियों को आइपीओ की मंजूरी मिली



- सत्य एजेंसीज का आइपीओ के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य
- मनोहर इलेक्ट्रिकल्स निवेशकों को जारी करेगी 300 करोड़ रुपये के नए शेयर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स रिटेलर सत्य एजेंसीज, ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी मनोहर इलेक्ट्रिकल्स और टोरेंट गैस को आइपीओ के जरिये फंड जुटाने की सेबी से मंजूरी मिल गई है।

ड्राफ्ट दस्तावेजों के अनुसार, सत्य एजेंसीज आइपीओ के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है। इसमें 300 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी करेंगे जबकि प्रमोटरों द्वारा 300 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। तमिलनाडु की यह कंपनी आइपीओ से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कर्ज को चुकाने में करेगी। मनोहर इलेक्ट्रिकलस के प्रस्तावित आइपीओ में 300 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी करने के साथ ही प्रमोटर 'के संस फैमिली ट्रस्ट' द्वारा 1.45 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी नए इश्यू से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कारोबार बढ़ाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगी। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में काम करने वाली टोरेंट गैस ने गोपनीय तरीके से सेबी के पास आइपीओ दस्तावेज जमा किए हैं।

# बड़े प्रोजेक्टों की लागत 5.40 लाख करोड़ बढ़ी



- 1,987 इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की मूल लागत 37.09 लाख करोड़ रुपये थी
- इन प्रोजेक्ट्स पर अब तक कुल 21.82 लाख करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की कुल लागत में लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 17 केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के तहत चल रहे कुल 1,987 इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की निगरानी की गई और पाया गया कि उनकी कुल लागत बढ़कर 42.50 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि मूल लागत 37.09 लाख करोड़ रुपये थी। इन प्रोजेक्ट्स पर अब तक कुल 21.82 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जो संशोधित प्रोजेक्ट लागत का लगभग 51.34 प्रतिशत है।

बड़ी संख्या में प्रोजेक्ट्स एडवांस स्टेज में है। 817 परियोजनाओं में 80 प्रतिशत (41%) से ज्यादा काम हो चुका है। ट्रांसपोर्ट और लाजिस्टिक्स सेक्टर में सबसे ज्यादा (1,476) प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जिनकी संशोधित लागत 23.50 लाख करोड़ रुपये है। चल रहे कुल 1,987 इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में से 813 मेगा प्रोजेक्ट्स (1,000 करोड़ रुपये और उससे ज्यादा लागत वाले) हैं, जिनकी मूल लागत 31.58 लाख करोड़ रुपये है। 1,174 बड़े प्रोजेक्ट्स (150 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये तक) की मूल लागत 5.52 लाख करोड़ रुपये है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पास सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स (1,149 प्रोजेक्ट्स या 58 प्रतिशत) हैं और कुल संशोधित प्रोजेक्ट लागत में इसकी हिस्सेदारी 10.95 लाख करोड़ रुपये (26 प्रतिशत) है। रेल मंत्रालय 261 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है, जिनकी कुल संशोधित लागत 8.79 लाख करोड़ रुपये है। कोयला मंत्रालय 121 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है, जिनकी कुल संशोधित लागत 2.23 लाख करोड़ रुपये है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# तेल के दाम ईरान युद्ध से पहले के स्तर पर

- ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 72-73 डालर प्रति बैरल हुई
- कीमतों में गिरावट के बावजूद खुदरा दाम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गई है। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डालर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डालर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद गुरुवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

भारत जो कच्चा तेल खरीदता है, उसकी कीमत ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले से एक दिन पहले 27 फरवरी को औसतन 71.17 डालर प्रति बैरल थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के अनुसार, 24 जून को भारत में आयातित होने वाले कच्चे तेल की औसत कीमत 70.71 डालर प्रति बैरल थी। जून महीने के लिए, कच्चे तेल की औसत कीमत 86.31 डालर प्रति बैरल रही, जबकि फरवरी, 2026 में यह औसत 72.47 डालर प्रति बैरल थी। यह गिरावट होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही सामान्य होने के बाद हुई है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस जलमार्ग से कम से कम दो करोड़ बैरल तेल गुजरा है। अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक हाल के उच्चतम स्तर से नीचे बनी रहती हैं, ईंधन बेचने वाली कंपनियों और सरकार पर यह दबाव बढ़ सकता है कि वे कुछ फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं।

### प्रति बैरल 10 डालर की गिरावट से बचेंगे अरबों रुपये

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में तेल की कीमतों में प्रति बैरल 10 डालर की गिरावट का मतलब है कि उसके आयात बिल में सालाना अरबों डालर की बचत होगी और इससे चालू खाते के घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक हाल के उच्चतम स्तर से नीचे बनी रहती हैं, ईंधन बेचने वाली कंपनियों और सरकार पर यह दबाव बढ़ सकता है कि वे कुछ फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। ईंधन की कम कीमतें महंगाई के दबाव को और कम कर सकती हैं।



## तेल और गैस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर ईरान-भारत सहमत

**जाब्यू, नई दिल्ली :** भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से बुधवार को ईरान के पेट्रोलियम मंत्री मोहसिन पाकनेजाद से मुलाकात की। यह बैठक 11वीं ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के दौरान गुरुग्राम में हुई। दोनों पक्षों ने तेल, गैस और ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की और तेहरान-नई दिल्ली के बीच ऊर्जा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर विमर्श किया।

बैठक में ईरान से तेल खरीदने के मुद्दे पर भी बात हुई। हालांकि भारत सरकार के सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में कोई फैसला पूरी तरह वाणिज्यिक आधार पर लिया जाएगा। भारत कभी ईरान से काफी बड़ी मात्रा में तेल आयात करता था। वर्ष 2018-19 में ईरानी कच्चा तेल भारत के कुल तेल आयात का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा था।

# नौ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 19% बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** देश के नौ प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 1,12,458 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता में कुल 94,864 घरों की बिक्री हुई थी। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण कंपनी प्रापइक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-जून 2025-26 के दौरान नई आवासीय परियोजनाओं की आपूर्ति भी सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 1,17,609 इकाई हो गई।

प्रापइक्विटी के संस्थापक समीर जसूजा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय आवास बाजार मजबूत बना हुआ है। दक्षिण भारत के बाजार वृद्धि में अग्रणी रहे हैं, जबकि मुंबई और नवी मुंबई में भी मांग मजबूत रही है। हालांकि, ठाणे और दिल्ली-एनसीआर जैसे कुछ क्षेत्रों में गतिविधियां अपेक्षाकृत नरम रही हैं, लेकिन कुल मिलाकर बाजार धारणा सकारात्मक बनी हुई है। बेंगलुरु में आवास बिक्री बढ़कर 21,516 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 14,676 इकाई थी। चेन्नई में बिक्री 5,354 इकाई से बढ़कर 6,323 इकाई और हैदराबाद में 11,815 इकाई से बढ़कर 14,410 इकाई हो गई।




**वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय आवास बाजार मजबूत, दक्षिण भारत का मार्केट वृद्धि में रहा अग्रणी**

### रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश में 23% की वृद्धि

जनवरी से जून के दौरान घरेलू निवेशकों से बेहतर निवेश मिलने के चलते रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 23 प्रतिशत बढ़कर 4.3 अरब डालर हो गया। पिछले साल इसी अवधि में यह निवेश 3.51 अरब डालर था। रियल एस्टेट कंसल्टेंट जेएलएल ने बताया कि जनवरी-जून 2026 में घरेलू कंपनियों से संस्थागत निवेश 2.8 अरब डालर रहा, जो साल-दर-साल 165% की वृद्धि है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रा में उतार-चढ़ाव व बढ़ती महंगाई से विदेशी संस्थागत निवेश में 37% की गिरावट आई। 2026 की पहली छमाही में औसत सौदे का आकार 40 प्रतिशत घटकर आठ करोड़ डालर रह गया।

## राष्ट्रीय फलक

# आंध्र प्रदेश में शुरू हुई देश की पहली निजी सोने की खदान

- 405 करोड़ रुपये की लागत से जोन्नागिरी खदान शुरू
- सालाना एक हजार किलो सोने के उत्पादन की उम्मीद

**जोन्नागिरी, प्रेट्र:** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के जोन्नागिरी में सोने की खदान शुरू हो गई है। यह स्वतंत्रता के बाद से देश की पहली निजी क्षेत्र की खदान बताई जा रही है, जिससे व्यावसायिक खनन और उत्पादन की शुरुआत की गई है। 405 करोड़ रुपये की लागत वाली सोने की खनन व प्रसंस्करण परियोजना का उद्घाटन बुधवार को किया गया।

आमुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ मिलकर इस परियोजना का उद्घाटन करने वाले लायड्स मेटल्स एंड एनर्जी के चेयरमैन बी प्रभाकरण ने गुरुवार को कहा, यह परियोजना घरेलू सोने के उत्पादन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी। जोन्नागिरी की खदान भारत के स्वर्ण खनन उद्योग के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। दशकों से भारत सोने का बड़ा उपभोक्ता बना हुआ है। आयात पर भारी निर्भरता है।" प्रभाकरण ने कहा, यह खदान देश की आयात पर निर्भरता को कम करेगी और मेड इन इंडिया" के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

कुरनूल जिले में स्थित यह परियोजना जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लायड्स मेटल्स एंड एनर्जी व त्रिवेणी ग्रुप के सहयोग से विकसित की गई है। सालाना एक हजार किग्रा तक सोने का उत्पादन होने की उम्मीद है। 598 हेक्टेयर में फैली इस खदान में 400 करोड़ का निवेश किया गया है। जोन्नागिरी में सोने की खदान शुरू होने से देश में स्वर्ण उत्पादन के मामले में कर्नाटक की सरकारी हुट्टी खदानों का एकाधिकार टूट गया है।

# होमबायर्स से धोखाधड़ी मामले में बिल्डर फर्म और निदेशक के खिलाफ 12वीं चार्जशीट

- डीसेंट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड व निदेशक का नाम शामिल
- यह मामला ग्रेटर नोएडा में आवासीय परियोजना से संबंधित है

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** सीबीआइ ने होमबायर्स के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से संबंधित मामलों की श्रृंखला में अपना 12वां आरोप पत्र दायर किया है। इसमें एम/एस डीसेंट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और कंपनी के निदेशक का नाम शामिल है। यह मामला ग्रेटर नोएडा में एक आवासीय परियोजना से संबंधित है।

सीबीआइ के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि आरोपित कंपनी और उसके निदेशक ने आपराधिक साजिश के तहत अनजान होमबायर्स और निवेशकों को झूठे आश्वासनों, भ्रामक दावों और धोखाधड़ी वाले वादों के माध्यम से लुभाया। सीबीआइ ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने खरीदारों से धन को बेईमानी से एकत्र किया, जबकि वादों को पूरा करने में असफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ितों को भारी नुकसान हुआ और आरोपितों को भरपूर लाभ मिला। सीबीआइ ने कहा है कि उसने जांच के दौरान पर्याप्त सबूत एकत्र किए हैं। इन निष्कर्षों के आधार पर चार्जशीट को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत सक्षम न्यायालय में दायर किया गया है।

इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित धाराएं शामिल हैं। जांच एजेंसी वर्तमान में 37 समान मामलों की जांच कर रही है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद दर्ज किए गए हैं। ये मामले विभिन्न बिल्डर फर्मों और देशभर में वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों से संबंधित हैं और इनमें होमबायर्स को प्रभावित करने वाले धोखाधड़ी, धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। इससे पहले, सीबीआइ ने कई रियल एस्टेट कंपनियों और उनके निदेशकों और कुछ बैंक अधिकारियों के खिलाफ 11 चार्जशीट दायर की थीं।

इनमें रुद्र बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्रा. लि, ड्रीम प्रोकान प्रा लि, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्रा. लि, सीएचडी डेवलपर्स प्रा. लि, सीकेवेल बिल्डकान प्रा. लि, लाजिक्स सिटी डेवलपर्स प्रा. लि, मंजू जे. होम्स इंडिया लि, शुभकामना बिल्डटेक प्रा. लि और नाइनेक्स डेवलपर्स लि शामिल हैं। जांच एजेंसी ने होमबायर्स और आम जनता को प्रभावित करने वाले आर्थिक अपराधों में जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# अमेरिका ने दिलाया भरोसा, एआइ तक पहुंच मिलने के बाद रोका नहीं जाएगा

- भारतीय सचिव बोले, ग्लोबल इकानमी को सप्लाई के स्रोतों की जरूरत

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** अमेरिका ने भारत को भरोसा दिलाया है कि एक बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) टेक्नोलाजी तक पहुंच मिलने के बाद इसे रोका नहीं जाएगा।

एक भारतीय अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली का मानना है कि इस सेक्टर में अभी और नवाचार की जरूरत है और इसे विनियमित करने का समय नहीं आया है। इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने पैक्स सिलिका समिट के दौरान पत्रकारों से कहा कि अमेरिकी अधिकारी एंथ्रोपिक और माइथोस जैसे एआइ माडल के संभावित इस्तेमाल और उनके असर को लेकर चिंतित थे। कृष्णन ने बुधवार को अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी आफ स्टेट जैकब हेलबर्ग से मुलाकात की। हेलबर्ग पैक्स सिलिका पहल को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसका मकसद क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ के क्षेत्र में वैकल्पिक सप्लाई चेन सुनिश्चित करना है। इस पर अभी चीन का दबदबा है।



एस. कृष्णन। फाइल

कृष्णन ने कहा, "एआइ माडल को लेकर अमेरिका की मुख्य चिंता यह है कि इनका इस्तेमाल कैसे हो सकता है और क्या असर हो सकता है। वे इन्हें जारी करने से पहले एक इंटरनल रिव्यू सिस्टम पर विचार कर रहे थे।।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# वेनेजुएला का दर्द

वेनेजुएला में आए भूकंप ने न केवल भारी तबाही मचाई है, बल्कि वैज्ञानिकों और नगर नियोजकों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। आम तौर पर एक बड़े झटके के पहले या बाद में छोटे झटके आते हैं, पर इस बार वेनेजुएला में पहला झटका 7.2 और दूसरा 7.5 तीव्रता का रहा। किसी भी स्थिति या किसी भी देश में 7 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप को बड़े खतरे की तरह देखा जाता है, क्योंकि इतनी तीव्रता इमारतों को झकझोर देती है। वेनेजुएला में बड़ी संख्या में इमारतें भरभरा कर ढह गई हैं। देश के अनेक इलाकों में मलबों का ढेर लग गया है और इससे हुए नुकसान के सटीक आकलन में काफी वक्त लग सकता है। भूकंप के तत्काल बाद जो अनुमान लगाया गया है, उसके अनुसार, कम से कम दस हजार लोगों की मौत बताई जा रही है। दुख की इस घड़ी में यही उम्मीद और प्रार्थना करनी चाहिए कि जान गंवाने वालों की संख्या कम से कम हो। यह भूकंप पिछली एक सदी में देश में दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में शामिल है।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के लिए ही नहीं, यह उस पूरे देश के लिए चुनौतियों भरा समय है। दुनिया के तमाम सक्षम देशों को वेनेजुएला की मदद करनी चाहिए। विशेष रूप से अमेरिका को वेनेजुएला के बचाव व राहत कार्यों में मुस्तैदी दिखानी चाहिए। लोग अभी भूले नहीं हैं, इसी देश में घुसकर अमेरिका ने एक अभियान चलाया था, जिसके तहत इस देश के राष्ट्रपति मादुरो को गिरफ्तार कर रातोंरात अमेरिका ले जाया गया था। राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से गुजरते इस देश में यह ताजा आपदा दुख या अवसाद का नहीं, विकास व पुनर्वास का अवसर बने। क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश से कुछ बड़े और आबादी में झारखंड से भी छोटे वेनेजुएला को इस आपदा से उबरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। हालांकि, एक अहम पहलू यह भी है कि यह देश लगभग 90 प्रतिशत तक शहरीकृत हो चुका है। इस वजह से भी यहां जान-माल के ज्यादा नुकसान की आशंका है।

**दुनिया में जिन क्षेत्रों में तीव्र भूकंप की आशंका है, वहां विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। ऐसे इलाकों में ऊंची और कमजोर इमारतों से बचना चाहिए।**

आमतौर पर ग्रामीण इलाके भूकंप को तुलनात्मक रूप से आसानी से झेल लेते हैं, लेकिन शहरी इलाकों में ऊंची इमारतें तबाही बढ़ा देती हैं। वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर वाहनों को नुकसान हुआ है। राहत सामग्री और अन्य मदद के लिए वहां परिवहन को युद्ध स्तर पर दुरुस्त करना होगा। वेनेजुएला के शासन-प्रशासन में दखल देने वाले अमेरिका को खुले हाथों और मन से मदद के लिए आगे आना चाहिए। यह अमेरिका और खासकर उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए वेनेजुएला में अपनी लोकप्रियता बचाने का एक अवसर है। परंपरा के अनुसार, भारत से भी वेनेजुएला के लिए यथासंभव मदद जानी चाहिए।

यह विचार की बात है कि क्या दुनिया में भूकंप के मामले बढ़ रहे हैं? वैसे, इसका कोई निश्चित हिसाब नहीं है। दुनिया में जिन क्षेत्रों में तीव्र भूकंप की आशंका है, वहां विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे इलाकों में ऊंची और कमजोर इमारतें नहीं बनने देनी चाहिए। देश कोई भी हो, ऊंची इमारतें तभी खड़ी हों, जब उनमें 8 तीव्रता वाले भूकंप को झेलने की क्षमता हो। निस्संदेह, 7 या उससे अधिक तीव्रता के भूकंप असामान्य हैं, लेकिन इतनी तीव्रता के औसतन 16 भूकंप हर साल दुनिया में आते हैं, इनमें से एक भूकंप रिक्टर स्केल पर 8 से ज्यादा का होता है। मतलब, अब जब वेनेजुएला में नए सिरे से इमारतें खड़ी हों, तो उनमें 8 से ज्यादा तीव्रता वाले भूकंपों को सहने की क्षमता अवश्य होनी चाहिए। हर आपदा अवसर के साथ एक सबक भी है।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले
26 जून, 1951

### काश्मीर का भाग्य-निर्णय

पाकिस्तान की गतिविधि तथा काश्मीर की स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में ही पाकिस्तानी हरकतें भारत को काश्मीर की रक्षा के लिए फिर कड़ी कार्रवाई करने के लिए बाध्य करेंगी। यों तो सीमावर्ती प्रदेश पर पाकिस्तानी हमलावरों द्वारा लूटमार की घटनाएं बहुधा होती रहती हैं किन्तु सीमा से 400 गज दूर काश्मीर राज्य की भूमि पर पाकिस्तानी आक्रमणकारियों ने एकाएक छापा मारकर दो भारतीय सैनिकों को मार डाला। हमलावर लाशों को अपने साथ ले गये थे किन्तु संयुक्त राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उन्हें बरामद कर भारतीय सैनिक अधिकारियों को सौंप दिया। युद्ध-विराम आदेश का यह उल्लंघन एक सामान्य घटना नहीं जिसकी उपेक्षा की जा सके।

वास्तव में पाकिस्तानी अधिकारी तथा समाचारपत्र 'जिहाद' की जिस भाषा में आग उगल रहे हैं, उसकी चिनगारी कराची तथा लाहौर से उड़कर बड़ी आसानी से काश्मीर पहुंच सकती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री श्री जफरुल्ला तथा दूसरे अधिकारियों की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष धमकियों और *डान* जैसे पत्रों के झूठे और उत्तेजक प्रचार से यही धारणा उत्पन्न होती है कि पाकिस्तान ललकार रहा है और उसके हाथ-पांव लड़ाई के लिए खुजला रहे हैं। सच्चाई, निष्पक्षता तथा संयम की दृष्टि से पाकिस्तानी समाचारपत्रों का मापदंड वैसे ही कम है, लेकिन इधर कुछ दिनों से तो उनकी शिष्टता का स्तर मरुभूमि में जल के स्तर के समान दिखाई देने लगा है। *डान* उस दल का मुखपत्र है, जिसके हाथों में पाकिस्तान की बागडोर है, किन्तु नेहरू जैसे व्यक्ति को वह किन शब्दों में प्रत्युत्तर दे सकता है, यह पत्र के 8 जून के अंक से स्पष्ट हो जाता है।

*डान* की तहजीब की बानगी देखिये : 'यह डाकू है, जिसने काश्मीरियों की स्वतन्त्रता का अपहरण किया है और उन्हें अपनी फौजों द्वारा दबा रखा है। यही लुटेरा है, जो अपने सैनिकों की संगीनों के बल पर उस राज्य के असहाय लोगों को यह ऐलान करने के लिए विवश करता है कि वे उन पांवों को प्यार करते हैं, जो उन्हें रौंद रहे हैं।' *डान* ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री को सलाह दी है कि उन्हें सुरक्षा परिषद से कह देना चाहिए कि 'यदि उसने कार्रवाई न की तो पाकिस्तान अवश्य करेगा।' पाकिस्तानी जनता के दिमाग में रणोन्माद भरने के कैसे प्रयत्न हो रहे हैं उसका एक और उदाहरण *ईवनिंग टाइम्स* द्वारा लिया गया जनमत है।

# अमराइयों के आनंद से अनजान पीढ़ियां



यहां स्कैन करें

सोपान जोशी | वरिष्ठ पत्रकार

**जिन आमों की बात करते हुए इनके शौकीन थकते नहीं हैं, उनको अब बेमुरव्वत तरीके से उगाया-पकाया जाता है। तभी तो हमारे आमों के निर्यात पर जब-तब रोक लगने लगी है।**



भारत करोड़ों आम विशेषज्ञों का देश है। आम के जिक्र से ही चेहरे खिल उठते हैं। कुछ कहने की तीव्र इच्छा जाग जाती है। जिसे आम खाना पसंद न हो, वह भी उस पर बात करता पाया जा सकता है।

हमारे यहां कितने ही फल हैं। कितने ही तरह का खान-पान है, मगर आम की तरह किसी दूसरी चीज पर न इतनी बात होती है, और न इतना लेखन ही। नगर-नगर में आम पर उत्सव होते हैं। हर कहीं लेख छपते हैं और चर्चाएं होती हैं, अखबार-टीवी से लेकर सोशल मीडिया तक। किसी दूसरे देश का किसी एक फल या पेड़ के साथ ऐसा संबंध नहीं है, जैसा हमारा आम के साथ है। केवल भारत ही नहीं, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में भी दीवानगी का ऐसा ही आलम रहता है।

जिनके यहां आम का एक झाड़ न हो, वे भी आम के चक्कर में पड़ ही जाते हैं। छोटी कक्षाओं में निबंध लिखवाए जाते हैं, जिनके शीर्षकों में 'आम फलों का राजा है' शामिल रहता है। (इस धारा में *चांदनी रात में नौका विहार* और *भारत एक कृषि प्रधान देश* भी आते हैं।) बचपन के निबंध से खुला खाता आजीवन चलता है। उसी शैली में आम पर अनेक निबंध और लेख आते ही रहते हैं। उनमें कम से कम तीन तरह की बातें पाई गई हैं। एक, परिवार की कहानियां, खासकर दादा-परदादा या नानी-अम्मा से जुड़ी हुईं। दूसरी, आम की विशेष किस्मों की बातें, दो-एक बढ़िया आमों के वर्णन के साथ। और तीसरी, प्रसिद्ध लोगों के किस्से, जिनमें राजा-महाराजा और नवाब-सुल्तान भी हो सकते हैं और आम के आईएसआई-मार्क शौकीन भी, जैसे अमीर खुसरो, मिर्जा गालिब, रवींद्रनाथ ठाकुर। हां, आम के खास होने की बात के बिना लेख पूरा नहीं हो सकता।

दो या तीन पीढ़ियों में हम भूल गए कि हमारा सामाजिक जीवन अमराई के ईद-गिर्द ही चलता था। अनेक सारे उत्सव और पर्व अमराई में ही मनाए जाते थे। गावों में मुसाफिरों के ठहरने का इंतजाम अमराई में ही होता था। आज भी आंध्र प्रदेश के गांवों का एक हिस्सा 'वंतलमामिडी' कहलाता है, यानी 'आम की रसोई'। यहां से आने-जाने वाले मुसाफिर रुककर अपना भोजन बना लेते थे। यात्रियों के अमराई में रुकने का चलन तो दो-एक पीढ़ी पहले तक आम बात थी। बहुत पीछे खोजने निकलेंगे, तो प्राचीन उत्तर भारत के संन्यस्त महात्मा अमराइयों में ही विचरते मिलेंगे, चाहे वह महावीर हों या गौतम बुद्ध। जैन और बौद्ध जैसे महान धर्मों के अनेक ग्रंथ अमराइयों में ही रचे गए। अशोक जैसे सम्राटों ने शिलालेखों पर अपना प्रचार करने के लिए यह लिखवाया कि उन्होंने जन-कल्याण के लिए अमराइयां लगवाईं।

आस्तिक परंपराओं में तो अमराई का महत्व और अधिक था। इनको कामदेव का निवास माना जाता था। इनकी असली रौनक या तो वसंत पंचमी और होली जैसे वसंतोत्सव के पर्वों पर होती थी या शादी-ब्याह में। अनेकानेक गांवों में बारात वधू के गांव की अमराई में ही रुकती थी। घराती गांव बारातियों के स्वागत में अमराई को खुशगवार बना देते थे, वहां खान-पान, आराम और आनंद का इंतजाम कर देते थे। आज भी अपने आस-पड़ोस और घर-परिवार के बूढ़े-बुजुर्गों से पूछेंगे, तो ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो अमराई में रुकने वाली बारातों में शामिल थे।

बिहार के कई इलाकों में आज भी ऐसे लोग मिल जाते हैं, जो गांव की रचना में अमराई और आम के पेड़ों की भूमिका बता सकते हैं। 'बैठान' और 'छावनी' मगध के गांव-गांव में हुआ करती थी। मिथिला में दाह संस्कार बीजू आम के पेड़ काटकर होते थे और दिवंगत की याद में अमराई को समाज को भेंट देना पुण्य का काम माना जाता था। उत्तर प्रदेश में जहां-जहां फल पट्टी अधिसूचित है, वहां-वहां अमराइयां हुआ करती थीं। गर्मी से बचने के लिए गांव के गांव अमराइयों में स्थानांतरित हो जाते थे, घनी छांव और पक्षियों के कोलाहल में लोग राहत पाते थे।

यह जानने के लिए जमीन के पेचीदा दस्तावेज पढ़ना-सीखना जरूरी नहीं है। प्रेमचंद और फणीश्वरनाथ रेणु जैसे लोकप्रिय लेखकों की कृतियों में अमराई का वर्णन मिलता है। श्रीलाल शुक्ल अपने बचपन के उत्तर प्रदेश की असीम अमराइयों का बखान करते हैं। बंगाल, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अमराई का महत्व इससे अधिक ही था, अगर बराबर न रहा हो। दक्षिण भारत के राज्यों में भी। यहां तक कि जैसलमेर के राज परिवार ने थार के रेगिस्तान में आम लगवाए थे। दिल्ली से गुड़गांव जाते हुए मेहरौली के पास एक अंधेरिया मोड़ आता है, जो एक समय आम के घने पेड़ों से ऐसा पटा था कि उनके नीचे अंधेरा ही रहता था।

हमारी आजादी के समय दो घटनाएं हुईं, जिनकी चर्चा नहीं होती, लेकिन जिन्होंने हमारे सामाजिक जीवन पर गहरा असर डाला। पहला था, अमराइयों का कटना। प्राचीन काल के सम्राट रहे हों या मुगल काल के बादशाह, राज करने वालों ने अमराई को तरह-तरह के बढ़ावा दिया था, लेकिन ब्रिटिश राज की जमींदारी में अमराइयां कटने लगी थीं। आजादी के बाद तो यह इस बेदर्दी से हुआ कि अमराइयों का यह देश पूरी तरह भूल गया है कि इसकी संस्कृति क्या थी? इसी के साथ सामाजिक जीवन, मेल-जोल और शामिलाती (साझा) त्योहारों की जमीन मिटती गई।

दूसरा अंतर आया अचानक से लगे बगीचों में। आजादी के बाद सभी राज्यों में 'लैंड सीलिंग' या भूमि के स्वामित्व की सीमाएं तय हुईं। जिन परिवारों के पास खूब सारी जमीन थी, उन्होंने रातोंरात आम के बगीचे लगा लिए, क्योंकि बगीचों की जमीन की सीमा तय नहीं थी। आज बाजार में बिकने वाला लगभग सारा आम ऐसे ही बगीचों से आता है, जो जमीन को परिवार में बनाए रखने के लिए लगे थे। इनके मालिक साल भर बगीचे में पैर नहीं धरते। आम की फसल की देखरेख ठेकेदार करते हैं, वही बेचते हैं।

जिन आमों की बात करते हुए इनके शौकीन थकते नहीं हैं, उनको डरावने और बेमुरव्वत तरीकों से उगाया-पकाया जाता है। तभी तो हमारे आम का आयात करने वाले देश कभी-कभी उस पर रोक लगा देते हैं। पर ये कड़वी सच्चाई *आम फलों का राजा है* शीर्षक निबंध में नहीं आती। अमराई का मतलब हम भूल चुके हैं, लेकिन आम का आनंद आज भी हमारे भीतर मौजूद है। चाहे उसकी बात हम कल्पना के सहारे ही करते रहें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# किसानों-मजदूरों के सच्चे साथी सहजानंद सरस्वती



यहां स्कैन करें

नीलांशु रंजन | लेखक एवं पत्रकार

सन् 1889 में महाशिवरात्रि के दिन 26 जून को पैदा हुए नवरंग राय, जो आगे चलकर स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम से विख्यात हुए, शिव के बड़े उपासक थे। किसानों, मजदूरों को शोषण से बचाने के लिए उन्होंने असह्य तकलीफें उठाईं। स्वाधीनता आंदोलन से किसानों के मुद्दों को जोड़ने के लिए उन्होंने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया और तब के सभी नेताओं, राजनीतिक दलों से सैद्धांतिक लड़ाइयां मोल लीं। यहां तक कि महात्मा गांधी से भी किसानों के मुद्दे पर उनका मतभेद हो गया, लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुए।

स्वामीजी का मानना था कि जिस व्यक्ति को शोषितों-पीड़ितों के अधिकारों के लिए, सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करना है, उसे इस बात की फिक्र नहीं होनी चाहिए कि कौन-सी राजनीतिक पार्टी या सामाजिक संस्था उसके साथ है, उसे फिक्र बस यह होनी चाहिए कि जिस वर्ग की वह लड़ाई लड़ रहा है, उसे शोषण-दमन और बिखरने से कैसे बचाया जाए? स्वामी सहजानंद सरस्वती ने अपनी आत्मकथा का नाम *मेरा जीवन संघर्ष* रखा था। जब किसानों पर जमींदारों द्वारा जुल्म ढाए जा रहे थे, तब 1927 में उन्होंने पटना से पश्चिम बिहटा में 'पटना पश्चिम किसान सभा' की स्थापना की। यहां बच्चों को संस्कृत पढ़ाने के लिए 'सीतारामाश्रम' की स्थापना हुई और यही आश्रम क्रांति का प्रतीक बना। इसलिए किसान आंदोलन के विस्फोट का केंद्र बिहार को ही माना जाता है।

**आजादी के आंदोलन से किसानों के मुद्दे को जोड़ने का पहला श्रेय स्वामी सहजानंद को ही जाता है। आज उनकी पुण्यतिथि है।**

पटना पश्चिम किसान सभा, जिसे एक सुधारवादी संगठन के रूप में खड़ा किया गया था, के स्वरूप व ढांचे में आगे चलकर तब्दीलियां आती रहीं और वह किसान आंदोलन के नेतृत्वकारी संगठन के रूप में उभरा। इसमें शक नहीं कि इस किसान आंदोलन ने तत्कालीन राजनीतिक-सामाजिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाला और उस समय के बड़े-बड़े बुद्धिजीवी, लेखक, पत्रकार और नेता इस संगठन से सीधे-सीधे जुड़े या फिर उन्होंने इसे अपना नैतिक समर्थन दिया। इन बुद्धिजीवियों में प्रमुख थे- राहुल सांकृत्यायन, दिनकर, नागार्जुन, राम दयाल पांडेय, महाश्वेता देवी, प्रभाकर माचवे, यदुनंदन शर्मा, कार्यानंद शर्मा, इंदुलाल याज्ञिक वगैरह। बीच के कालखंड में राजेंद्र बाबू, जय प्रकाश नारायण, एनजी रंगा, आचार्य नरेंद्र देव, शीलभद्र याजी, रामवृक्ष बेनीपुरी आदि भी इससे जुड़े।

गांधीजी से प्रभावित होकर जब स्वामीजी स्वतंत्रता आंदोलन में आए, तब भी उनके जेहन में किसानों के हितों की बात सर्वोपरि रही और पहली बार किसानों को जाति से अलग करके उन्होंने उसे एक वर्ग में रखा। इसलिए उन्होंने किसान संघर्ष के नाम पर वर्ग संघर्ष की बात की। कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में उन्होंने पहले-पहल हिस्सा लिया था और जब उस अधिवेशन में किसानों-मजदूरों को आजादी के आंदोलन से जोड़ने की बात की गई, तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। जब बिहार प्रांतीय कौंसिल में काश्तकारी कानून को लेकर किसान विरोधी विधेयक आने वाला था, तब कांग्रेस नेता राम दयालु सिंह और यमुना कार्यी की सलाह पर बिहार प्रांतीय किसान सभा बनाने की बात तय हुई। स्वामीजी की सहमति से 17 नवंबर, 1929 को सोनपुर मेले में इसकी औपचारिक घोषणा हो गई। विचार-विमर्श के बाद इसके अध्यक्ष स्वामीजी ही बनाए गए। इसके बाद 1935 में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन हुआ।

आजादी के 78 साल गुजर जाने के बाद भी स्वामीजी के सवाल और मुद्दे प्रासंगिक नजर आते हैं, क्योंकि आज भी सामाजिक न्याय और आर्थिक समता एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। हर पल, हर लम्हा किसानों-मजदूरों के हितों की बात करने वाले स्वामी सहजानंद सरस्वती जनता के आदमी थे। इसलिए रामवृक्ष बेनीपुरी ने *जनता* के 4 मई, 1939 के अंक में लिखा था, 'जनता को साथ ले चलने में वह समर्थ होगा, क्योंकि वह जनता का अपना आदमी है।' शायद यही वजह है कि किसान आंदोलन के इस प्रणेता ने सन् 1948 में *महारुद्र का महातांडव* जैसा विचारोत्तेजक लेख लिखा और कहा था कि जिस तरह की आधी-अधूरी आजादी मिली है, अगर उसे ठीक न किया गया, तो यह तय है कि एक दिन महारुद्र का महातांडव होगा और पूरी धरती को हिलाकर रख देगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# जल को ठीक से जानिए

*बृहदारण्यकोपनिषद्* का एक बहुत सार्थक संदेश है : *यस्य वायु शरीरम्। यस्य जलं शरीरम्।* अर्थात, शास्त्र में लिखा गया है कि सब हरि के शरीर हैं, आकाश, दिशाएं, जल इत्यादि। यह भावना ही ईश्वरीय भावना है। इसी भावना से हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए।

अब जल से जुड़ी आध्यात्मिकता नष्ट हो रही है और भौतिक भावना भी नष्ट हुई है। आध्यात्मिक भावना यह है कि जल ईश्वर का स्वरूप है, जैसे हम शरीर को बचाते हैं कि यह हमारे आत्मा का शरीर है, वैसे ही जल को भी मानें और बचाएं। लोग ईश्वरीय भावना से जुड़कर जल को ईश्वर का शरीर मानें, तो बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। पहले के लोग यह मानते थे।

अपने यहां जल पूजन होता था। कलश पूजन होता है, वरुण देवता का पूजन होता है। यह हमारी परंपरा है। कहा जाता है, गंगा के सप्तयोजन दूर से ही गंगे-गंगे कहें। इतनी गंगा की महिमा है। यदि हमें मालूम हो जाए कि हमारे पैरों के पास सौ रुपया का नोट है, तो हम उसे किसी को उठाने देंगे क्या? किंतु सौ रुपये की नोट की जगह यदि अखबार का टुकड़ा पड़ा रहता, पुराना और कोई उसे उठाता, तो हम ही कहते हैं कि सफाई कर रहे हैं, आप बहुत अच्छे आदमी हैं।

वैसे ही जल की महत्ता का ज्ञान होगा, तो आज जो आदमी जल के लिए लापरवाह है, वह सुधरेगा। अभी तो बस खोल दिया नल और पानी बहा दिया। मैं रास्ते से गुजरता हूं, छोटी आयु से ही मेरी आदत है, यदि कोई नल खुला है, पानी बेकार बह रहा है, तो मैं रुककर नल बंद करके जाता हूं। जल वरुण देव हैं। वो नहीं रहेंगे, तो हमारा ही नुकसान होगा। इन भावनाओं को युद्ध स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता है। जल का अनावश्यक विनियोग नहीं होना चाहिए।

मैं एक घटना सुनाता हूं। श्रीमठ आश्रम में ठंडे जल की आपूर्ति के लिए बड़ा वाटर कूलर लगा हुआ है। एक दिन ऊपर छत से मैंने देखा, एक झाड़ू लगाने वाली ने उसी ठंडे जल से पहले हाथ धोया, फिर पैर पर भी खूब जल गिराया, फिर खूब सिर धोया। नल से ठंडा पानी सहज उपलब्ध हो गया है, तो दुरुपयोग हो रहा है। मैंने उसे डांटा, समझाया। यह दादागीरी है या नासमझी, बतलाइए? आज समाज में अंतिम पायदान का जो आदमी है, वह भी जल का ऐसे दुरुपयोग कर रहा है, जैसे कभी महारानियां करती थीं। आज की महारानियां तो कितना दुरुपयोग करती होंगी, भगवान ही मालिक हैं।

**जल ईश्वर का स्वरूप है, जैसे हम शरीर को बचाते हैं कि यह हमारे आत्मा का शरीर है, वैसे ही जल को भी मानें और बचाएं। लोग ईश्वरीय भावना से जुड़कर जल को ईश्वर का शरीर मानें।**

आज जल के लिए राष्ट्र में चिंतन होना चाहिए। कहना चाहिए लोगों को, समझाना चाहिए, निवेदन करना चाहिए कि अपनी आदतों में सुधार लाइए। जल जीवन के लिए आवश्यक संसाधन है, उसे बचाइए, उसका यथा संभव संरक्षण और सवंर्द्धन कीजिए।

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

**एंटोनियो गुटेरस** | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**हम जलवायु परिवर्तन से बच नहीं सकते। इसके असर पहले से दिख रहे हैं। यह विकास, स्थिरता और सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है। हमें इसके अनुसार कदम उठाने होंगे, ताकि समुदायों की रक्षा हो और समाज एकजुट रह सके।**

## अनुलोम-विलोम
### केतन हत्याकांड



# समाज के सामने खड़ा नैतिक संकट

पुणे में सामने आए एक चर्चित हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिस रिश्ते को विश्वास और जीवन भर के साथ का आधार माना जाता है, उसी रिश्ते के भीतर कथित साजिश और हत्या की कहानी ने समाज के सामने कई कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर, शादी की तैयारियां चल रही थीं। करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही थीं। दूसरी ओर, इस रिश्ते की सतह के नीचे अविश्वास और अनैतिक संबंध का ऐसा जाल बुना जा रहा था, जिसने एक युवा कारोबारी की जान ले ली।

यह मामला एक आपराधिक घटना भर नहीं है, बल्कि बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर करता है। आज समाज का एक बड़ा वर्ग इस घटना को सिर्फ हत्या के रूप में नहीं, बल्कि भरोसे की हत्या के रूप में देख रहा है। सवाल यह भी है कि क्या हमारे समाज में संवाद की जगह छल ने ले ली है? क्या सच बोलने का साहस कम होता जा रहा है? क्या लोग अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने के बजाय गलत रास्ते चुनने लगे हैं?

भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और दूसरी रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता, तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है, लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और अपराध नहीं हो सकता।

**कांतिलाल मांडोत,** टिप्पणीकार

**देश** में एक बार फिर रिश्ते बनने से पहले रिश्ते का खून कर दिया गया और समाज और कानून देखते रह गए। सिया द्वारा केतन की हत्या शर्मसार करने वाली घटना है। केतन की जान लेने से पहले उसने यह क्यों नहीं सोचा कि वह किसी के घर का चिराग है? जब शादी नहीं करनी थी, तो साफ मना कर देती, जान लेने से आखिर हासिल क्या हुआ? देरी से ही सही, पर कानून के शिकंजे में तो आना ही था। शादी एक गृहस्थी की शुरुआत होती है और इसकी नींव विश्वास और स्नेह भाव पर टिकी होती है। परंतु आज के नवयुवाओं ने इस मजबूत और घनिष्ठ सामाजिक बंधन का मजाक बनाकर रख दिया है। जब हत्या जैसा आपराधिक निर्णय ले सकती है, तो शादी से इनकार का निर्णय तो हम ही कठिन होता। काश! आज की युवा पीढ़ी क्षणिक आनंद की तरफ न जाकर रिश्तों की अहमियत को समझती, तो आज किसी के घर का चिराग नहीं बुझता।

**शैलबाला कुमारी,** गृहिणी

# मां-बाप अब अपनी मर्जी थोपना बंद करें

दुनिया आज बड़ी तेजी से आधुनिकता की ओर दौड़ रही है, लेकिन इसके अनुकूल हमारे समाज की सोच नहीं बदल रही। ऐसी स्थिति से उपजे द्वंद्व का नतीजा है पुणे जैसी घटनाएं। इसलिए, हमें समाज की बदलती संरचना पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। आज व्यस्त जीवन शैली के कारण परिवारों के बीच संवाद कम होते जा रहे हैं। कई युवा अपनी भावनात्मक समस्याओं और व्यक्तिगत संघर्षों को साझा नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप, वे गलत निर्णयों की ओर बढ़ जाते हैं। यदि परिवारों में खुला संवाद और विश्वास का वातावरण हो, तो अनेक संकटों को समय रहते रोका जा सकता है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि किसी भी रिश्ते में मतभेद, असंतोष या अलगाव की स्थिति असामान्य नहीं होती। आधुनिक समाज में व्यक्ति को अपनी पसंद और स्वतंत्रता के अनुसार जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। यदि कोई रिश्ता सफल नहीं हो रहा है, तो उससे बाहर निकलने के लिए कानूनी और सामाजिक, दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं। समस्या समाज में इसे स्वीकार करने को लेकर झिझक के कारण आती है। पारिवारिक मान-मर्यादा में बंधी युवतियां नापसंदगी व्यक्त नहीं कर पातीं। समाज की सोच में लड़की का विवाह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानी गई है, जो उसके पिता, भाई या परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों के कंधों पर होती है।

इस दकियानूसी सोच के तहत आज भी लड़कियों की इच्छा जाने बिना किसी के साथ रिश्ता जोड़ देने की प्रवृत्ति घातक बन रही है। वे पारिवारिक सम्मान की खातिर कुछ बोल तो नहीं पातीं, मगर छिपकर गलत कदम उठाने लगी हैं। अगर, उनके साथ खुला संवाद हो और उन्हें अपना भविष्य चुनने का मौका मिले, तो ऐसी घटनाएं कभी नहीं हो पाएंगी।

**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप',** टिप्पणीकार

**इंदौर** के नवविवाहित राजा रघुवंशी को भी इसी प्रकार से मेघालय में मौत के घाट उतारा गया। मेरठ में तो क्रूरता की हद हो गई, जब वासना में अंधी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की नृशंस हत्या करके उसके शव को नीले ड्रम में सीमेंट के घोल से जमा दिया। ये तो केवल चंद उदाहरण हैं। इन घटनाओं से सबक लेकर समाज को ऐसी दरिंदगीपूर्ण हरकतों पर अंकुश लगाना चाहिए, क्योंकि ये घटनाएं अपराधियों को हत्या के नए-नए तरीके भी सुझाने लगी हैं। वासना में अंधे नौजवान अब दरिंदगी की हदें पार करने में कतई नहीं हिचक रहे। पारंपरिक विवाह संबंध विश्वसनीयता के भारी संकट से गुजर रहे हैं।

**सुधाकर आशावादी,** टिप्पणीकार

# फाइबर से अपनी ताकत बढ़ाएं



**सोशल मीडिया पर 'फाइबरमैक्सिंग' का ट्रेंड जोरों पर है। डॉक्टर, डाइटीशियन और सोशल मीडिया के हेल्थ गुरु, सब भोजन में फाइबर यानी रेशे वाली चीजें लेने की सलाह दे रहे हैं। हमारी पारंपरिक भारतीय थाली में फाइबर भरपूर होता था, लेकिन जंक व प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री की अधिकता ने इस जरूरी पोषण से हमारी दूरी बढ़ा दी है। फाइबर के फायदे और इससे जुड़ी सावधानियों के बारे में बता रही हैं अवंतिका सिंह**

**क्या** आप दिनभर पेट फूलना, सुस्ती या पाचन से जुड़ी परेशानियों से जूझते रहते हैं? मुमकिन है कि आपके भोजन में सब कुछ सही हो, सिवाय फाइबर के। फाइबर, हमारे पेट का सबसे अच्छा दोस्त है, जो कई तरह के मेटाबॉलिक रोगों से बचाने में मदद करता है। जंक फूड व प्रोसेस्ड फूड की अधिकता के कारण अब भारतीयों के भोजन में फाइबर की भारी कमी देखने को मिल रही है। आमतौर पर एक दिन में 30 से 40 ग्राम फाइबर लेने की सलाह दी जाती है, लेकिन ज्यादातर भारतीय रोजाना केवल 15 ग्राम फाइबर तक ही ले पा रहे हैं।

## क्या है फाइबरमैक्सिंग

फाइबरमैक्स शब्द फाइबर और मैक्सिमाइजिंग से मिलकर बना है। इसमें लोग भोजन में फाइबर की मात्रा को अधिकतम तय सीमा या उससे भी अधिक खाने तक ले जाते हैं। आधुनिक जीवनशैली और प्रोसेस्ड फूड के कारण 90 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी दैनिक जरूरत के मुताबिक फाइबर नहीं खा पाते। इसी कमी को देखते हुए सोशल मीडिया पर फाइबरमैक्सिंग को एक चैलेंज की तरह पेश किया गया, जहां लोग रोज 30 से 40 ग्राम या उससे अधिक फाइबर का लक्ष्य पूरा करते हैं।

ये तीन तरीके से हासिल किया जाता है। एक प्लांट चैलेंज - इसमें हफ्ते में 30 से 50 अलग-अलग तरह के फल, सब्जियां, नट्स, दालें और अनाज खाए जाते हैं। इसका मकसद भोजन में फाइबर बढ़ाने के साथ उसकी विविधता को बढ़ाना है। फाइबर की विविधता जितनी होगी, आंतों में माइक्रोबायोम की विविधता बढ़ेगी, जो अच्छी इम्यूनिटी के लिए जरूरी है। दूसरा है फाइबर-बम्बिंग, जिसमें सुबह की शुरुआत ही ओट्स, चिया सीड्स, अलसी और बेरीज की खुराक से की जाती है। तीसरा, बाजरा, रागी, दालें, बीन्स और छिलके वाली सब्जियों को प्राथमिकता दी जाती है।

## खाने में फाइबर दो तरह का

**घुलनशील फाइबर :** यह पानी में आसानी से घुलकर एक जेली जैसा पदार्थ बनाता है। यह पाचन क्रिया को धीमा करता है। पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। यह ब्लड शुगर को अचानक बढ़ने से रोकता है। शरीर में हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम रखने में मदद करता है, जिससे दिल की सेहत अच्छी रहती है। ओट्स, जौ, सेब, संतरा, बीन्स, दालें, मटर, अलसी और इसबगोल में यह भरपूर होता है।

**अघुलनशील फाइबर :** यह फाइबर पानी में नहीं घुलता। इसे आप प्राकृतिक झाड़ू की तरह समझ सकते हैं, जो पेट को साफ रखने में मदद करता है। जिससे कब्ज नहीं होता। गेहूं का चोकर, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां, मेवे और फलों में यह भरपूर होता है। कुछ एक्सपर्ट्स रेजिस्टेंट स्टार्च (जैसे उबले आलू, कच्चे केले और बीन्स) को भी इसी श्रेणी में रखते हैं, जो छोटी आंत में पचे बिना सीधे बड़ी आंत में अच्छे बैक्टीरिया को पोषण देता है। भोजन में इन दोनों फाइबर का होना जरूरी है।

## लंबी उम्र का पावर हाउस

डॉ. अरोड़ा एवी हॉस्पिटल की वरिष्ठ आहार व पोषण विशेषज्ञ दिव्या शर्मा के अनुसार फाइबर के निम्न फायदे हैं-

**दिल की सुरक्षा :** भोजन में मौजूद घुलनशील फाइबर पाचन तंत्र में स्पंज की तरह काम करता है, जो हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को खून में घुलने से पहले ही शरीर से बाहर निकाल देता है। इससे धमनियों में ब्लॉकेज का खतरा कम होता है, प्रेशर नियंत्रित रहता है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम घट जाता है।

**इंसुलिन का संतुलन :** जब हम मैदा, चीनी या प्रोसेस्ड फूड जैसी चीजें खाते हैं, तो ब्लड शुगर तेजी से बढ़ता है, जिससे पैनक्रियाज पर इंसुलिन बनाने का दबाव पड़ता है। फाइबर ग्लूकोज को धीरे-धीरे खून में रिलीज करता है। इससे टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा टलता है।

**गट-ब्रेन एक्सिस :** हमारी आंतों में अरबों अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जिन्हें गट माइक्रोबायोम कहा जाता है। फाइबर इन बैक्टीरिया के लिए प्रीबायोटिक यानी भोजन का काम करता है। जब ये बैक्टीरिया फाइबर को पचाते हैं, तो शरीर में शॉर्ट-चेन फैटी एसिड का निर्माण होता है, जो दिमाग को सकारात्मक सिग्नल भेजते हैं। इससे तनाव, बेचैनी कम होती है। मूड को बेहतर बनाने वाले हॉर्मोन्स का स्राव बढ़ता है।

**वजन पर नियंत्रण :** फाइबर बिना किसी अतिरिक्त कैलोरी के शरीर को तृप्ति और संतुष्टि का एहसास कराने वाले हार्मोन को जगाता है। इससे जल्दी भूख नहीं लगती। वजन के अलावा कई मेटाबॉलिक समस्याओं में भी राहत मिलती है।

**अंदरूनी सूजन में कमी :** फाइबर शरीर में अंदरूनी सूजन कम करने में मदद करता है। यही सूजन कई गंभीर रोगों और असमय बुढ़ापे से जुड़ी मानी जाती है। शोध बताते हैं कि नियमित हाई-फाइबर डाइट लेने वालों में विशेष रूप से कोलोरेक्टल (बड़ी आंत) कैंसर का जोखिम कम पाया गया है। साथ ही कई रोगों की गंभीरता में भी कमी देखी गई है।

## अति से भी बचिए

अचानक या बहुत अधिक फाइबर खाने से पेट में गैस, पेट फूलना, भारीपन और मरोड़ जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यदि पानी कम पीते हैं, तो फाइबर आंतों में जमा होकर गंभीर कब्ज का कारण बन सकता है। ध्यान रखें फाइबर की अधिकता के कारण अगर भोजन जल्दी ही आंतों से बाहर निकल जाता है,तो शरीर में पोषण की कमी भी हो सकती है। घुलनशील फाइबर की अति से दस्त और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है। खासकर आईबीएस जैसी पाचन समस्याओं से पीड़ित मरीज इस बारे में डॉक्टर की सलाह का पालन करें।

### रोज की थाली में कितना

| | |
|---|---|
| 2 रोटी (गेहूं+चोकर) | 4 ग्राम |
| 1 कटोरी मसूर दाल | 4 ग्राम |
| 1 सेब | 4 ग्राम |
| 1 अमरूद | 5 ग्राम |
| 1 कटोरी चना सलाद | 6 ग्राम |
| सब्जियां | 3-4 ग्राम |
| **कुल** | **26-28 ग्राम फाइबर** |

## पैकेट वाला फाइबर कितना सही?

बाजार में इन दिनों हाई फाइबर बिस्किट, हाई फाइबर वाले अनाजों की बाढ़ है। कई उत्पादों में अलग से इनुलिन, पोलीडेक्सट्रोज या सिंथेटिक फाइबर मिलाया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पैकेट वाले फाइबर में केवल 'आइसोलेटेड फाइबर' होता है, जो ज्यादातर सिर्फ पेट साफ करने का काम करता है। वहीं प्राकृतिक फाइबर में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल सिर्फ डॉक्टर की सलाह पर ही करें।

### फाइबर बढ़ाने के आसान तरीके

**मैदा छोड़ें, चोकर खाएं:** आटा छाने नहीं। कई साबुत अनाज के आटे से बनी रोटी खाएं। रोटी और चावल के साथ खूब सब्जी खाएं।

**छिलके वाली दाल खाएं:** धुली हुई दालों की जगह छिलके वाली मूंग, उड़द या मसूर की दाल चुनें।

**सलाद पहले:** भोजन में सबसे पहले सलाद (खीरा, गाजर, ककड़ी) खाएं। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ती, भोजन से तृप्ति बढ़ती है।

**स्नैक्स बदलें:** समोसे-चिप्स की जगह भुने चने, मखाने या मेवे खाएं। जूस की जगह फल खाएं। सेब आदि छिलके सहित खाएं।

**खूब पानी पिएं:** अगर डाइट में फाइबर बढ़ा रहे हैं, तो इसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। दिनभर में 3 से 4 लीटर पानी जरूर पिएं।



### फाइबर वाले देसी सुपर फूड

चना, राजमा, लोबिया, काला चना, जौ, बाजरा, रागी, ज्वार, अमरूद, नाशपाती, कटहल, सहजन (मोरिंगा) और इसबगोल

## सवाल-जवाब



**डॉ. पुलिन गुप्ता**
प्रोफेसर (मेडिसिन), राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली

■ **सवाल : मैं दस साल से मिर्गी की दवाएं ले रहा हूं। मुझे इन दवाओं के साइड इफेक्ट्स को लेकर चिंता रहती है। क्या करूं?**

**जवाब :** मिर्गी की पहले दी जाने वाली दवाओं के कारण मरीजों में मसूड़ों में सूजन, चेहरे पर बाल या खून की कमी जैसे साइड इफेक्ट्स देखने को मिल जाते थे, लेकिन आजकल की नई दवाओं के साइड इफेक्ट्स न के बराबर हैं और उनका इलाज भी संभव है। दूसरी बात यह है कि मिर्गी की दवा कभी भी खुद से या अचानक बंद नहीं करनी चाहिए। इससे दौरा दोबारा आ सकता है। दवा बंद करने के लिए हमेशा डॉक्टर की सलाह लें। डॉक्टर इसकी खुराक धीरे-धीरे कम करते हुए 3 से 6 महीने के अंतराल में इसे बंद करते हैं। हालांकि, जिन मरीजों को दिमाग में गांठ, सिर पर चोट, ब्रेन हेमरेज या बार-बार दौरे आने की गंभीर समस्या रही हो, उनमें आमतौर पर मिर्गी की दवा बंद नहीं की जाती है।

■ **सवाल : मेरी उम्र 17 वर्ष है। मुझे पीसीओडी है? क्या 17 साल की उम्र में हाइपरथायरॉइडिज्म हो सकता है? अगर मुझे पीसीओडी व थायरॉइड दोनों हैं, तो क्या मैं चावल खा सकती हूं? क्या इन्हें पूरी तरह ठीक किया जा सकता है?**

**जवाब :** वर्तमान में 20 से 25% लड़कियों में पीसीओडी यानी पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज की समस्या देखने को मिल जाती है। जिसका एक बड़ा कारण मोटापा है। वजन कम करने पर यह समस्या आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाती है। थायरॉइड का पीसीओडी से कोई सीधा लिंक नहीं है। पीसीओडी में हाइपोथायरॉडिज्म अधिक देखा जाता है। ऐसे में वजन नियंत्रित करने के लिए 'मोटा अनाज' खाने की सलाह दी जाती है। चावल खाने का पीसीओडी पर कोई सीधा बुरा असर नहीं पड़ता।

हाइपरथायरायडिज्म में थायरॉइड ग्लैंड से हार्मोन ज्यादा निकलने लगता है, जिससे हाथ-पैरों में कंपन, मानसिक कमजोरी और वजन घटने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हाइपो और हाइपर थायरॉडिज्म दोनों का इलाज संभव है। आप घबराएं नहीं, अपने डॉक्टर से खुलकर बात करें। संतुलित खानपान पर ध्यान दें।

**भेजें अपने सवाल**

सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301

# बढ़ती गर्मी से फेफड़ों को बचाएं

**प्रशांत महासागर में अल नीनो के कारण आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है। मौसम के इस बदलाव में सांस की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। आइए जानें, बचाव के आसान उपाय-**



**गर्मी** का बढ़ना फेफड़ों की सेहत पर भी असर डालता है। जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व फेफड़ों में सूजन और जलन का खतरा बढ़ा देते हैं। अलनीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है। इस समय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से बहुत अधिक गर्म हो जाता है। तेज गर्म और सूखी हवाएं चलती हैं। वातावरण में ओजोन आदि हानिकारक गैसें बढ़ जाती हैं। यही वजह है कि पहले से सांस की समस्याओं से जूझ रहे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

## दमा रोगी दें खास ध्यान

गर्म हवा फेफड़ों के वायुमार्ग को सिकोड़ देती है, जिससे अस्थमा के मरीजों के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। इसके अलावा सीओपीडी जैसी फेफड़ों की गंभीर और पुरानी समस्याओं से जूझ रहे मरीज अधिक तापमान झेल नहीं पाते, जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ जाती है।

**मुख्य लक्षण :** छाती में भारीपन महसूस होना। लगातार खांसी रहना। सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज आना। सांस फूलना और छोटी सांसें आना आदि।

विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे फेफड़ों की सुरक्षा करने वाली बलगम झिल्ली यानी म्यूकस मैम्ब्रेन सूख जाती है और फेफड़ों की कीटाणुओं से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। अल नीनो के कारण हवा में धूल के कण और परागकण भी तेजी से फैलते हैं, जिससे एलर्जी की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में, दमा रोगियों को दवा और परहेज पर खास ध्यान देना चाहिए।

### फेफड़ों की ऐसे करें रक्षा

पल्मोनोलॉजिस्ट्स डॉ. नाना कुंजीर के अनुसार, अधिक गर्मी में फेफड़ों की सुरक्षा के लिए निम्न कदम उठाएं-

■ **भरपूर पानी पिएं:** शरीर को हमेशा हाइड्रेटेड रखें, ताकि श्वसन तंत्र में नमी बनी रहे और फेफड़े सही तरीके से काम कर सकें।

■ **धूप में व्यायाम से बचें:** दोपहर, तेज गर्मी के समय बाहर निकलने, व्यायाम करने और भारी काम करने से बचें।

■ **घर के भीतर हवा शुद्ध रखें:** बाहर के धूल-धुएं से बचने के लिए घर के अंदर की हवा को भी साफ रखने का प्रयास करें। एयर प्यूरीफायर या हवा को फिल्टर करने वाले सिस्टम का उपयोग करें, ताकि धूल और पोलन अंदर न आ सकें। घर में ताजी हवा की आवाजाही बनाएं रखें।

# रोटी या चावल में किसे खाना बेहतर



आमतौर पर वजन बढ़ने के डर से लोग चावल छोड़कर रोटी खाना चुनते हैं। क्या रोटी वाकई चावल से बेहतर है?

डायटीशियन डॉ. अर्चना बत्रा के अनुसार, दोनों में से क्या खाएं, यह आपकी सेहत और जरूरत पर निर्भर करता है। एक सामान्य रोटी में 70-100 कैलोरी होती है। यह फाइबर, प्रोटीन और विटामिन-बी से भरपूर होने के कारण पेट को लंबे समय तक भरा रखती है। वहीं, एक कप पके चावल में 130-200 कैलोरी होती है। सफेद चावल में फाइबर कम होता है, जबकि ब्राउन राइस अधिक पौष्टिक होता है। रोटी और चावल में कोई भी सीधे वजन नहीं बढ़ाता। वजन जरूरत से ज्यादा कैलोरी लेने पर बढ़ता है।

सफेद चावल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स ज्यादा होने से ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकती है। हालांकि, इसे दाल, सब्जी या दही के साथ खाने से इसका असर धीमा हो जाता है। दूसरी तरफ, चावल पचाने में आसान और ग्लूटेन-फ्री होता है। रोटी के साथ भी प्रोटीन और फाइबर होना जरूरी है। डॉ.अर्चना के अनुसार, चावल पूरी तरह छोड़ने के बजाय, कार्बोहाइड्रेट के साथ पर्याप्त प्रोटीन, सब्जियां व हेल्दी फैट्स जरूर खाएं।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा, फिर भी बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। संयत रहें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** मन अशांत रहेगा। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या :** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो प्राप्त होगा, परंतु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी।

**तुला :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव रहेगा। पिता की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**धनु :** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर :** कला और संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे। खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सेहत के प्रति सचेत रहें।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**26 जून**, शुक्रवार, **शक संवत्** : 05 आषाढ़ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 12 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 10 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी तिथि रात्रि 10.23 मिनट तक पश्चात त्रयोदशी तिथि विशाखा नक्षत्र सायं 07.16 मिनट तक पश्चात अनुराधा नक्षत्र सिद्ध योग प्रात: 11.39 मिनट तक पश्चात साध्य योग। चंद्रमा तुला राशि में दोपहर 12.33 मिनट तक उपरांत वृश्चिक राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** प्रात: 10.30 मिनट से दोपहर 12 बजे से तक राहुकालम्। चंपक द्वादशी। द्वादशी में त्रिविक्रम पूजा।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**घर में मरम्मत का काम करवाना हो, तो वास्तु के अनुसार क्या करें :**

■ दक्षिण पश्चिम मुखी घर वास्तु के अनुसार अच्छा नहीं माना जाता। यदि विकल्प हो, तो इसका मुख्य द्वार दक्षिण या पश्चिम के शुभ पद में कर लें।

■ लिफ्ट जिस स्थान पर लेना चाह रहे हैं, वह दक्षिण पश्चिम कोण है, तो वहां पर गड्ढा नहीं हो सकता। लिफ्ट उत्तर पश्चिम की ओर बनवाएं। दक्षिणी आग्नेय कोण में अगर मंदिर है, तो वहां से ईशान या पूर्व दिशा में बनाएं।

■ पीछे की ओर ईशान कोण में थोड़ा खुला स्थान अवश्य रखें। सुविधा हो, तो बोरिंग भी वहां पर करवा लें। रसोई से शौचालय लगा हो, तो गलत है। वहां से हटा दें।

## वर्ग पहेली : 8371



**बाएं से दाएं**
3. जो पूरा न हुआ हो; अपूर्ण; आंशिक (2,3)
6. अपना सा मुंह लेकर रह जाना; खिसियाना; चादर उतारना; लाज आना; शर्मिंदा होना (3,2)
7. नाटक का परदा; रंगमंच पट (4)
8. जल धारा; तरंगिनी; दरिया; निर्झरी; सरिता (2)
10. जनहित चाहने वाला; जनसेवक; लोकसेवा करने वाला (5)
11. जमाव; जमघट; जनसमूह (2)
12. बैल से खींची जाने वाली गाड़ी (4)
14. पूरे जोर के साथ कुछ करने के लिए कहना; वास्ता देना; सौगंध देना (3,2)
15. नाम रखा जाना; नाम रखने का काम (5)

**ऊपर से नीचे**
1. ऐसी स्थिति में होना कि किसी को मार डालने में समर्थ हो (2,2,2,3)
2. बादलों की ओर टकटकी लगाए रखने वाला एक पक्षी; पपीहा; पिंगल; मेघजीवन; सारंग (3)
3. आगमन; पधारना; पहुंचना; प्रवेश करना; प्राप्त होना (2)
4. अति आवश्यक; बहुत जरूरी (5)
5. जरा सी बात को बहुत बढ़ाना; बात का बतंगड़ बनाना; साधारण सी बात को व्यर्थ बढ़ा देना (2,1,3,3)
9. अस्थायी निवास; ठहरने का स्थान; ठिकाना; नीड़ (3)
10. पारंपरिक गीत गाने वाला; लोक गीत गाने वाला कलाकार (5)
13. पौधा लगाने का मिट्टी का पात्र (3)
14. बहुत छोटा टुकड़ा; जर्रा; बूंद; रवा (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | मा | ण | प | त्र | ■ | उ | धा | र |
| यो | ■ | ■ | थ | ■ | पु | ■ | रा | ■ |
| ग | ह | रा | ■ | सू | च | ना | प्र | द |
| शा | ■ | ■ | वि | ■ | का | ■ | वा | ■ |
| ला | ज | की | चा | द | र | र | ह | ना |
| ■ | न | ■ | र | ■ | ना | ■ | ■ | मु |
| प्र | क | ट | हो | ना | ■ | सु | ग | म |
| ■ | ल्या | ■ | ना | ■ | दू | ■ | ■ | कि |
| ग | ण | क | ■ | शी | त | का | ली | न |

## सुडोकू : 8332

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 8 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 1 | | | 6 |
| | 1 | | | 6 | | | | |
| | | | 4 | 2 | | | | |
| 9 | | 5 | | | | 2 | | 7 |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | | | | 9 | | | 3 | |
| 1 | | | 3 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 8 |

## चिंतन

# प्रकृति के सामने सब बेबस, तैयारी जरूरी

वेनेजुएला में आए बैक-टू-बैक भूकंप और भूस्खलन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि प्रकृति के प्रचंड प्रकोप के आगे मानव निर्मित आधुनिकता और तकनीक सब बेबस हैं। इस भीषण त्रासदी ने दिखा दिया है कि समूची मानव जाति प्रकृति की अनिश्चित और विनाशकारी शक्तियों के सामने कितनी असहाय है। सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों के प्रभावित होने की खबरें बताती हैं कि आपदा प्रबंधन, भूकंपरोधी निर्माण और त्वरित राहत व्यवस्था कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए मानव जाति को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए केवल राहत और बचाव पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पहले से तैयारियों, सुरक्षित निर्माण मानकों और जनजागरूकता को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनकी विनाशलीला को बेहतर तैयारी और मजबूत व्यवस्थाओं से काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। समस्या यह नहीं है कि ये आपदाएं आती हैं, बल्कि यह है कि इनके प्रति हमारी तैयारी कितनी है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि आपदा से पहले की तैयारी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। यही कारण है कि प्राकृतिक घटनाएं कई बार बड़े मानवीय संकट में बदल जाती हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। देश का एक बड़ा हिस्सा भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से जोखिम वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। वहीं, हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हाल के वर्षों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल में आई प्राकृतिक आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित विकास इन खतरों को और बढ़ा रहे हैं। ऐसे में केवल आपदा आने के बाद सहायता पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आपदा जोखिम को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। भूकंपरोधी भवन निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नियंत्रण रखा जाए और स्थानीय समुदायों को आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में लोग घबराने के बजाय सही निर्णय ले सकें। दुनिया में जापान इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। जापान हर वर्ष अनेक भूकंपों और सुनामी की आशंका का सामना करता है, लेकिन वहां मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणाली और व्यापक जनजागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। आपदा के बाद पुनर्वास और पुनर्निर्माण की उनकी क्षमता भी उल्लेखनीय है। भारत सहित अन्य देशों को इस अनुभव से सीख लेकर अपनी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिए। प्रकृति को पूरी तरह नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन उसके खतरों को कम करना जरूर संभव है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। वेनेजुएला की त्रासदी केवल एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। यह हमें याद दिलाती है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# ईरान, होर्मुज और बदलती विश्व व्यवस्था

> आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है। किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है।

विश्व राजनीति में शक्ति का अर्थ समय के साथ निरंतर बदलता रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में शक्ति के मानक बदलते रहे हैं। कभी विशाल और अजेय सेनाएं किसी साम्राज्य या देश की ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक मानी जाती थीं, तो कभी औद्योगिक क्रांति के बाद औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक क्षमता को वैश्विक शक्ति का मुख्य आधार समझा गया। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, विशेषकर शीतयुद्ध के दौर में, परमाणु हथियारों को सर्वोच्च शक्ति और संप्रभुता का प्रतीक माना जाने लगा। ऐसा माना जाता था कि परमाणु क्षमता से संपन्न देश ही वैश्विक व्यवस्था की दिशा तय कर सकते हैं। किंतु 21वीं शताब्दी के आगमन ने इन सभी पारंपरिक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है। आज के दौर में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी नेटवर्क और समुद्री मार्गों ने शक्ति की परिभाषा को एक बिल्कुल नया और बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया है। ईरान और पश्चिमी देशों के बीच बढ़े तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उभरी परिस्थितियों ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक दुनिया में केवल सैन्य सामर्थ्य ही निर्णायक नहीं है।

किसी महत्वपूर्ण भौगोलिक मार्ग, संसाधन अथवा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण भी उतना ही प्रभावशाली और रणनीतिक साधन बन सकता है। यही वह महत्वपूर्ण संदेश है जो ईरान की वर्तमान रणनीति के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने उभरकर आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पश्चिम एशिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री मार्ग है। इस संकरे मार्ग का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि सऊदी अरब, इराक, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे दुनिया के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों का समुद्री निर्यात इसी मार्ग से होकर गुजरता है। वैश्विक कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रोजाना इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है। इसके अलावा, तरल प्राकृतिक गैस के वैश्विक समुद्री व्यापार का भी एक बहुत बड़ा भाग इसी रास्ते से तय होता है। इसलिए होर्मुज केवल एक साधारण जलमार्ग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। यदि इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है या तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और तात्कालिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों, समुद्री परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और दुनिया भर के उपभोक्ता बाजारों पर दिखाई देने लगता है। इस पूरे परिदृश्य में ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे इस क्षेत्र में एक विशिष्ट सामरिक महत्व प्रदान करती है। इस जलडमरूमध्य के उत्तरी तट पर ईरान का सीधा भौगोलिक प्रभाव है और इसी कारण वह लंबे समय से इस मार्ग को अपनी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति के रूप में देखता रहा है। जब भी पश्चिमी देशों द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए या उसकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं की अनदेखी की गई, तब उसने बार-बार यह संकेत दिया कि वह होर्मुज में जहाजों के आवागमन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। कई अवसरों पर ईरान ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से यह चेतावनी भी दी है कि यदि उसके राष्ट्रीय हितों को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया, तो वह इस मार्ग को पूरी तरह बंद करने अथवा यहां अतिरिक्त नियंत्रण स्थापित करने पर विचार कर सकता है।



यहीं से दुनिया के लिए एक नया भू-राजनीतिक संदेश निकलता है कि आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में भूगोल स्वयं एक बहुत बड़ी शक्ति है। यदि किसी देश के पास कोई ऐसा विशिष्ट स्थान है जो वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति या सामरिक गतिविधियों के लिए अनिवार्य है, तो वह देश अपनी सीमित सैन्य या आर्थिक क्षमताओं के बावजूद वैश्विक मंच पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव रख सकता है। ईरान दशकों से भारी आर्थिक प्रतिबंधों और राजनीतिक दबावों का सामना कर रहा है, लेकिन होर्मुज पर उसकी सामरिक स्थिति उसे विश्व राजनीति में लगातार प्रासंगिक और शक्तिशाली बनाए रखती है। यह स्थिति पारंपरिक शक्ति संतुलन को भी गंभीर चुनौती देती है।

लंबे समय तक वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा कि बड़ी सैन्य और परमाणु शक्ति रखने वाले देश किसी भी क्षेत्रीय संकट का समाधान अपने पक्ष में करने में सक्षम होते हैं। होर्मुज का उदाहरण दिखाता है कि कठोर भौगोलिक वास्तविकताएं कई बार विशाल सैन्य शक्ति को भी सीमित कर देती हैं। यदि इस समुद्री मार्ग पर थोड़ा भी तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल एक क्षेत्र पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को भी यहां किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति, समझौतों और क्षेत्रीय संतुलन का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही, ईरान की इस रणनीति ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्न को एक बार फिर केंद्र में ला दिया है। ऊर्जा आधुनिक अर्थव्यवस्था की आधारशिला है जिसके बिना उद्योग, परिवहन, कृषि और संचार जैसे लगभग सभी क्षेत्र ठप हो सकते हैं। जब किसी ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर संकट की मामूली आशंका भी उत्पन्न होती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव शुरू हो जाता है। इससे दुनिया भर के निवेशकों में चिंता बढ़ती है और सरकारें वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। इस प्रकार एक सीमित क्षेत्रीय तनाव भी व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इस परिस्थिति का प्रभाव केवल तेल उत्पादक या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहता है। जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और यूरोप के अनेक प्रमुख देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से पश्चिम एशिया के इसी मार्ग पर निर्भर हैं। यदि होर्मुज में कोई बाधा आती है तो इन विकासशील और विकसित देशों की ऊर्जा सुरक्षा सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि दुनिया के तमाम राष्ट्र इस मार्ग को हमेशा खुला और सुरक्षित बनाए रखने के पक्षधर हैं। वे अच्छी तरह समझते हैं कि यहां उत्पन्न होने वाला कोई भी संकट उनके घरेलू आर्थिक हितों को सीधे चोट पहुंचाएगा।

ईरान के इस व्यवहार से यह भी स्पष्ट होता है कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों के संचय की नहीं होगी। बीते दशकों में परमाणु हथियारों के प्रसार को लेकर व्यापक चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं, लेकिन आज एक नई प्रवृत्ति उभरती दिखाई दे रही है, जिसमें देश उन स्थानों, संसाधनों और मार्गों पर नियंत्रण की तलाश कर रहे हैं जिनके माध्यम से वे संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर सकें। इन्हें भू-राजनीति की भाषा में चोक प्वाइंट कहा जाता है, जहां से होकर व्यापार, ऊर्जा या संचार का बड़ा भाग गुजरता है। यदि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को अक्षुण्ण रखना है, तो क्षेत्रीय देशों तथा बड़ी शक्तियों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक होगा। अंततः, ईरान के व्यवहार से यही निष्कर्ष निकलता है कि 21वीं शताब्दी में शक्ति का स्वरूप बहुआयामी हो गया है, जहां भौगोलिक स्थिति, समुद्री मार्ग, संसाधन और ऊर्जा नेटवर्क ही भविष्य की विश्व राजनीति की दिशा तय करेंगे।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पाक रक्षा बजट
डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



# सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करे भारत

पाकिस्तान की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने वित वर्ष 2026-27 का बजट कुल 18.77 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये अर्थात 67.49 अरब डॉलर का पेश किया है। इस बजट में रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने भारत तथा अफगानिस्तान के साथ चल रहे तनाव एवं अन्य सैन्य अभियानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अधिक रक्षा बजट की मांग की थी। शरीफ सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर की इस मांग को मानते हुए रक्षा बजट में 18 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद पाकिस्तान का रक्षा बजट तीन ट्रिलियन अर्थात 3000 अरब रुपये हो गया है। वहां के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेम्बली को बताया कि सरकार जुलाई से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए यह राशि आवंटित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अनिश्चितता के कारण देश को अजेय बनाने के लिए रक्षा खर्च में यह बढ़ोत्तरी सभी प्रांतीय सरकारों के साथ बातचीत के बाद की गई है। पाकिस्तान का रक्षा बजट पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। 2021-22 में यह लगभग 1280 अरब पाकिस्तानी रुपये था। वहीं, 2025-26 में यह 2550 अरब पाकिस्तानी रुपये था। अब नई उल्लेखनीय वृद्धि का निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब पाक गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी कर्ज और गरीबी जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। एक तरफ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सहारे चल रही है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने रक्षाबजट बढ़ाने का निर्णय लिया है। विदित हो कि पाकिस्तान वर्ष 2023 में डिफॉल्ट होने से बचने के बाद सात अरब डॉलर के आईएमएफ प्रोग्राम को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसी संस्थाएं उसकी आर्थिक स्थिति को चुनौतीपूर्ण बताती हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब करोड़ों नागरिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हों तब रक्षा बजट का बढ़ाया जाना उचित नहीं लगता है, जबकि पाकिस्तान इस निर्णय के पीछे अपनी सुरक्षा चिंताओं, क्षेत्रीय रणनीतिक परिस्थितियों एवं सैन्य जरूरतों का हवाला देता है। सैन्य नेतृत्व का यह मानना है आर्थिक संकट तो अस्थायी है, लेकिन सुरक्षा कमजोर हुई तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। 1947 में हुए बंटवारे के बाद से अब तक पाक की रक्षानीति का सबसे बड़ा केन्द्र भारत ही रहा है और इसी के चलत उसने भारत के साथ 1947-48, 1965, 1971 एवं 1999 में संघर्ष किया और पराजित भी हुआ, लेकिन तनाव बनाए रखा। गत वर्ष की लड़ाई में मात खाना भी उसे अच्छी तरह से याद है। भारत में फैला आतंकवाद उसकी नीतियों की देन है। भारत की बढ़ती आर्थिक व सैनिक ताकत उसके लिए आज भी चिंता का विषय है। भारत लगातार अपनी आधुनिक मिसाइल प्रणालियां, आधुनिक लड़ाकू विमान, वायु रक्षाप्रणाली, ड्रोन एवं नौसैनिक ताकत का लगातार विकास कर रहा है। इस कारण पाकिस्तान अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत बनाए रखने और भारत के मुकाबले में बने रहने हेतु अपनी रक्षाशक्ति को आधुनिक बनाने के लिए रक्षाबजट में वृद्धि को जायज मानता है। भारत के अलावा अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का संघर्ष जारी है। वहां पर तालिबान का शासन स्थापित होने के बावजूद पाक की सुरक्षा चिंताएं कम नहीं हुई हैं। दोनों देशों के बीच आए दिन संघर्ष होता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि कुछ आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। इसीलिए सीमा सुरक्षा अभियानों पर खर्च बढ़ रहा है। पाकिस्तान को केवल बाहरी ही नहीं बल्कि आंतरिक सुरक्षाचुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों, मिसाइल एवं ड्रोन जैसे क्षेत्रों में विकास करता है तो भारत को पाकिस्तानी सीमा पर अपनी निगरानी एवं सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक मजबूत करना होगा। चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ता रणनीतिक सहयोग एक चिंता का विषय है क्योंकि दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक, हथियार प्रणालियां और संयुक्त रक्षा परियोजनाओं का विस्तार भारत के लिए दो मोर्चों की सुरक्षा तैयारी के लिए बाध्य करता है। रक्षा बजट की वृद्धि यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता मजबूत करेगी तो भारत पर तत्कालिक खतरा भले ही कम हों, लेकिन दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती तो अवश्य बनेगी। साथ में देखना यह भी होगा कि आर्थिक तंगी के बीच पाकिस्तान का बढ़ा रक्षा बजट उसके लिए कितना लाभदायक सिद्ध होगा।

( लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का ह्दय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर ह्दय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी मे भर कर ले जाए। दोनो निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। दरअसल लालच ही वह बला है जिससे मनुष्य उबर नहीं पाता और जो इससे उबर जाता है अपनी मंजिल पा लेता हैं ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं में बढ़ा तंबाकू का सेवन

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। तंबाकू का सेवन छुड़वाना एक बड़ी चुनौती है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# प्रतिबंध के बावजूद बच्चे कर रहे सोशल मीडिया का उपयोग



ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध लागू होने के छह महीने बाद भी 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस कानून की सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि बच्चे अब भी इन मंचों तक पहुंच बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल की जनस्वास्थ्य शोधकर्ता कोर्टनी बार्नेस के नेतृत्व में किए गए और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि टिकटॉक, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में बहुत कमी नहीं आई है। शोधकर्ताओं ने 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 408 किशोरों पर सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2025 में कानून लागू होने से पहले और तीन महीने बाद किया गया। अध्ययन में 16 वर्ष की आयु सीमा से ठीक नीचे और उससे ऊपर के किशोरों की तुलना कर कानून के प्रभाव को अलग से समझने का प्रयास किया गया। अध्ययन के अनुसार, अनुवर्ती सर्वेक्षण के समय 16 वर्ष से कम आयु के 85 प्रतिशत से अधिक बच्चे अब भी प्रतिबंधित सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से अधिकतर बच्चे अपने स्वयं के खातों के जरिए इन मंचों तक पहुंच रहे थे।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## X ट्रेंड

### भारतीय लोकतंत्र



'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है जब भारतीय लोकतंत्र को बेरहमी से कुचल दिया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी महानुभावों को मेरा सादर नमन।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सत्ता का अहंकार



सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री "आतंकवादी" कह रहे हैं। जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, वह आज पीड़ित बच्चों को "दहशतगर्द" बता रहा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### चंपत राय की हिम्मत



चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से इनकार कर दिया है। उसने इतनी हिम्मत कहां से जुटाई? उसे कौन से राज पता हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने बेबस हैं? दूसरी तरफ, एसआईटी छोटे कर्मचारियों को तलब कर सबकी आंखों में धूल झोंक रही है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### आवाजाही सुचारू



एनएच-44 पर कालीबाड़ी के पास रावी नदी और सेहर खड्ड पर बने दो अहम पुल, जो पिछले साल आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें ठीक कर लिया गया है। इससे अमरनाथ तीर्थयात्रियों यात्रियों व सामान की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी।

- मनोज सिन्हा, एलजी, जम्मू-कश्मीर

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## प्रेरणा

मनुष्य की महानता उसकी सोचने की क्षमता में होती है। - **ब्लेज पास्कल**

## संपादकीय

# किसानों को कम पानी वाली फसलें बोने के लिए प्रेरित करें

**पहले** ही आपूर्ति-संकट से जूझ रही अर्थव्यवस्था में अगर ऐन खरीफ सीजन में अभी तक 43% बारिश की कमी आंकी गई हो तो आने वाला संकट कई गुना बढ़ जाता है। आजादी के 79 साल बाद भी भारत में औसत 42% ही सिंचित भूमि है। इस संकट को देखते हुए सरकार ने इनमें 111 जिलों को विशेष रूप से चिह्नित किया है, जिनमें 25% से कम सिंचाई-व्यवस्था है। देश के बड़े भाग में खरीफ की मुख्य फसल धान बोई जाती है, जिसमें पानी की काफी जरूरत होती है। जहां सरकार सूखाग्रस्त जिलों की मदद के लिए योजना बना रही है, वहीं बेहतर यह होता कि उन्हें बाजरा और कम खाद-पानी वाली मोटी फसलें बोने के लिए आर्थिक और तकनीकी मदद दी जाती। किसानों को भी समझना होगा कि वर्षा के इंतजार में खेत बगैर बोये छोड़ने की जगह कम लागत और बेहतर रिटर्न देने वाला बाजरा बेहतर विकल्प हो सकता है। चूंकि बाजरा धान के मुकाबले कम समय लेता है लिहाजा खेत को गेहूं या दलहन के लिए समय-पूर्व तैयार किया जा सकता है। किसानों को तथ्य बताते हुए सरकार सुनिश्चित करे कि वह पूरा बाजरा एमएसपी पर खरीद लेगी। हर एकड़ पर 18-20 हजार के मुनाफे का वादा किसानों को आर्थिक बदहाली से बचाएगा। फसलीय विविधता का लक्ष्य भी पूरा होगा, पानी का दोहन बचेगा और देश को सस्ता लेकिन पोषण से भरपूर अनाज विकल्प मिलेगा।

## जीने की राह




**पं. विजयशंकर मेहता**
humarehanuman@gmail.com


# परिवार संस्था के हित के लिए विवाह को लेकर गंभीर रहें

**विवाह** संस्था पर धीरे-धीरे ऐसे आक्रमण हो रहे हैं, जिसके परिणाम अभी पता न लगें, लेकिन भविष्य में परिवार इसकी कीमत चुकाएंगे। कुछ सरकारें लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लेकर उसे समर्थन दे रही हैं। एक छत के नीचे बिना विवाह किए स्त्री-पुरुष पति-पत्नी के रूप में रहें, यह कानून का विषय हो सकता है, लेकिन विवाह संस्था की नैतिकता इससे अ◌ाहत होगी। एक आंकड़ा चौंकाता है कि अरेंज मैरिज 25% घट गई, लव मैरिज का प्रतिशत बढ़ गया। और इसी बीच एक और आंकड़ा निकलकर आता है कि सगाई और शादी के बीच की अवधि छह माह से अधिक हो तो 70% रिश्ते या तो टूट जाते हैं या खटाई में पड़ जाते हैं। युवक-युवती एक-दूसरे की पसंद से विवाह करें, इसकी भी आलोचना नहीं की जानी चाहिए। सीता जी को राम जी ने वाटिका में विवाह पूर्व देखा और स्वीकृति दी। रुक्मिणी जी ने कृष्ण जी को आमंत्रण दिया था। लेकिन इन सभी दृश्यों ने विवाह संस्था का मान किया है, जो हमारे परिवारों के लिए बड़ा आवश्यक है। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विश्लेषण • लोकतंत्र को चुनौती देता है दलबदल

# अब हमारे नेताओं को 'लोग क्या कहेंगे' का डर नहीं सताता?

### सियासत




**राजदीप सरदेसाई**
वरिष्ठ पत्रकार
rajdeepsardesai52@gmail.com


**वैसी** छवियां एक जमाने में राजनेताओं के लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकती थीं। दिल्ली में तृणमूल के सांसदों के पाला बदलने की तैयारी के दौरान उन्हें वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ पूरी तरह से कम्फर्टेबल देखा गया। गोपनीयता बनाए रखने की कोशिश तक नहीं की गई। महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायक चार्टर्ड विमानों से यात्रा करते दिखे, आलीशान होटलों में ठहरे और भारी सुरक्षा घेरे में अपने राजनीतिक भविष्य पर बातचीत करते रहे। वे ऐसे जनप्रतिनिधियों जैसे नजर नहीं आ रहे थे, जो अपनी अंतरात्मा के किसी संघर्ष से जूझ रहे हों। इसके बजाय वो किसी कॉर्पोरेट मामले पर बातचीत कर रहे एग्जीक्यूटिव्ज जैसे ज्यादा लग रहे थे!

यहां चौंकाने वाली बात दलबदल नहीं है। क्योंकि भारतीय राजनीति तो दशकों से दलबदल देखती आ रही है। ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि अब आम धारणा की कोई चिंता तक दिखाई नहीं देती। विचारधारा में अचानक बदलाव क्यों कर आया, इस पर कोई व्याख्या नहीं दी जाती। मतदाताओं को यह समझाने का प्रयास नहीं किया जाता कि ऐसा करने के पीछे कोई महत् उद्देश्य है। संदेश जैसे साफ था : राजनीति एक लेन-देन है और हर कोई सौदे की शर्तें जानता है।

अब तो राज्यसत्ता के संसाधनों तक पहुंच भी इस सौदे का हिस्सा दिखाई देती है। जैसा कि एक शिवसेना सांसद ने कहा : अगर मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए विकास-निधि चाहिए तो मैं और क्या करता? दलबदल को अब चुनावी जनादेश से विश्वासघात के रूप में नहीं देखा जाता। यह सामान्यीकृत हो चुका है और सत्ता हासिल करने की कोशिश में एक साधन के रूप में स्वीकार लिया गया है।

क्या कांग्रेस के शासन में दलबदल नहीं हुए थे? हां, हुए थे। दलबदल भारतीय लोकतंत्र जितना ही पुराना है। पहले भी विपक्षी सरकारों को बर्खास्त किया गया, विधायकों ने पद हासिल करने, गुटीय विवाद सुलझाने या उस समय की प्रभावशाली पार्टी के साथ जुड़ने के लिए पाला बदला। राजनीतिक अवसरवाद फलता-फूलता रहा। लेकिन सवाल यह है कि क्या अब दलबदल का चरित्र बदल गया है। कांग्रेस युग में दलबदल एक प्रभुत्वशाली पार्टी व्यवस्था का लक्षण था। जबकि आज यह एक प्रभुत्वशाली पार्टी व्यवस्था बनाने और बनाए रखने की रणनीति बन चुका है।

यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समकालीन भारतीय राजनीति में आए सबसे बड़े बदलावों में से एक को समझने में मदद करता है। पिछले एक दशक में भाजपा स्वतंत्र भारत में देखी गई सबसे प्रभावशाली चुनावी मशीनों में से एक बनकर उभरी है। इसकी संगठनात्मक शक्ति, वित्तीय संसाधन, संचार तंत्र और नेतृत्व संरचना अभूतपूर्व है। इसकी चुनावी सफलता को स्वीकार किया जाना चाहिए। लेकिन इसने एक नई राजनीतिक सोच को भी जन्म दिया है। चुनाव जीतना अब केवल सत्ता चलाने का माध्यम नहीं रह गया है। क्षेत्र-विस्तार का उद्देश्य बन गया है। इस दृष्टिकोण से दलबदल अब अपवाद नहीं, अधिग्रहण बन चुके हैं।

जरा पैटर्न पर गौर करें। मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों के जाने के बाद कांग्रेस सरकार गिर गई। महाराष्ट्र ने पहले शिवसेना में विभाजन देखा और फिर राकांपा में टूट हुई। पूर्वोत्तर में भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी दलों के नेताओं और विधायकों को साथ लेकर अपना विस्तार किया है। इस सबका लक्ष्य प्रतिद्वंद्वी दलों को संरचनात्मक रूप से कमजोर करना और सत्तारूढ़ दल की राजनीतिक पहुंच को लगातार बढ़ाना है।

**वोटर किसी एक उम्मीदवार का ही चुनाव नहीं करते। वे एक पार्टी, चुनाव चिह्न, कार्यक्रम और राजनीतिक दृष्टिकोण को भी चुनते हैं। उनके इस जनादेश को चुनाव के बाद राजनीतिक जोड़-तोड़ के जरिये बदल देना अनैतिक है।**

जो भाजपा कभी वैचारिक प्रतिबद्धता और अपने कैडर की निष्ठा पर गर्व करती थी, वही अब विरोधी खेमों से बड़े पैमाने पर नेताओं को शामिल कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी के दौर की भाजपा मुख्य रूप से गठबंधनों, सामाजिक समीकरणों और मतदाताओं तक पहुंच के माध्यम से विस्तार करना चाहती थी। वाजपेयी समझते थे कि राजनीतिक विस्तार सहमति और मनुहार के माध्यम से होता है। लेकिन आज ऐसा नहीं है।

दलबदल विरोधी कानून को भी लगातार दरकिनार किया जा रहा है। बंगाल में एक अल्पज्ञात राजनीतिक दल- नेशनलिस्ट सिटीजनशिप पार्टी ऑफ इंडिया का उपयोग कानून के दायरे से बचते हुए दलबदल को आसान बनाने के लिए किया गया। दलों में विभाजन और अपात्रता से जुड़े मामले अदालत में महीनों और कभी-कभी वर्षों तक लंबित रहते हैं। जब तक फैसला आता है, तब तक सरकारें अपना कार्यकाल चला चुकी होती हैं और मंत्री पद का लाभ उठा चुके होते हैं।

पार्टियां विकसित होती हैं। गठबंधन बदलते हैं। नेता भी अपने विचार बदल सकते हैं। लेकिन यदि दलबदल सत्ता हासिल करने के साधन बन जाएं तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## दूरदृष्टि • ईरान ने उन्हें खासे दबाव में ला दिया था

# अपने सहयोगियों को मुश्किल में फंसाकर चलते बने हैं ट्रम्प

### मध्य-पूर्व




**थॉमस एल. फ्रीडमैन**
तीन बार पुलित्ज़र अवॉर्ड विजेता एवं 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' में स्तंभकार


**निश्चित** रूप से अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते में कुछ ऐसा रहा होगा, जो अमेरिका के रियल-एस्टेट कारोबारी राष्ट्रपति को जाना-पहचाना लगा होगा। आखिरकार, यह किसी रियल-एस्टेट बैंक्रप्सी आवेदन जैसा ही लगता है- वित्तीय आत्मसमर्पण का एक दस्तावेज। यह इस बात का भी संकेत है कि ईरान ने ट्रम्प को किस हद तक दबाव में ला दिया था और किस तरह उसने उन्हें पूरी तरह से मात दी।

यह समझने के लिए आपको विदेश नीति विशेषज्ञ होने की जरूरत नहीं है कि इस मामले में क्या हुआ है। हां, इसके लिए आपका घरेलू राजनीति का जानकार होना जरूर अपेक्षित है। ट्रम्प ने युद्ध में अमेरिका के सहयोगी इजराइल और अरब देशों के हितों की कीमत पर पेंसिल्वेनिया, जॉर्जिया और मिशिगन जैसे निर्णायक राज्यों को प्राथमिकता दी। ट्रम्प जानते थे कि युद्ध से पैदा हुई खाने-पीने की चीजों की महंगाई और पेट्रोल की ऊंची कीमतें मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकती थीं। उन्हें नवंबर तक कीमतें नीचे लाने के लिए युद्ध को तुरंत रोकना था, क्योंकि यदि डेमोक्रेट्स हाउस और सीनेट पर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं, तो ट्रम्प को इस बात की अंतहीन जांचों का सामना करना पड़ेगा कि उन्होंने राष्ट्रपति पद का उपयोग खुद को और अपने परिवार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए कैसे किया। और संभवतः उन पर महाभियोग भी चलाया जा सकता है।

ऐसे में ट्रम्प ने वही किया जो वे हमेशा करते हैं : उन्होंने सभी सिद्धांतों और सहयोगियों को छोड़ दिया और अपने निजी हितों को सबसे ऊपर रखा।

उन्होंने अपने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को भी मुश्किल स्थिति में डालने के लिए माहौल तैयार कर दिया। उन्होंने कहा, अगर यह सफल होता है, तो इसका श्रेय मैं लूंगा। अगर यह असफल होता है, तो मैं जेडी को दोष दूंगा। जेडी, तुम्हें सावधान रहना चाहिए। उनकी यह बात सुनकर लोग हंसे- लेकिन घबराहट के साथ, क्योंकि सभी जानते थे कि यह मजाक भी था और नहीं भी था।

इस समझौते ने ईरान को पहले से अधिक मजबूत तथा उसके सभी पड़ोसियों को तेहरान की इच्छाओं के प्रति अधिक असुरक्षित बना दिया है। ईरान जैसी जटिल समस्या से निपटने में ट्रम्प के तनावपूर्ण रवैये के प्रति मेरी सहानुभूति कहीं अधिक होती, अगर उन्होंने एक बार भी पूर्व राष्ट्रपति ओबामा के प्रति ऐसा ही दृष्टिकोण दिखाया होता या यह स्वीकारा होता कि वे अब ईरानी लोगों के लिए वह सब नहीं कर सकते, जिसका उन्होंने वादा किया था। इसके बजाय वे बस ऐसा दिखावा करते हैं कि उन्होंने जो कुछ भी किया, वह पूरी तरह सही था।

यह डील न केवल ईरान के बम-ग्रेड यूरेनियम के निपटारे के सवाल को भविष्य की बातचीत के लिए टाल देता है, बल्कि आश्चर्यजनक रूप से यह इस संभावना को भी खुला छोड़ देता है कि भविष्य में ईरान उन जहाजों से शुल्क वसूल सकेगा, जो होर्मुज से गुजरना चाहते हैं। ईरान पर अरबों डॉलर के बम गिराने के बाद, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर तेहरान से होर्मुज के रास्ते 60 दिनों तक बिना शुल्क के आवागमन का आश्वासन भर हासिल कर पाए हैं। तेल टैंकरों के कप्तानो, अपने क्रेडिट कार्ड तैयार रखिए।

युद्धविराम समझौता ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाने और लेबनान तथा इराक की सरकारों को कमजोर करने वाले उसके सहयोगी गुटों के समर्थन को सीमित करने पर चुप है। यह ईरान के परमाणु भविष्य पर होने वाली 60 दिनों की बातचीत को इस शर्त से भी जोड़ता है कि इजराइल लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने सैन्य अभियान रोक दे। अगर बराक ओबामा ने कभी ऐसा कोई समझौता किया होता, तो फॉक्स न्यूज अपनी नियमित प्रसारण सेवा रोककर इसकी निंदा करने लग जाता।

**ट्रम्प और नेतन्याहू इतना गलत आकलन कैसे कर सकते हैं कि उन्होंने सोच लिया 1979 से सत्ता में मौजूद किसी हुकूमत को केवल हवाई बमबारी के जरिए गिराया जा सकता है? जवाब है, क्योंकि उन्होंने खुद को चापलूसों की फौज से घेर लिया है।**

आपको यह सवाल पूछना होगा कि ट्रम्प और नेतन्याहू इतना गलत आकलन कैसे कर सकते हैं कि उन्होंने सोच लिया 1979 से सत्ता में मौजूद किसी हुकूमत को केवल हवाई बमबारी के जरिए गिराया जा सकता है? दोनों के लिए इसका एक ही जवाब है : क्योंकि उन्होंने खुद को चापलूसों की फौज से घेर लिया है और अपनी पार्टियों से उन लोगों को बाहर कर दिया है, जो उन्हें चुनौती दे सकते थे।

**(द न्यूयॉर्क टाइम्स से)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक | एडिडास : जर्मनी की मशहूर लाइफस्टाइल कंपनी

# 90 के दशक में डूबने की कगार पर थी, अब दुनिया के टॉप शू ब्रांड में शामिल है एडिडास

**4** जुलाई 1954, स्विट्जरलैंड के वैंकडॉर्फ स्टेडियम में फुटबॉल विश्वकप का फाइनल मैच हंगरी और वेस्ट जर्मनी के बीच खेला गया। हंगरी उस समय दुनिया की सबसे मजबूत टीम थी, लेकिन जर्मनी ने 3-2 से उसे हराकर उलटफेर कर दिया। उसकी इस जीत में एडिडास के जूतों का बड़ा योगदान रहा। जर्मन खिलाड़ियों ने ऐसे जूते पहने थे, जिनके स्पाइक्स को बदला जा सकता था। बारिश से कीचड़ बने मैदान में इस इनोवेशन ने जर्मनी को विजेता बना दिया। एडिडास रातोंरात दुनिया में छा गया। हालांकि 90 के दशक में एक दौर ऐसा भी आया जब कंपनी डूबने की कगार पर पहुंच गई थी। कंपनी के संस्थापक एडॉल्फ डैसलर के बेटे होर्स्ट डैसलर का 1987 में अचानक निधन होने के कारण कंपनी नेतृत्वविहीन हो गई। डैसलर परिवार ने अपने शेयर फ्रांसीसी बिजनेसमैन बर्नार्ड टैपी को बेच दिए। उनके पास कोई स्पष्ट विजन नहीं था। वहीं नाइकी और रीबॉक युवाओं में पैठ बना रहे थे। नतीजा यह हुआ कि 1989 से 1992 के बीच कंपनी का घाटा 10 करोड़ डॉलर को पार कर गया। हालात इतने बुरे हो गए थे कि कई बैंकों ने ब्रांड को लोन देने तक से मना कर दिया था।





**सबक...** किसी एक इंसान या उत्पाद पर अत्यधिक निर्भर होना बेहद खतरनाक हो सकता है। इनोवेशन ही असली ताकत है।

**2.54** लाख करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया था रेवेन्यू 2024 में।

**160** से अधिक देशों में व्यापार कर रही है एडिडास वर्तमान में।

**64** हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं कंपनी में।

**700** से अधिक स्टोर्स संचालित हैं एडिडास के भारत में।

### यूं संकट में फंसी थी...

- **कान्ये वेस्ट विवाद** : 2015 में रैपर कान्ये वेस्ट के साथ 'यीजी' ब्रांड के स्नीकर्स व कपड़े लॉन्च किए। 2022 में, वेस्ट के विवादित बयानों के बाद साझेदारी खत्म की। इससे अरबों डॉलर का नुकसान हुआ।
- **ट्रेंड्स को समझने में चूक** : 90 के दशक में नाइकी और रीबॉक जैसे ब्रांड्स नए कुशनिंग इनोवेशन के साथ बाजार में छा रहे थे। एडिडास सिर्फ एथलीट्स के लिए जूते बनाने के मॉडल पर ही टिका रहा।
- **टॉक्सिक कॉर्पोरेट कल्चर**: पूर्व सीईओ कैस्पर रोरस्टेड के कार्यकाल में डर का माहौल था। बेहतरीन टैलेंट का पलायन हुआ। अल्पकालिक मुनाफे पर केंद्रित रणनीति ने क्रिएटिविटी को खत्म कर दिया था।
- **चीन जैसे बाजारों में गिरावट** : चीन एडिडास के लिए मुनाफे वाले बाजारों में से एक था, लेकिन पश्चिमी ब्रांड्स के बहिष्कार के कारण कंपनी को नुकसान हुआ।

### इस तरह की वापसी...

- **ब्योर्न गुल्डन की रणनीतिक वापसी** : 2023 में नए सीईओ ब्योर्न गुल्डन ने कमान संभाली। गुल्डन ने आते ही तेजी से फैसले लिए। क्रिएटिविटी को बेहतर किया। इन निर्णयों से एडिडास ट्रैक पर लौटा।
- **पुरानी विरासत का सही इस्तेमाल**: संकट में टेरेस शूज जैसे- सांबा और गजेल को फिर से बाजार में उतारा। ये पुराने क्लासिक डिजाइन युवाओं के बीच वायरल हो गए। इससे वापसी में भारी मदद मिली।
- **यीजी के स्टॉक का स्मार्ट निस्तारण**: एडिडास ने यीजी के जूतों को सीमित मात्रा में बेचकर इससे हुए मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा चैरिटी संगठनों को दान कर दिया। इससे ब्रांड की छवि सुधरी। नगदी आई।
- **डिजिटलीकरण** : ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'एडिक्लब' मेंबरशिप को लगभग 50 देशों में मजबूत किया। इससे ग्राहकों की पसंद का सटीक डेटा मिला।

• **वर्तमान स्थिति**

### 3 लाख करोड़ से ज्यादा की कंपनी है एडिडास

एडिडास आज स्पोर्ट्सवियर की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। पहले नंबर पर नाइकी है। वर्तमान में एडिडास का मार्केट कैप करीब 3.38 लाख करोड़ रुपए है। कंपनी हर सेकंड करीब 12-13 जोड़ी जूते बेचती/बनाती है। भारत में भी तेजी से ग्रो कर रही है। वित्त वर्ष 2025 में करीब 3200 करोड़ रुपए की कमाई की। कंपनी ने पॉलिएस्टर को 99% रिसाइकल्ड पॉलिएस्टर में बदल दिया है। समुद्र से निकलने वाले प्लास्टिक और अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले जालों को रिसाइकिल करके अल्ट्राबूस्ट नाम से जूते और अन्य कपड़े बना रही है। कंपनी के ये प्रोडक्ट सफल रहे हैं।

### शुरुआत : दो भाइयों में झगड़े के बाद पड़ी एडिडास की नींव

एडिडास की जड़ें जर्मनी के छोटे से शहर हर्जोगेनौराच से जुड़ी हैं। 1924 में एडॉल्फ डैसलर ने बड़े भाई रुडोल्फ के साथ मिलकर 'डैसलर ब्रदर्स शू फैक्ट्री' की स्थापना की थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दोनों भाइयों के बीच मतभेद इतने बढ़ गए कि 1948 में वे अलग हो गए, जिससे एडिडास और प्यूमा ब्रांड का जन्म हुआ।

### नए कदम : गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी सक्रिय है एडिडास

डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में एडिडास ने भारी निवेश किया है। ई-कॉमर्स और एप्स के जरिए डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर बिजनेस को मजबूत कर रही है। कंपनी एआर/वीआर टूल्स, वर्चुअल ट्राई-ऑन और बेहतर सप्लाई चेन मैनेजमेंट से कस्टमर एक्सपीरियंस को नया रूप दे रही है। एडिडास वर्तमान में गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स सेगमेंट में भी सक्रिय है।

**ऐसे पड़ा नाम :** एडॉल्फ का निकनेम 'एडि' था। उन्होंने निकनेम 'एडि' और सरनेम डैसलर के शुरुआती अक्षरों 'डास' को मिलाकर कंपनी का नाम 'एडिडास' रखा।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी कंपनी 'नाइकी' है। वहीं भाई रुडोल्फ की कंपनी 'प्यूमा' सबसे पुरानी और कट्टर प्रतिद्वंद्वी है

## पीपुल भास्कर | कुणाल शाह, फिनटेक कंपनी क्रेड के फाउंडर, सीईओ

# कभी फीस के लिए पायरेटेड सीडी, मेहंदी के कोन तक बेचे, पोकर के शौकीन हैं कुणाल

**चर्चा में क्यों :** मेटा ने उन्हें वाट्सएप का ग्लोबल हेड बनाया है। मेटा क्रेड पर 8 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश भी करेगी।

**1998** के आसपास का समय, मुंबई की सड़कों पर 15-16 साल का एक किशोर कभी पायरेटेड सीडी बेचता तो कभी महिलाओं को मेंहदी के कोन ताकि कॉलेज की फीस निकल सके। घर के खर्च में कुछ मदद हो सके। यहां तक कि कॉलेज की पढ़ाई के बाद मिलने वाले समय में 15 रुपए घंटे के हिसाब से डाटा एंट्री का काम भी करता, लेकिन आज 43 साल की उम्र में व्हाट्सएप के ग्लोबल हेड है, क्रेड जैसा सफल एप बना चुके हैं और उनके पास 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह कहानी है क्रेड एप के संस्थापक कुणाल शाह की। कुणाल कहते हैं 'मैं खुद को बहुत स्मार्ट इंसान नहीं मानता, लेकिन हां बातें खुलकर कहता हूं।'

**कुणाल के पास एक खास तरह की 'बिल्डर मेंटैलिटी' और ग्लोबल नजरिया है।**

**- मार्क जकरबर्ग, सीईओ मेटा**

एक साक्षात्कार में वे कहते हैं कि जानबूझकर ऐसे लोगों को काम पर रखते हैं जो पहले किसी स्टार्टअप के फाउंडर रह चुके हों, क्योंकि उनके पास रिस्क लेने और 'ओनरशिप' की भावना होती है। कुणाल को चेस और पोकर खेलना बेहद पसंद है। उन्हें पढ़ने का भी बहुत शौक है। बिजनेस, मनोविज्ञान और मानव व्यवहार पर हर हफ्ते किताबें पढ़ते हैं और अपने ट्विटर पर अक्सर उनके नोट्स शेयर करते हैं। कुणाल अपने 'थॉट-प्रोवोकिंग' (सोचने पर मजबूर करने वाले) ट्वीट्स के लिए मशहूर हैं। वे अक्सर भारतीय मिडिल क्लास की आदतों और वेल्थ क्रिएशन पर कुछ न कुछ लिखते रहते हैं, जो अक्सर चर्चा का विषय बनता है।





• **शुरुआत**

### 15 वर्ष की उम्र से शुरू कर दिया था काम

कुणाल के पिता दवा कारोबार से जुड़े थे, जिन्हें व्यापार में भारी नुकसान हुआ। स्थिति यह हो गई कि कुणाल को 15 साल की उम्र में काम करना पड़ा। कुणाल ने मुंबई के विल्सन कॉलेज में फिलॉसफी विषय से बीए में सिर्फ इसलिए प्रवेश लिया, क्योंकि कक्षाएं सुबह लगती थीं। बचे हुए समय में वे कॉलेज फीस और खर्च के लिए पार्सल डिलीवरी का काम करते थे।

• **विवाह**

### पत्नी कॉलेज मित्र ग्राफिक डिजाइनर हैं

कुणाल की पत्नी का नाम भावना शाह है। दोनों की मुलाकात विल्सन कॉलेज, मुंबई में पढ़ाई के दौरान हुई थी। भावना एक फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइनर हैं। खास बात यह है कि कुणाल की प्रोफेशनल लाइफ जितनी ज्यादा चर्चा में रहती है, उनका पारिवारिक जीवन उतना ही ज्यादा गोपनीय है। वे इसकी बहुत अधिक चर्चा नहीं करते।

• **करियर**

### जूनियर प्रोग्रामर से लेकर क्रेड सीईओ तक

साल 2000 में 'टिस इंटरनेशनल' नाम के स्टार्टअप में जूनियर प्रोग्रामर के तौर पर काम शुरू किया। 2010 में संदीप टंडन के साथ मिलकर 'फ्रीचार्ज' की स्थापना की। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म था, जो मोबाइल रिचार्ज करने पर उसी कीमत के डिस्काउंट कूपन देता था। बाद में इसे स्नैपडील को बेचा। 2018 में क्रेड की शुरू किया। सीईओ बने।

### खास : स्टार्टअप्स के परीक्षण के लिए डेल्टा-4 का सिद्धांत

- कुणाल शाह ने स्टार्टअप्स को परखने के लिए खुद का एक सिद्धांत बनाया है, जिसे डेल्टा-4 कहा जाता है। इससे वह तय करते हैं कि स्टार्टअप सफल होगा या नहीं।
- हायरिंग के दौरान वे डिग्री से ज्यादा 'जिज्ञासा' को महत्व देते हैं।

### उपलब्धि: फॉर्च्यून की 40 अंडर 40 की सूची में शामिल रहे हैं

- फॉर्च्यून की 40 अंडर 40 की सूची में कई बार शामिल किए जा चुके हैं।
- 2010 में फ्रीचार्ज की स्थापना कर भारत में ऑनलाइन मोबाइल रिचार्ज और डिस्काउंट कूपन की नई क्रांति की शुरुआत की। बाद में करीब 2600 करोड़ रुपए में इसे स्नैपडील को बेचा।

### रोचक : 200 से ज्यादा स्टार्टअप्स में निवेश किया है

- कुणाल देश के सबसे सक्रिय एंजेल निवेशकों में हैं। उन्होंने रेजरपे, अनएकेडमी और ओला जैसे 200 से अधिक स्टार्टअप्स में पैसा लगाया है।
- दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप एक्सेलेरेटर 'वाई-कॉम्बिनेटर' के पार्ट-टाइम पार्टनर रहे, जहां उन्होंने कई युवा संस्थापकों का मार्गदर्शन किया।

बड़ा बदलाव • 'विजन 2030' के तहत ऑयल इकोनॉमी पर निर्भरता घटाने की खास रणनीति, इससे सऊदी में रह रहे 24 लाख भारतीयों को होगा सीधा फायदा

# सऊदी अरब ने विदेशी नागरिकों के लिए खोला रियल एस्टेट; भारतीय भी ले सकेंगे घर

भास्कर न्यूज़ | मुंबई/रियाद

सऊदी अरब ने अपने रियल एस्टेट सेक्टर को विदेशियों के लिए खोल दिया है। 'सऊदी प्रॉपर्टीज' नाम के नए डिजिटल पोर्टल के जरिए अब विदेशी नागरिक, कंपनियां और निवेशक वहां प्रॉपर्टी खरीदने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह कदम जनवरी, 2026 में लागू हुए विदेशी रियल एस्टेट स्वामित्व कानून के तहत उठाया गया है। इस बदलाव से सबसे अधिक फायदा करीब 24 लाख उन भारतीयों को हो सकता है जो सऊदी अरब में रहते और काम करते हैं।

अब तक भारतीय केवल किराए पर मकान ले सकते थे। लेकिन नई व्यवस्था के तहत वे वहां प्रॉपर्टी के मालिक भी बन सकते हैं। रियल एस्टेट जनरल अथॉरिटी (रेगा) ने बताया कि 'सऊदी प्रॉपर्टीज' पोर्टल पूरा तरह डिजिटल है। इसके जरिए आप अपनी पात्रता जांच सकते हैं, आवेदन कर सकते हैं, और अपने आवेदन की स्थिति भी ट्रैक कर सकते हैं। हालांकि दो पवित्र शहरों मक्का और मदीना के लिए नियम अब भी सख्त हैं। इन दोनों शहरों में प्रॉपर्टी का मालिकाना हक केवल सऊदी कंपनियों और मुस्लिम प्रवासियों/नागरिकों को ही दिया जाएगा।



**6.8** लाख करोड़ रुपए का है सऊदी अरब का रियल एस्टेट मार्केट (2025)। 2034 तक करीब 13 लाख करोड़ होने का अनुमान है।

## भास्कर नॉलेज — जानिए नए नियमों के तहत सऊदी अरब में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए कैसे कर सकते हैं निवेश

**Q भारतीय खरीदारों के लिए कितना बड़ा मौका?**
रियल एस्टेट कन्सल्टेंसी फर्म एनारॉक ग्रुप के सीईओ (रिटेल) अनुज केजरीवाल ने कहा, 'किंगडम में भारतीय प्रवासियों की बड़ी आबादी है। नए नियमों के चलते सांस्कृतिक रूप से परिचित होने और किराए की मांग अच्छी होने की वजह से खास तौर पर प्राइम और बिजनेस-लिंक्ड लोकेशंस में भारतीय खरीदारों की दिलचस्पी काफी बढ़ सकती है।'

**Q दुबई से कितना अलग है?**
केजरीवाल के मुताबिक, सऊदी का बाजार नया होने के कारण कई खरीदार अब भी दुबई जैसे परखे हुए मार्केट्स को तरजीह दे सकते हैं। दुबई का बाजार पुराना और भारतीयों का जाना-पहचाना है। शुरुआत में भारतीयों की मांग थोड़ी सीमित भी रह सकती है क्योंकि नियम अभी बन रहे हैं। वैसे सऊदी में विजन 2030 के तहत बड़े शहरी और पर्यटन प्रोजेक्ट चल रहे हैं। लंबी अवधि में कैपिटल ग्रोथ की उम्मीद है।

**Q 'सऊदी प्रॉपर्टीज' पोर्टल पर क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी?**
यह पोर्टल विदेशी खरीदारों के लिए 'वन-स्टॉप शॉप' है, जहां वे उपलब्ध प्रॉपर्टी और निवेश के मौके ब्राउज कर सकते हैं, अपनी पात्रता चेक कर सकते हैं, मालिकाना हक के कानूनी रास्तों की जानकारी ले सकते हैं। आवेदन करने के साथ ही स्टेटस भी लाइव ट्रैक कर सकते हैं।

**Q किन-किन शहरों में विदेशी प्रॉपर्टी कर सकते हैं?**
मक्का, मदीना को छोड़कर पूरे सऊदी अरब के विकसित इलाकों, नियोम, रेड सी प्रोजेक्ट, दीरिया और अल-उला जैसे गीगा-प्रोजेक्ट्स में विदेशी निवेशक प्रॉपर्टी खरीद सकेंगे।

**Q कौन खरीद सकता है?**
सऊदी अरब में रहने वाले भारतीय और विदेश में रहने वाले एनआरआई, दोनों आवेदन कर सकते हैं। सऊदी में रहने वाले रेजिडेंसी नंबर से सीधे आवेदन कर सकेंगे, विदेश में रहने वाले एनआरआई को पहले सऊदी दूतावास से डिजिटल आईडी लेनी होगी।

**Q क्या कंपनी के जरिए निवेश कर सकते हैं?**
भारतीय कंपनियां 'इन्वेस्ट सऊदी' प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन और नेशनल यूनिफाइड नंबर लेने के बाद आवेदन कर सकती हैं।

**Q अभी निवेश करना चाहिए?**
इस समय अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण रियल एस्टेट मंदी से जूझ रहे थे। मार्च 2025 में दुबई में आवासीय बिक्री करीब 20% गिर गई थी। ऐसे में सऊदी अरब एक नया विकल्प बनकर उभर रहा है।

पैसा बना • उतार-चढ़ाव भरे बाजार में इक्विटी की एक कैटेगरी ने कराई जोरदार कमाई

# स्मॉलकैप फंड्स का रिटर्न सिर्फ 3 महीने में 22%, इससे पहले 18 माह तक गिरे थे

हिमाली पटेल | मुंबई

स्मॉलकैप फंड्स ने बीते तीन महीनों में 22% की तेज छलांग लगाई है। इस पहले सितंबर 2024 से लेकर मार्च 2026 तक इस कैटेगरी के फंड्स ने लगातार कमजोरी दिखाई थी। हाल की रिकवरी ने निवेशकों में उत्साह भर दिया है, लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि जोश में होश न खोएं।

दरअसल, जनवरी-मार्च तिमाही में स्मॉलकैप कंपनियों की कमाई बेहतर रही। इसके साथ ही निर्यात, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी और कैपिटल गुड्स जैसे सेक्टरों ने मजबूती दिखाई। सरकार का पूंजीगत खर्च और पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) पर जोर और यूएस-ईरान तनाव घटने से कच्चे तेल के दाम घटने से भी स्मॉलकैप शेयरों में तेजी देखी गई। इस बीच घरेलू निवेशकों का निवेश भी इस कैटेगरी को सपोर्ट किया। हालांकि ऊंचा वैल्यूएशन अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

निफ्टी स्मॉलकैप 250 का 12 महीने का फॉरवर्ड पी/ई अनुपात 24.1 है, जो पांच साल के औसत 20.8 और 10 साल के औसत 17.9 से काफी ज्यादा है। यह निफ्टी 50 (18.2 पी/ई) से भी महंगा है। कोटक म्यूचुअल फंड के वरिष्ठ फंड मैनेजर रोहित टंडन कहते हैं, 'वैल्यूएशन में सुधार आया है, पर ये अब भी सस्ते नहीं हैं।'

### लगातार तेजी के बाद स्मॉलकैप कंपनियों के ज्यादातर शेयर महंगे हुए, क्योंकि...



**250** स्मॉल कैप कंपनियों के शेयर अब बड़ी कंपनियों के शेयरों से ज्यादा महंगे हो गए हैं।

| 24.1 | 20.8 | 17.9 | 18.2 |
|---|---|---|---|
| अभी निफ्टी स्मॉलकैप 250 का फॉरवर्ड पी/ई | पांच साल का औसत फॉरवर्ड पी/ई | दस साल का औसत फॉरवर्ड पी/ई | निफ्टी 50 का फॉरवर्ड पी/ई |

**रैली को सपोर्ट इसलिए... स्मॉलकैप की आय लार्जकैप से ज्यादा बढ़ी**

| कारण | विवरण |
|---|---|
| कमाई बढ़ी | जनवरी-मार्च में स्मॉलकैप की अर्निंग, लार्जकैप से बेहतर |
| सरकारी सपोर्ट | कैपेक्स, पीएलआई से आय में स्पष्ट इजाफा |
| सेक्टर ग्रोथ | मैन्युफैक्चरिंग, पावर, हेल्थकेयर, फिनटेक |
| वैल्यूएशन में सुधार | फाइनेंशियल, केमिकल, एग्री-इनपुट में राहत |
| घरेलू निवेश | एसआईपी, रिटेल निवेशकों का भरोसा |



**तेजी पर ब्रेक लगा सकते हैं ये खतरे...**

- **ऊंचा वैल्यूएशन:** आय से ऊंचे वैल्यूएशन को जस्टिफाई करने का दबाव।
- **महंगाई, ब्याज दरें:** इनपुट लागत बढ़ी तो कंपनियों का मार्जिन घटेगा।
- **एफआईआई की बिकवाली:** विदेशी निवेशकों की निकासी नकदी घटाएगी।
- **एआई का असर:** रोजगार और खपत प्रभावित होने की आशंका।
- **ऊंचा पी/ई:** 5 साल और 10 साल के औसत के मुकाबले काफी ऊपर।

**भास्कर नॉलेज — 7-10 साल का लक्ष्य हो तो ही इन फंड में निवेश सही**

**नया निवेश इनके लिए सही**
- ऊंचा जोखिम उठाने में सक्षम निवेशक
- 7-10 साल निवेश का लक्ष्य।
- एसआईपी से धीरे-धीरे निवेश करने वाले

**...पर इनके लिए अभी निवेश ठीक नहीं**
- पहली बार इक्विटी में निवेश करने वाले
- 3-5 साल में पैसे की जरूरत हो।
- स्थिर रिटर्न की चाहत रखने वाले।

**जिन्होंने पैसा लगा रखा है, उनके लिए रणनीति**
**घबराएं नहीं:** 18 महीने की सुस्ती स्मॉलकैप का स्वाभाविक हिस्सा है।
**एलोकेशन जांचें:** तेजी से पोर्टफोलियो का बैलेंस बिगड़ा हो तो थोड़ी कटौती करें।
**लक्ष्य याद रखें:** लंबी अवधि के लक्ष्य बदले नहीं हैं तो डटे रहें। स्मॉलकैप में एक्टिव फंड मैनेजर की भूमिका निर्णायक होती है।

### सेंसेक्सः मुनाफा वसूली से घटी 700 अंकों से ज्यादा की बढ़त

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को मामूली बढ़त पर बंद हुए। सेंसेक्स 109 अंक चढ़कर फिर 77,000 से ऊपर 77,100 पर बंद हुआ। सेंसेक्स एक समय 812 अंक चढ़कर 77,803 के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद ऑटो, मेटल जैसे सेक्टरों में मुनाफा वसूली हो गई।

| सेंसेक्स 810 अंक तक चढ़ा-उतरा | खुला | उच्चतम स्तर | निचला स्तर | बंद |
|---|---|---|---|---|
| | 77,391 | 77,803 | 76,993 | 77,100 |

इंतजार बाकी • सस्ते क्रूड का असर पेट्रोल पंपों तक पहुंचने में 75-80 दिन लगेंगे

# कच्चा तेल ईरान युद्ध से पहले वाले भाव 72 डॉलर पर, लेकिन राहत दशहरे तक ही संभव

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की जो कीमतें थीं, गुरुवार को वैश्विक बाजार उसी स्तर पर आ गया। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। यह वही भाव (72.29 डॉलर) है, जो युद्ध शुरू होने से एक दिन पहले 27 फरवरी को था।

17 जून को अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के बाद स्विट्जरलैंड में हुई शांति वार्ता में अमेरिका ने ईरानी तेल के निर्यात पर आंशिक प्रतिबंध हटा लिए। इसके बाद होर्मुज जल मार्ग से गुजरने वाले जहाज की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार के बाद से करीब 80 जहाज इस जलमार्ग से गुजर चुके हैं। हालांकि यह संख्या युद्ध पूर्व के रोजाना 100 से अधिक जहाजों से कम है। हालांकि कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल पंपों पर दाम दशहरे तक ही कम हो पाएंगे।

## भास्कर एक्सपर्ट — नरेंद्र तनेजा, एनर्जी एक्सपर्ट



**कंपनियां पहले अपने नुकसान की भरपाई कर सकती हैं**

**Q पेट्रोलियम की कीमतों में फौरन राहत मिलने की कितनी उम्मीद है?**
पेट्रोल, डीजल जैसे प्रोडक्ट्स जो अभी हम खरीद रहे हैं, उन्हें तैयार करने के लिए जो कच्चा तेल इस्तेमाल हो रहा है, उसे तब खरीदा गया था जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत करीब 110 डॉलर प्रति बैरल थी। भारतीय रिफाइनरियों के लिए ये करीब 125 डॉलर प्रति बैरल थे।

**Q 72 डॉलर के क्रूड से बने पेट्रोल, डीजल कब तक पंपों पर पहुंचेंगे?**
इसमें करीब ढाई महीने लगेंगे। मौजूदा भाव का तेल स्रोत देशों के बंदरगाहों पर जहाजों में लोड होने में 15-20 दिन लगेंगे। उन्हें भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचने में 55-60 दिन लगेंगे। वहां से रिफाइनरी और फिर पेट्रोल पंपों तक पहुंचने में भी समय लगेगा। यह पूरा चक्र 75-80 दिनों का होता है।

**Q तो क्या ढाई महीने बाद फौरन कीमतें कम हो जाएंगी?**
इसकी संभावना कम है। अभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल-डीजल पर करीब ₹7.5 प्रति लीटर नुकसान हो रहा है। सरकार ने भी एक्साइज ड्यूटी ₹10 प्रति लीटर घटाई थी। कुछ दिन इसकी भरपाई की जा सकती है। उसके बाद ही पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने की संभावना है।

**Q कब तक राहत मिल सकती है?**
दशहरे के आसपास पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने लगेंगे। ये भी उम्मीद कर सकते हैं कि अगस्त के आखिर तक या सितंबर की शुरुआत से कुछ राहत मिलने लगे।
**क्या कच्चे तेल के दाम फिर बढ़ेंगे?**
मुझे नहीं लगता है कि निकट भविष्य में कच्चे तेल के दाम बढ़ेंगे। ऐसी आशंका अब बेहद कम है।

# 6 हवाई अड्डों पर शहर बसाएगा अदाणी ग्रुप, ₹20,000 करोड़ का निवेश प्लान



भास्कर न्यूज़ | मुंबई | अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स की सहायक कंपनी 'अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड' ने 5 राज्यों के 6 हवाई अड्डों पर 'एकीकृत एयरपोर्ट सिटी' विकसित करने की घोषणा की है। पहले चरण में ₹20,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर और गुवाहाटी हवाई अड्डों के 655 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैलेगी। पहले चरण में 2.2 करोड़ वर्ग फुट का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, जिसमें से 70% निवेश अकेले मुंबई और नवी मुंबई में किया जाएगा। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के डायरेक्टर जीत अदाणी ने कहा, 'हम एकीकृत शहरी गंतव्यों का एक ऐसा नेटवर्क बना रहे हैं जहां हवाई अड्डे निवेश, रोजगार, बेहतर यात्री अनुभव और उन शहरों के दीर्घकालिक विकास के लिए उत्प्रेरक बनेंगे जिनकी वे सेवा करते हैं।'

## बिजनेस ब्रीफ

**छोटे-छोटे शहरों से विदेश यात्रा अब झंझट मुक्त!**
**नई दिल्ली** | देश का पहला 'हब-एंड-स्पोक' इंटरनेशनल फ्लाइट नेटवर्क वाराणसी से शुरू हो गया है। एयर इंडिया ने इसे 'इजी कनेक्ट' नाम दिया है। इसके तहत छोटे-छोटे शहरों के यात्री शुरुआती एयरपोर्ट पर ही इमिग्रेशन और सामान चेक-इन की औपचारिकताएं पूरी कर सकेंगे। दिल्ली के रास्ते बिना किसी झंझट के विदेश जा सकेंगे।

**विमान किराया घटाने का निर्देश दे सकता है केंद्र**
**नई दिल्ली** | विमान ईंधन एटीएफ की कीमतें लंबे समय तक स्थिर रहती हैं, तो सरकार एयरलाइंस से सर्ज चार्ज और अतिरिक्त किराए की समीक्षा करने को कह सकती है। नागरिक विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू के मुताबिक, केंद्र कीमतों पर बारीक नजर रख रहा है। जरूरत पड़ने पर कंपनियों के साथ बैठक की जाएगी।

**आईबीएमः एक नैनोमीटर से छोटी पहली चिप पेश**
**न्यूयॉर्क** | आईबीएम ने दुनिया की पहली 0.7 नैनोमीटर चिप पेश की है। एआई कंप्यूटिंग तेज करने के लिए बनी इस चिप में खास 'नैनोस्टैक' तकनीक इस्तेमाल हुई है। इसमें नाखून के बराबर जगह में 100 अरब ट्रांजिस्टर हैं। इससे प्रोसेसर का आकार छोटा होने के बावजूद परफॉर्मेंस 50% बढ़ेगी, 70% कम बिजली भी खपेगी।

**ग्लोबल ट्रेड में युआन का शेयर 6% तक पहुंचा**
**बीजिंग** | अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए, दुनिया में चीनी करेंसी युआन का चलन बढ़ रहा है। ईरान, रूस जैसे देश तेल सहित अन्य व्यापार का भुगतान युआन में कर रहे हैं। इसके चलते चीन के 'सिप्स' प्लेटफॉर्म पर दैनिक लेनदेन बढ़कर 10,855 करोड़ हो गया है। इससे वैश्विक ट्रेड में युआन की हिस्सेदारी बढ़कर 6% हो गई है।

**साइबर इंश्योरेंसः लिबर्टी की एंट्री से बढ़ी प्रतिस्पर्धा**
**नई दिल्ली** | लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस भारतीय साइबर इंश्योरेंस मार्केट में उतर गई है। कंपनी ने साइबर हमलों से निपटने के लिए नया 'साइबर रेजोल्यूशन' प्रोडक्ट लॉन्च किया है। इसके आने से बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज होगी, जहां टाटा एआईजी और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड पहले से मौजूद हैं।

नया मार्केट • निवेशकों की पसंद बन रहा

# आईवीएफ बाजार 8 साल में ₹42,850 करोड़ का होगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारतीय परिवारों में बच्चों की किलकारियां कम होने लगी हैं। रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रति महिला बच्चों की औसत संख्या घटकर 1.9 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यह आबादी संतुलन के लिए जरूरी 2.1 के स्तर से काफी कम है। इससे आईवीएफ मुख्यधारा का बड़ा बिजनेस बन चुका है। गोदियम आईवीएफ के आईपीओ की सफलता ने साबित किया कि महिला स्वास्थ्य क्षेत्र निवेशकों की पहली पसंद है। इनफर्टिलिटी और लाइफस्टाइल चुनौतियों के बीच कॉरपोरेट निवेश से इस सेक्टर पर भरोसा बढ़ा है। मां बनने की उम्र वाली हर हजार महिलाओं पर बच्चों के जन्म की दर 18% गिरकर 78.8 से 64.6

**10 साल में तीन गुना होगा घरेलू आईवीएफ बाजार**

इन्फोमेरिक्स रिसर्च के मुताबिक भारतीय आईवीएफ बाजार 2024 में 12,460 करोड़ रुपए का था। यह अब 13.13% की सालाना ग्रोथ रेट से बढ़कर 2034 तक 42,853 करोड़ रुपए का हो जाएगा। इससे दुनियाभर के मार्केट में भारत की हिस्सेदारी 4.8% से बढ़कर 8.3% हो जाएगी। वैश्विक बाजार 5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा।

रह गई है। गांवों में यह आंकड़ा 71.9 और शहरों में घटकर 51 पर आ गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक शेयर बाजार के पैसे से क्लीनिकों में बेहतर सुविधाएं मिलने से गलत तौर-तरीकों पर रोक लगी है।

मेमोरी चिप महंगी...

# मैकबुक, आईपैड के दाम 18% तक बढ़े

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

एआई डेटा सेंटर्स की बढ़ती मांग के चलते मेमोरी चिप की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसे देखते हुए एपल ने मैकबुक और आईपैड महंगे कर दिए हैं। मैकबुक एयर (512 जीबी) अब 1,099 डॉलर (करीब ₹1 लाख) की जगह 1,299 डॉलर (₹1.22 लाख) का हो गया है। मैकबुक प्रो (1 टीबी) के दाम 1,699 डॉलर (₹1.60 लाख) से बढ़कर 1,999 डॉलर (₹1.88 लाख) और आईपैड एयर (128 जीबी) के दाम 599 डॉलर (करीब ₹56,500) से बढ़कर 749 डॉलर (करीब ₹70,600) हो गए हैं। एंट्री-लेवल मैकबुक नियो भी 599 डॉलर (करीब ₹56,500) की जगह 699 डॉलर (करीब ₹66,000) का हो गया, जो अब डेल के एक्सपीएस 13 के बराबर है और नियो की कीमत-बढ़त खत्म हो गई है।

रोचक • स्मार्ट शॉपिंग खर्चीली आदत... डिजिटल ट्रॉली के इस्तेमाल से लोगों का खर्च 32% बढ़ा




**लंदन** | सुपरमार्केट की डिजिटल ट्रॉली जेब खाली कर सकती है। ब्रिटेन के सुपरमार्केट में 'डिजिटल ट्रॉली' का ट्रायल शुरू हुआ है। इससे ग्राहकों का खर्च 32% तक बढ़ गया है। बायस बिजनेस स्कूल के रिसर्च के मुताबिक, इन स्मार्ट ट्रॉलियों के इस्तेमाल से लोग 25% अधिक सामान खरीदते हैं और दुकान में 23% ज्यादा समय बिताते हैं।
**ऐसे काम करती है ट्रॉली** • ग्राहक कार्ड स्कैन करके डिजिटल स्क्रीन अनलॉक करता है। सामान्य ट्रॉली के हैंडल पर क्लिप कर दिया जाता है। सामान लेते समय ग्राहक उसके बारकोड को इस डिवाइस से स्कैन करता है। ट्रॉली में लगे कैमरे प्रोडक्ट की पुष्टि करते हैं।

आरबीआई लाया म्यूलहंटर.एआई

# 25 लाख संदिग्ध बैंक खातों से साइबर ठगी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश में म्यूल अकाउंट्स यानी दूसरों के नाम पर खुले बैंक खाते साइबर पुलिस के लिए सिरदर्द बन गए हैं। ठग इन खातों का इस्तेमाल कर पुलिस के पकड़ने से पहले ही अवैध पैसा दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2026 की शुरुआत तक देश में ऐसे 24.7 लाख से अधिक खातों को संदिग्ध माना गया है। साइबर अपराधी पीड़ित के शिकायत करने से पहले ही रकम पार कर देते हैं, जिससे डूबा पैसा वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। हाल ही में पूर्व सांसद नरेश गुजराल से जुड़ी ठगी में दिल्ली पुलिस ने अमृतसर से एक म्यूल खाताधारक को गिरफ्तार किया है। यह पूरा खेल फर्जी नौकरियों, सोशल मीडिया के झांसे और कमीशन के लालच से चलता है। ऐसी धोखाधड़ी से आम जनता को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम म्यूलहंटर.एआई लॉन्च किया है, जो फिलहाल 26 बैंकों में लाइव है। यह बड़ा नुकसान होने से पहले ही संदिग्ध लेनदेन को पकड़ लेता है।



## बिजनेस एंकर

दक्षिण कोरिया की सेमीकंडक्टर बेल्ट में वर्कर्स की कमाई से प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी उछाल

# शेयरों में रिकॉर्ड तेजी से दक्षिण कोरिया बना लग्जरी हॉटस्पॉट

एजेंसी | सोल

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के कर्मचारियों को एआई बूम से मिले भारी बोनस के कारण डोंगटन शहर में प्रॉपर्टी खरीदने की होड़ मची है, जिससे कीमतें आसमान छू रही हैं। पिछले दो हफ्तों में ही एक छोटे अपार्टमेंट की कीमत में करीब 1.25 करोड़ रुपए का उछाल आया है। डोंगटन और इचिओन शहर दक्षिण कोरिया की सेमीकंडक्टर बेल्ट का प्रमुख केंद्र है, जहां सैमसंग और एसके हाइनिक्स के कर्मचारी बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। पिछले महीने सैमसंग ने अपने मुनाफे को कर्मचारियों के साथ साझा करने की घोषणा की थी, वहीं एसके हाइनिक्स ने पिछले साल ही ऐसी ही डील अपने स्टाफ को दी थी। डोंगटन स्टेशन स्थित लोटे कैसल कॉम्प्लेक्स के अपार्टमेंट पिछले सितंबर तक 9 करोड़ रुपए के थे, जो अब 12.9 करोड़ रुपए में बिक रहे हैं। सैमसंग द्वारा कर्मचारियों को 3 करोड़ रुपए तक का सस्ता कर्ज देने की घोषणा से कीमतों में और इजाफा होना तय है। डोंगटन में लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ने से स्थानीय बाजार भी चमक उठे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोटे डिपार्टमेंटल स्टोर की बिक्री इस साल जनवरी से मई के बीच 25% बढ़ी है। इस दौरान लग्जरी सामानों की मांग में 40% का उछाल दर्ज किया गया है। वहीं, आयातित कारों के रजिस्ट्रेशन में तो 100% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। डोंगटन से लगभग 40 किमी दूर स्थित इचिओन, जहां एसके हाइनिक्स का प्लांट है, वहां भी आयातित कारों का रजिस्ट्रेशन दोगुना हो गया है। डोंगटन को इस साल सैमसंग से 6,166 से 8,016 करोड़ रुपए टैक्स मिलने की उम्मीद है, जो शहर के 21,582 करोड़ रुपए के कुल बजट का बड़ा हिस्सा है।

एआई बूम ने कर्मचारियों का जीवन आसान बना दिया है। एसके हाइनिक्स के एक वरिष्ठ इंजीनियर, जो 30 वर्षों से कंपनी से जुड़े हैं, अपनी बेटी के लिए सियोल में घर खरीदने की योजना बना रहे हैं। वे लंबे कठिन वर्षों के बाद मिले आर्थिक पुरस्कार से खुश हैं। हालांकि, स्थानीय छोटी दुकानों और कैफे संचालकों के लिए यह उछाल अभी दूर की बात है। लोटे कैसल अपार्टमेंट के सामने एक फूल विक्रेता ने बताया कि बोनस का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। इस क्षेत्र के कर्मचारी अपनी पत्नियों या गर्लफ्रेंड के लिए फूल खरीदने में रुचि नहीं दिखाते हैं। एस्टेट एजेंट चोई के अनुसार, अधिकांश युवा कर्मचारी अपनी खर्च करने की आदतों में काफी किफायती बने हुए हैं।

### असंतोषः सैमसंग की नॉन-मेमोरी यूनिट के कर्मचारियों में निराशा



सैमसंग की अलग-अलग बिजनेस यूनिट्स में बोनस को लेकर असंतोष भी पनप रहा है। नॉन-मेमोरी बिजनेस के एक मैनेजर ने बताया कि उन्हें मेमोरी चिप्स यूनिट से काफी कम बोनस मिल रहा है। पंद्रह साल से कंपनी में कार्यरत इस मैनेजर का कहना है कि कम बोनस के कारण कर्मचारियों का मनोबल गिरा है। नॉन-मेमोरी यूनिट कंपनी का भविष्य है, लेकिन वर्तमान में कम कमाई के कारण इन्हें अनदेखा किया जा रहा है।

जॉइंट वेंचर के जरिए बनेंगे हाइब्रिड इंजन

# भारत में चीनी ग्रुप गिली की एंट्री! ₹3,495 करोड़ निवेश

**वर्षों बाद किसी चीनी फर्म को मिल सकती है मंजूरी**

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

केंद्र सरकार हॉर्स पावरट्रेन लिमिटेड के करीब 37 करोड़ डॉलर (लगभग 3,495 करोड़ रुपए) के निवेश प्रस्ताव को अंततः मंजूरी देने के लिए तैयार हो गई है। यह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में किसी चीनी लिंक वाली कंपनी द्वारा वर्षों बाद किया जाने वाला सबसे बड़ा निवेश होगा। हॉर्स पावरट्रेन चीन के गिली ग्रुप और फ्रांस की कंपनी रेनॉ का संयुक्त उद्यम है। इसमें सऊदी अरामको की भी 10% हिस्सेदारी है।

भारत द्वारा मार्च में सीमावर्ती देशों से निवेश को लेकर नियमों में ढील दिए जाने के बाद यह पहली बड़ी मंजूरी होगी। हॉर्स पावरट्रेन निवेश की शुरुआत रेनॉ के चेन्नई प्लांट से करेगी। यहां निसान और रेनॉ की कारों के लिए एडवांस स्ट्रॉन्ग-हाइब्रिड इंजन बनाए जाएंगे। रेनॉ इस साल के अंत तक हॉर्स इंजन से चलने वाली नई एसयूवी डस्टर लॉन्च करने की तैयारी में है। सरकार का मानना है कि इस निवेश से देश में हाइब्रिड कारों का बाजार बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। कंपनी ने आवेदन जमा कर दिया है और जल्द ही औपचारिक फैसले की उम्मीद जताई जा रही है।

राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# कानून की सख्त पालना से ही रुकेगी बंधुआ मजदूरी

उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरपुर के एक गांव में मुक्त कराए बंधुआ मजदूरों की पीड़ा सचमुच दिल दहलाने वाली है। पत्तल-दोने बनाने के कारखाने में जितना मेहनताना देने का भरोसा देकर इन मजदूरों को काम पर रखा गया, वह देना तो दूर की बात रही। बल्कि महज एक बार सूखी रोटी देने, मारपीट करने व भागने का प्रयास करने पर खतरनाक पिटबुल डॉग पीछे छोड़ने का कृत्य भी किया जो संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा। कमजोर तबके को आर्थिक और शारीरिक शोषण से रोकने के लिए बने सख्त कानून-कायदों के बावजूद आजाद भारत में बंधुआ मजदूरी जारी रहने के ऐसे मामले चिंतित करने वाले हैं। बंधुआ मजदूरी के ऐसे मामले जब भी सामने आते हैं तो यह सवाल जरूर सामने आता है कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बावजूद आखिर मजदूरों का यह शोषण क्यों जारी है?

जाहिर है कि अशिक्षा और गरीबी दोनों का चक्र बड़ी सामाजिक विषमता के रूप में सामने आ रहा है। बंधुआ मजदूरी की ऐसी पीड़ाजनक तस्वीरें देश के हर हिस्से में गाहे-बगाहे सामने आती रहती हैं। मुजफ्फरपुर के गांव में जिन श्रमिकों को पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त कार्रवाई में मुक्त कराया गया, वे राजस्थान, बिहार व हरियाणा से लाए गए थे। ऊंची मजदूरी का झांसा देकर लाए गए इन श्रमिकों को आपस में बात तक नहीं करने दिया जाता था। इनकी घर वापसी की उम्मीदें तक टूट गई थीं। यह सच है कि परिवारों को जब आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तो मनमानी शर्तों पर काम करना मजबूरी बन जाता है। सरकारें गरीब और कमजोर परिवारों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संबल प्रदान करने के दावे तो करती हैं लेकिन इनका फायदा सब तक पहुंच ही नहीं पाता। बंधुआ मजदूरी के दंश से छुटकारा पाने वाले श्रमिक फिर ऐसे भंवर में नहीं फंसेंगे, इसका बंदोबस्त उनके समुचित पुनर्वास से ही हो सकता है। बंधुआ मजदूरी से लेकर बालश्रम के खिलाफ कानून तो है लेकिन इनकी पालना को लेकर कितनी सख्ती होती है यह जगजाहिर है। कहीं से कोई शिकायत आ जाए तो अलग बात है अन्यथा सब कुछ शासन-प्रशासन की नाक के नीचे होता है।

बंधुआ बनाकर मजदूरी कराना व बच्चों से मजदूरी कराने के साथ उनसे अमानवीय बर्ताव करना तो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। यह सीधा मानवाधिकारों के हनन करने वाला कृत्य भी है। ऐसे में दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को त्वरित राहत इस दंश से एक हद तक छुटकारा दिलाने वाली हो सकती है। आजाद भारत में भी गुलामी की ऐसी जंजीरें किसी को भी बांधती नजर आए तो यह शासन-प्रशासन की विफलता ही कही जाएगी। श्रम कानूनों को कठोरता से लागू किया जाए इसके लिए प्रशासनिक उदासीनता तो दूर करने की जरूरत है ही, सरकारों को भी इच्छाशक्ति दिखानी होगी।

**रणनीतिक कदम : यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड का नाम बदलना सामान्य घटना या अमरीका की बदलती प्राथमिकताएं?**

# पेंटागन के अपनी प्रमुख कमांड से 'इंडो' हटाने के मायने



डॉ. एन.के. सोमानी
अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार
@patrika.com

**कमांड का निगरानी तंत्र अमरीका के पश्चिमी तट से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक, अंटार्कटिका से लेकर उत्तरी ध्रुव तक लगभग पृथ्वी के आधे हिस्से पर नजर रखता है। इसके अधिकार क्षेत्र में 3 लाख 75 हजार से अधिक सैन्य कर्मी और 100 से अधिक द्वीप आते हैं।**

अमरीका रक्षा विभाग पेंटागन ने अपनी सबसे बड़ी सैन्य कमांड यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड से 'इंडो' शब्द हटा दिया है। अब इस कमांड को यूएस पैसिफिक कमांड (यूएसपीएसीओएम) के नाम से जाना जाएगा। हालांकि अमरीका का कहना है कि नाम बदलने या इंडो शब्द हटा देने से इसकी प्राथमिकताओं और स्वतंत्र नौवहन को बनाए रखने के लक्ष्य में बदलाव नहीं आएगा। कमांड पहले की तरह ही अमरीकी पश्चिमी तट से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक अपना कार्य करती रहेगी। यह बदलाव केवल कमांड के ऐतिहासिक गौरव और सात दशकों से चली आ रही पुरानी पहचान को वापस लाने के लिए किया गया है। लेकिन जिस तरह से नाम परिवर्तन का निर्णय राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय वार्ता से ठीक पहले किया गया है, उससे अमरीकी निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं।

यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड को भारत-अमरीका के बीच बढ़ती साझेदारी का प्रतीक कहा जाता है। ऐसे में सवाल यह है कि पेंटागन अपनी प्रमुख कमांड से 'इंडो' शब्द हटाकर भारत को क्या संदेश देना चाहता है। अमरीका के इस कदम को क्वाड (भारत, अमरीका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ) के लिए भी खतरे की घंटी कहा जा रहा है। पिछले कुछ समय से चीन के प्रति अमरीका के तेवर तल्ख हुए हैं, खासतौर से डॉनल्ड ट्रंप के दोबारा व्हाइट हाउस में आने के बाद। चीन से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और ताइवान मुद्दे के कारण ट्रंप प्रशासन की रणनीति प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर की ओर शिफ्ट होती दिख रही है। कमांड से 'इंडो' शब्द हटाना अमरीका की इसी रणनीति का हिस्सा है। तो क्या आने वाले समय में हिंद महासागर को लेकर अमरीका की प्राथमिकताएं पूरी तरह से बदलती हुई दिखाई देंगी। कही ऐसा तो नहीं कि ईरान युद्ध के बाद देश के भीतर अमरीकी रणनीति के पुनर्विचार को लेकर जो बहस छिड़ी हुई है, उस पर पर्दा डालने के लिए कमांड के गौरवपूर्ण इतिहास की आड़ ली जा रही है। यूएस पैसिफिक कमांड संयुक्त राज्य अमरीका की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी एकीकृत लड़ाकू कमान है। इसकी स्थापना 1 जनवरी 1947 (द्वितीय विश्व युद्ध के बाद) को अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने की थी। 1957 में 'फॉर ईस्ट कमांड' और बाद में 'अलास्का कमांड' का अतिरिक्त प्रभार पैसिफिक कमांड के पास आ जाने के कारण इसके कार्यक्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हो गया।

कमांड का निगरानी तंत्र अमरीका के पश्चिमी तट से लेकर भारत की पश्चिमी सीमा तक और अंटार्कटिका से लेकर उत्तरी ध्रुव लगभग पृथ्वी के आधे हिस्से पर नजर रखता है। इसके अधिकार क्षेत्र में लगभग 3 लाख 75 हजार से अधिक सैन्य कर्मी और 100 से अधिक द्वीप आते हैं। कमान ने कोरियाई युद्ध और वियतनाम युद्ध सहित कई प्रमुख सैन्य अभियानों के साथ-साथ मानवीय अभियानों में भूमिका निभाई हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रशांत महासागर और हिंद महासागर के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी और रणनीतिक संबंधों को दर्शाने के लिए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मई 2018 (पहला कार्यकाल) में इसका नाम बदलकर 'यूएस इंडो पैसिफिक कमांड' किया था। उस वक्त राजनीतिक गलियारों में इस बात की गूंज सुनाई देती थी कि एशिया में बीजिंग को काउंटर करने के लिए भारत अमरीकी रणनीति का अहम हिस्सा हो गया है। अब उन्हीं डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल में 'इंडो' शब्द हटाकर भारत के रणनीतिक कद को कम करने की कोशिश की जा रही है तो क्या भारत को लेकर ट्रंप की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। एशिया में चीन के खिलाफ जिस धुरी की परिकल्पना ट्रंप और उनके प्रशासन ने की थी उसमें भारत की जरूरत अब नहीं है?

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के भू-राजनीतिक प्रभाव को काउंटर करने के लिए जिस क्वाड को अमरीका रणनीतिक हथियार के तौर पर आगे बढ़ा रहा था क्या उसकी धार कुंद नहीं होगी? क्या इस निर्णय को ट्रंप के स्वभावानुसार सामान्य घटना के तौर लिया जाए या अमरीका की रक्षा प्राथमिकताओं को दर्शाने वाला एक बड़ा भू-राजनीतिक कदम माने? हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य क्षमताओं, आर्थिक निवेश और रणनीतिक गठजोड़ों का तेजी से विस्तार कर रहा है। उसका उद्देश्य इस महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर अपनी पकड़ मजबूत कर अमरीका और भारत जैसे देशों के प्रभाव को सीमित करना है। ग्वादर (पाकिस्तान) व हंबनटोटा (श्रीलंका) चीनी प्रयासों की जीवंत मिसाल है, जहां वह दोहरे उपयोग वाले (सैनिक और व्यापारिक) बुनियादी ढांचे विकसित कर रहा है। सोलोमन द्वीप के साथ हुआ सुरक्षा समझौता इस कड़ी में अगला कदम है। कहा तो यह भी जा रहा है कि ट्रंप चीन के साथ रणनीतिक तनाव को कम कर कूटनीतिक संवाद बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए वह ग्रुप-2 जैसी साझेदारी विकसित करना चाहते हैं। ग्रुप-2 की सैद्धांतिक सहमति के बाद दोनों देश इस बात पर सहमत हो गए हैं कि भविष्य में वह एक दूसरे के रास्ते में बाधा उपस्थित नहीं करेंगे। दोनों नेताओं के बीच यह सहमति पिछले महीने हुई जब ट्रंप बीजिंग दौरे पर गए थे।

इस कथा में अगर सत्यता का कोई अंश है तो यह भारत के लिए असहज करने वाली स्थिति होगी। अमरीका के साथ आने से चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक बढ़त मिल सकती है। ऐसे में भारत को अपनी सीमाओं (एलएसी) पर अधिक सतर्कता बरतनी होगी। दूसरी ओर अमरीकी रीब्रांडिंग के बाद हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा का दायित्व भी भारत के कंधों पर आ जाएगा। जाहिर है आने वाले समय में हिंद महासागर में भारत की सुरक्षा चुनौतियां बढ़ेंगी। भारत इन चुनौतियों से कैसे निबटता है यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

snehsomani28@gmail.com

**प्रसंगवश**

# कोचिंग हब को धरातल पर लाएं

## इस मामले में सरकारी शब्दकोष से 'सख्ती' तो गायब हो चली है

राजस्थान की राजधानी जयपुर को पहला कोचिंग हब बनाने के दावे के साथ जोर शोर से शुरू की गई 'कोचिंग हब योजना' दम तोड़ती नजर आ रही है। योजना इस सोच के साथ बनाई गई थी कि जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिले और कोचिंग संस्थानों को संगठित ढांचा प्राप्त हो। हैरत की बात यह है कि अब जिम्मेदार यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि निजी कोचिंग संस्थान स्पेस खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे। जाहिर है इस मामले में 'सख्ती' तो जैसे सरकारी शब्दकोष से गायब ही हो गई है। पिछली सरकार के समय थोड़ी सख्ती दिखी तो कुछ कोचिंग संस्थान यहां पहुंच गए थे। लेकिन ढिलाई होते देख कोचिंग संस्थान गोपालपुरा बाइपास व दूसरे स्थानों पर जोखिम वाले वातावरण में बदस्तूर चल रहे हैं। कोई हादसा होते ही फायर सुरक्षा का चाबुक चला नगर निगम फिर चुप्पी साध लेता है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा लागत से बने इस हब को अब सरकारी महकमों को किराए पर देने या फिर बेचने की तैयारी की जा रही है। आइआइटी जोधपुर का जयपुर कैम्पस यहां कायम करने का सरकारी इरादा भी अधर में ही है।

यह स्थिति केवल इसी सरकारी परियोजना तक सीमित नहीं है। सरकारी धन से खड़ी हुई इमारतों को कैसे निजी क्षेत्र को सुपुर्द किया जाता है, इसका मानसरोवर स्थित मेट्रो मॉस अस्पताल उदाहरण है। मानस आरोग्य भवन के नाम से सरकार ने इसे एसएमएस अस्पताल पर मरीजों का दबाव कम करने के लिए बनाया था। लेकिन अब नाम मात्र की सरकारी शर्तों की पालना के साथ यह निजी क्षेत्र से संचालित हो रहा है। जनता को सुविधा देने के नाम पर शुरू की गई योजनाएं सरकारों की सुविधा-असुविधा के हिसाब से संचालित होने लगे तो ऐसा हश्र होता ही है। कोचिंग हब से शिक्षा का एक नया क्षेत्र विकसित होने की उम्मीद थी। रोजगार के अवसर सृजित होते सो अलग। अभी भी देर नहीं हुई है। कोचिंग संस्थान संचालकों की भी कुछ परेशानियां हो सकती हैं। सभी पक्षों से बात कर इस महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को धरातल पर लाना ही चाहिए।

■ राखी हजेला
rakhi.hajela@in.patrika.com

**बुक इनसाइट**

# रिजीम चेंज : ट्रंप पर आधारित किताब




मैगी हेबरमेन और जोनाथन स्वान लिखित पुस्तक 'रिजीम चेंज: इन साइड द इम्पीरियल प्रेसिडेंसी ऑफ डॉनल्ड ट्रंप' अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के शासन और उनकी नेतृत्व शैली का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इसमें बताया गया है कि ट्रंप का प्रशासन मुख्य रूप से व्यक्तिगत नियंत्रण, पूर्ण वफादारी और मीडिया-छवि पर आधारित रहा। लेखकों के अनुसार ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी जो पूरी तरह उनके प्रति वफादार हों, जबकि आलोचकों और असहमति रखने वालों को किनारे किया गया। कई नियुक्तियां योग्यता से अधिक 'छवि और दिखावे' के आधार पर की गईं। पुस्तक में यह भी उल्लेख है कि ट्रंप का शासन अक्सर विवादों, राजनीतिक टकरावों और तेज निर्णयों से भरा रहा। लेखक यह भी बताते हैं कि सत्ता के अत्यधिक केंद्रीकरण और व्यक्तिगत निर्णयों की प्रवृत्ति ने शासन व्यवस्था में अस्थिरता पैदा की। कई बार प्रशासनिक फैसले अचानक बदले गए या अधिकारियों को हटाया गया, जिससे राजनीतिक माहौल प्रभावित हुआ।

**फैक्ट फ्रंट**

# सिफोनोफोर : छोटे जीवों का समूह



सिफोनोफोर समुद्र में पाया जाने वाला एक अत्यंत अनोखा और रोचक जीव है। यह देखने में एक अकेला जीव लगता है लेकिन वास्तव में यह कई छोटे-छोटे जीवों (जूइड्स) का समूह होता है। हर जूइड्स अलग-अलग काम करता है लेकिन सभी मिलकर एक शरीर की तरह काम करते हैं। यानी कोई खाना पकड़ता है तो कोई पचाता है। कोई रक्षा करता है तो कोई प्रजनन करता है। कोई तैरने में मदद करता है। यह अलग होकर जीवित नहीं रह सकते। यह जीव गहरे और खुले समुद्र में पाया जाता है। ज्यादातर सतह से लेकर गहरे पानी तक तैरते हैं। इसकी कुछ प्रजातियां 50-100 मीटर तक लंबी हो सकती हैं। इसे पृथ्वी पर पाए जाने वाले सबसे लंबे जीवों में से एक माना गया है। इसकी कुछ प्रजातियां प्रकाश उत्पन्न करने की क्षमता भी रखती हैं। ये मांसाहारी होता है और छोटी मछलियों को पकड़ता है। इसके डंक बेहद विषैले होते हैं और शिकार को तुरंत निष्क्रिय कर देते हैं। यह समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखता है। छोटे जीवों की संख्या नियंत्रित करता है और समुद्री जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

**सर्वेक्षण 15.3% बच्चों को ही मिल रहा पर्याप्त आहार**

# बाल पोषण स्वास्थ्य का ही नहीं, देश के विकास का मुद्दा



ऋषभ मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
@patrika.com

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6) के नए आंकड़ों ने भारत में बाल पोषण की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। छह से 23 माह के केवल 15.3 प्रतिशत बच्चों को ही पर्याप्त और संतुलित आहार मिल पा रहा है। हालांकि यह आंकड़ा पहले से थोड़ा बेहतर है, फिर भी अधिकांश बच्चे आवश्यक पोषण से वंचित हैं। यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है क्योंकि बचपन में उचित पोषण ही स्वस्थ जीवन की नींव रखता है। बच्चे के जीवन के शुरुआती दो वर्ष शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान मस्तिष्क और शरीर तेजी से विकसित होते हैं। यदि इस समय पर्याप्त पोषण नहीं मिले तो अवरुद्ध वृद्धि, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता और सीखने की क्षमता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के अनुसार छह माह तक केवल स्तनपान पर्याप्त है, लेकिन इसके बाद पूरक आहार जरूरी होता है। इसमें विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर भोजन शामिल होना चाहिए। एनएफएचएस-6 के आंकड़े बताते हैं कि बड़ी संख्या में बच्चों को इस महत्त्वपूर्ण चरण में पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। पोषण का अर्थ केवल पेट भरना नहीं बल्कि सभी आवश्यक पोषक तत्वों का सही संतुलन है। बच्चों के भोजन में दालें, दूध, फल, सब्जियां और अंडे शामिल होने चाहिए। लेकिन जागरूकता की कमी और आर्थिक कारणों से कई परिवार संतुलित आहार नहीं दे पाते। भारत में कुपोषण केवल गरीब परिवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्यम वर्ग में भी यह समस्या देखी जाती है। कई परिवार जानकारी के अभाव में बच्चों को सीमित आहार देते हैं। सामाजिक धारणाएं और माताओं की शिक्षा की कमी भी बाल पोषण को प्रभावित करती है। सरकार द्वारा एकीकृत बाल विकास सेवा, पोषण अभियान और आंगनबाड़ी जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनसे बच्चों और माताओं को पोषण सहायता मिलती है। फिर भी अपेक्षित परिणाम पूरी तरह नहीं मिल पाए हैं। कोविड-19 महामारी ने भी बाल पोषण पर नकारात्मक प्रभाव डाला। हालांकि कोविड के बाद स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

बाल पोषण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि देश के विकास से जुड़ा मुद्दा है। पोषित बच्चे ही भविष्य में सक्षम नागरिक बनते हैं। कुपोषण देश की मानव संसाधन क्षमता को कमजोर करता है, इसलिए यह एक गंभीर राष्ट्रीय समस्या है। इसके समाधान के लिए जागरूकता बढ़ाना और संतुलित आहार को बढ़ावा देना जरूरी है। महिलाओं की शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आवश्यक है। स्थानीय पौष्टिक भोजन जैसे दालें, मिलेट्स और सब्जियों को बढ़ावा देना चाहिए। एनएफएचएस-6 के आंकड़े बताते हैं कि प्रगति हुई है, लेकिन अभी बहुत सुधार की आवश्यकता है।

rmshivam295@gmail.com

## हिलियर पिंक लेक : प्रकृति का चमत्कार



*हिलियर पिंक लेक ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम में स्थित एक अनोखी प्राकृतिक झील है, जिसका पानी हमेशा गुलाबी रंग का दिखाई देता है। यह दुनिया की सबसे रहस्यमयी और आकर्षक झीलों में से एक मानी जाती है। खास बात यह है कि इसका पानी चाहे बोतल में भर लिया जाए तब भी हल्का गुलाबी रंग बना रहता है। इसका मुख्य कारण झील में मौजूद डुनालिएला सलीना नामक शैवाल और नमक पसंद करने वाले बैक्टीरिया हैं, जो बीटा-कैरोटीन नामक पिगमेंट पैदा करते हैं, जिससे पानी गुलाबी दिखाई देता है। इसे 1802 में ब्रिटिश नाविक मैथ्यू फ्लिंडर्स ने खोजा था।*

**दृष्टिकोण भाषा सुधार कहीं जोखिम न बन जाए**

# एआइ का उपयोग अनजाने में गंभीर खतरा तो नहीं बन रहा



पीयूष पांडे
पूर्व वैज्ञानिक, एआरआइइएस, नैनीताल
@patrika.com

जब मैं सेवारत था, तो मेरे एक सहकर्मी मित्र अक्सर अपने लेख, आवेदन, चिट्ठी-पत्री आदि संशोधित करने के लिए मुझे भेजते थे और मैं उनका कार्य कर देता था। वे इससे संतुष्ट रहते थे और मुझे भी एक तरह का सहयोग और उपकार करने का संतोष मिलता था। सेवानिवृत्ति के बाद भी यह सिलसिला कुछ समय तक चलता रहा, लेकिन पिछले लगभग दो वर्षों से यह पूरी तरह बंद हो गया है। अब उनके लेख पहले की तरह प्रकाशित तो होते हैं, लेकिन वे मुझे केवल पढ़ने के लिए ही भेजते हैं। एक दिन बातचीत के दौरान मैंने उनसे पूछ ही लिया कि अब मेरी जरूरत नहीं पड़ती क्या, आप तो बहुत अच्छा लिखने लगे हैं। वे हंसे, थोड़ी देर रुके और फिर बोले-'अब चैटजीपीटी है ना!' उन्होंने बताया कि वे अपना लेख तैयार करके उसे एआइ में डाल देते हैं और फिर वह व्याकरण, वर्तनी और भाषा की अशुद्धियों को सुधारकर उसे और बढ़िया लेख बना कर उन्हें दे देता है।

उनकी यह बात सुनकर मन में विचार आया कि यदि कोई अच्छा लेखक अपनी पूरी रचना या किसी प्रस्तावित पुस्तक के अंश इसी प्रकार एआइ में सुधार के लिए डालता है, तो अनजाने में उसकी रचना का बड़ा हिस्सा किसी डिजिटल या इंटरनेट आधारित तंत्र का हिस्सा बन सकता है। आखिर कृत्रिम मेधा उन्हीं सूचनाओं से सीखती है जो हम उसे प्रदान करते हैं। वह उन्हीं से स्वयं को लगातार बेहतर और सक्षम बनाती जाती है। कल्पना कीजिए कि कोई उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी किसी संवेदनशील क्षेत्र में तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था और हथियारों की स्थिति से जुड़ी एक गोपनीय रिपोर्ट को केवल भाषा सुधार और प्रस्तुति बेहतर बनाने के लिए एआइ प्रणाली में डाल देता है। उस रिपोर्ट में अत्यंत महत्त्वपूर्ण और गोपनीय रक्षा संबंधी जानकारी होती है। ऐसे में यह संभावना बनती है कि वह जानकारी अनजाने में किसी बाहरी, इंटरनेट से जुड़े तंत्र तक पहुंच सकती है। केवल भाषा सुधार का प्रयास गंभीर सुरक्षा जोखिम में बदल सकता है।

आज सरकार, प्रशासन, व्यापार, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कानून और अनुसंधान जैसे अनेक क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी के साथ काम होता है। यदि वहां भी एआइ का उपयोग बिना सावधानी के किया जाए, तो गोपनीय सूचनाएं अनजाने में साझा होने का खतरा बढ़ जाता है। आज के समय में छात्रों के बीच भी होमवर्क प्रोजेक्ट और लेखन कार्य के लिए एआइ का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इससे काम तो आसान हो रहा है, लेकिन साथ ही यह भी चिंता है कि कहीं इससे उनकी मौलिक सोच, कल्पनाशक्ति और रचनात्मक क्षमता कमजोर न पड़ जाए। यदि विद्यार्थी हर समस्या का समाधान एआइ से लेने लगेंगे, तो भविष्य में उनकी स्वतंत्र सोच और निर्णय लेने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह स्थिति वास्तव में विचार करने योग्य और चिंताजनक है।

bokia@yahoo.com

## आपकी बात

### कमजोर हो रहे मानवीय मूल्य

**आज** मानवीय मूल्य कमजोर हो रहे हैं। प्रेम, समर्पण और सहयोग की भावना कम हो रही है। लोग स्वार्थ और ईर्ष्या से ग्रस्त होकर दूसरों की सफलता से जलन महसूस करते हैं। सोशल मीडिया ने वास्तविक मानवीय संबंधों को प्रभावित किया है, यह स्थिति सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर है। **- बिहारी लाल,** सीकर

### योजनाबद्ध किए जाएं विकास कार्य

**शहरों** में अव्यवस्था बढ़ रही है। अनियोजित निर्माण से शहरों की संरचना बिगड़ रही है। स्मार्ट सिटी के लिए योजनाबद्ध विकास और दूरदृष्टि जरूरी है। साथ ही, नागरिकों को भी सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा में जिम्मेदारी निभानी चाहिए। **- आदित्य शेखर,** इंदौर

**समसामयिक विषयों पर पाठकों के विचार आमंत्रित है। चुनिंदा विचार प्रकाशित किए जाएंगे।**
ईमेल करें: edit@epatrika.com

**समस्या हर दवा की निश्चित मात्रा एवं तय अवधि तक ही मरीज को दी जाती है, लेकिन पैकेजिंग उसके अनुसार नहीं मिलती**

# बची हुई दवाओं के निस्तारण के लिए जन-जागरूकता भी जरूरी



डॉ. विवेक एस. अग्रवाल
सामाजिक सरोकारों से जुड़े मामलों के जानकार
@patrika.com

दवाएं जीवन के लिए जरूरी भी हैं और इनके बिना जीवन भी असंभव है, लेकिन वह तभी तक लाभदायक है, जब तक बीमारी के उपचार या बचाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। बिना लक्षण अथवा परामर्श के दवाइयों के सेवन से नुकसान अधिक होता है।

यह शारीरिक तंत्र को नुकसान पहुंचाने की क्षमता भी रखता है। भारत में दवाओं की बिना चिकित्सकीय परामर्श, ओवर द काउंटर पद्धति से हो रही बिक्री, तय खुराक से अधिक या कम की पैकेजिंग उन प्रमुख कारणों में है, जिनके कारण उपयोग पश्चात घातक दवाएं भी वातावरणीय संपर्क में आ जाती हैं। सामान्यतया दवाइयों की पैकेजिंग पर दिशानिर्देश भी मात्र अंग्रेजी भाषा में ही अंकित होते हैं, जिसके चलते उपयोग पश्चात निष्पादन कैसे किया जाना है, समझ से परे रहता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार हर दवाई निश्चित मात्रा एवं तय अवधि तक ही मरीज को इलाज हेतु दी जाती है। हमारे यहां आम चलन है कि बीमारी के बाद बची हुई दवाओं को भविष्य की आवश्यकता के मद्देनजर रख लिया जाता है। उनको भी एक्सपायरी डेट के आधार पर नियमित रूप से निस्तारित करने की परिपाटी भी आमतौर पर नहीं पाई जाती।

इस संबंध में जागरूकता यदि शहरों में 20 फीसदी है तो गांव में प्रायः नगण्य ही है। इसका कारण सामान्यजन में एक्सपायरी डेट संबंधी जानकारी का न होना होता है, साथ ही पैकेजिंग पर एक्सपायरी होने की तिथि का बहुत ही सूक्ष्म अंकों में अंकित होना भी है। फार्मा कंपनियों द्वारा दवाइयों की बिक्री के लिए पैकेजिंग संबंधी स्पष्ट नीति एवं नियमों के अभाव में सामान्यतया इंजेक्शन वायल का अपवाद छोड़ 10, 15, 30 गोली अथवा कैप्सूल एवं 10 मिलीलीटर से 30 मिलीलीटर आंख आदि की दवा उपलब्ध होती है। इसमें से जितनी खुराक चिकित्सक की सलाह से लेनी है, अव्वल तो वह भी पूरी नहीं लेता और लेता भी है तो खुराक के बाद बची रह जाती है। जिसका निस्तारण भी बिना सोचे समझे कचरे के साथ कर दिया जाता है।

दवाओं की पैकेजिंग से भी नुकसानों की लंबी सूची बन जाती है। दवाओं की पैकेजिंग के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री में मुख्यतया प्लास्टिक, धातु और कुछ अंशः कागज होता है। इसके अतिरिक्त इन पर सूचना अंकित करने तथा पैकेजिंग को चिपकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रसायन भी दुष्प्रभाव युक्त होता है। वर्तमान में अधिकांशतया दवाइयां लगभग ठोस ब्लिस्टर पैक में बेची जाती हैं, जिनको संरचनात्मक रूप से रीसाइकल करना प्रायः मुश्किल होता है। एक मोटे अनुमान के अनुसार दवाओं की पैकेजिंग कार्बन उत्सर्जन का भी कारण है। इस कारण पैकेजिंग और दवा दोनों मिलकर भूमि और जल प्रदूषण का कारण बन जाते हैं। पैकेजिंग के विकल्प रूप में विभिन्न पर्यावरण सम्मत सामग्री यथा कपड़ा, सेल्युलोस इत्यादि का उपयोग करने की कवायद लंबे अरसे से चल रही है, लेकिन दवाइयों की पैकेजिंग में बदलाव के संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि पैकेजिंग के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री का यथासंभव वजन कम कर तथा प्रभावी उपयोग पश्चात संग्रहण अथवा रिवर्स खरीद व्यवस्था करने पर ही उपयोग पश्चात दवा के जहर को रोका जा सकता है।

इसे लेकर उपभोक्ताओं को भी जागरूक करना जरूरी है। बची हुई दवाई को दुकानदार द्वारा वापस लिया जाना उपभोक्ता का अधिकार होना चाहिए। हालांकि वर्तमान में बढ़ती ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था के चलते यह वापसी दुष्कर जरूर है, लेकिन नितांत आवश्यक भी है। विगत वर्षों में दवाइयों की खपत में लगभग 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हुई है और उससे बहुत बड़े अनुपात में बची हुई दवाइयों की समस्या भी रौद्ररूप धारण कर रही है। दवा और उसकी पैकिंग के घातक प्रभाव से अवगत करवाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा अभियान चलाए जाने चाहिए।

आवश्यकता है कि तेजी से बढ़ रही फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री पर उत्पादन के दौरान, पश्चात तथा उत्पाद स्तर पर समय रहते पर्यावरण सम्मत होने के बाध्यकारी नियम कठोरता से लागू किए जाएं, जिससे दवाएं जीवन की सहायक बनी रहें।

vivekjpr@gmail.com

*मुझे बहुत सारे अच्छे निवेश नहीं चाहिए, सिर्फ कुछ बेहतरीन निवेश चाहिए। एक बेहतरीन कंपनी का शेयर बेचने का समय लगभग कभी नहीं आता।*

**फिलिप फिशर** लेखक, कॉमन स्टॉक्स अनकॉमन प्रॉफिट



# पत्रिका फाइनेंस

@बिजनेस & वेल्थ

| शेयर बाजार | | सोना | चांदी | रुपया |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| सेंसेक्स 77,100 (+109) | निफ्टी 24,056 (+34) | स्टैंडर्ड (24K) ₹1,44,100 (प्रति 10 ग्राम) (-3600) | चांदी (999) ₹2,23,000 (प्रति किग्रा) (-10,500) | ₹94.39 (प्रति 1 डॉलर) (+0.16) |

**अनपेड ओवरटाइम** एडीपी की पीपल एट वर्क रिपोर्ट के मुताबिक, 40% भारतीय हर सप्ताह 6 से 15 घंटे बिना भुगतान के कर रहे काम

## बिना वेतन ओवरटाइम करने में भारतीय कर्मचारी दुनिया में नंबर-1

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कभी-कभार कुछ अतिरिक्त घंटे काम करना नौकरी का सामान्य हिस्सा है, जैसे- लंच ब्रेक छोड़ना, देर शाम तक काम पूरा करना या अतिरिक्त समय निकालकर ईमेल का जवाब देना जैसी गतिविधियों के लिए अतिरिक्त भुगतान नहीं मिलता। लेकिन भारत में बिना भुगतान के काम करना अब केवल कभी-कभार होने वाली बात नहीं रह गई है, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का रूप ले चुका है। बिना अतिरिक्त वेतन के ओवरटाइम कराने के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। एडीपी की पीपल एट वर्क 2026 रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 40% कर्मचारी हर सप्ताह 6 से 15 घंटे तक बिना अतिरिक्त वेतन के ओवरटाइम काम करते हैं। वहीं 24% कर्मचारी ऐसे हैं जो 16 घंटे से अधिक समय बिना भुगतान के काम करते हैं।

### ऊंचे पद वाले करते हैं अधिक अनपेड ओवरटाइम




### कितने कॉरपोरेट कर्मचारी करते हैं अनपेड ओवरटाइम




**35%** वर्क फ्रॉम होम करने वाले हर हफ्ते 6 से 15 घंटे का अनपेड ओवरटाइम कर रहे, हाइब्रिड जॉब वाले 28% और *ऑफिस जाकर काम करने वाले 24% कर्मचारी कर रहे एक्स्ट्रा वर्क*

(हर हफ्ते 6 से 15 घंटे अनपेड वर्क)

### इस उम्र के लोग सबसे ज्यादा करते बिना वेतन काम




### अनपेड वर्क वाले टॉप-6 देश




### इसका साइड इफेक्ट

**वर्क फ्रॉम** होम वाले कर्मचारी ऑफिस जाकर काम करने वालों से कहीं अधिक समय अनपेड वर्क कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ रहा अनपेड ओवरटाइम कर्मचारियों के तनाव, बर्नआउट और नौकरी छोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति का कारण बन रहा है। नौकरी में जितना ऊंचा पद होता है, बिना भुगतान के काम करने की संभावना उतनी ज्यादा बढ़ जाती है। 50% वरिष्ठ प्रबंधक हर सप्ताह कम से कम 6 घंटे अतिरिक्त काम करते हैं। वहीं सामान्य कर्मचारियों में 17% लोग 6-15 घंटे अतिरिक्त काम करते हैं। जो लोग सबसे ज्यादा अनपेड काम करते हैं, वे अपने काम को अधिक सार्थक मानते पर ऐसे कर्मचारियों में तनाव का स्तर बहुत ज्यादा है और वे कंपनी छोड़ने का मन भी सबसे ज्यादा बनाते हैं।

**आरबीआइ** ठगी पर 5 दिन में पैसा देंगे बैंक

## ₹50,000 तक के डिजिटल फ्रॉड पर ग्राहक को मिलेगा ₹25,000 तक मुआवजा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** आरबीआइ ने डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच ग्राहकों को राहत देने के लिए नए गाइडलाइंस जारी की है, इसके मुताबिक, अगर किसी ग्राहक के साथ 50,000 रुपए तक की ऑनलाइन ठगी या धोखाधड़ी होती है तो उसे नेट नुकसान का 85% या अधिकतम 25,000 रुपए (जो भी कम हो) मुआवजे के रूप में बैंकों को 5 दिन के अंदर देना होगा। हालांकि यह सुविधा ग्राहक को जीवन में सिर्फ एक बार ही मिलेगी। नया नियम 1 जनवरी 2027 से लागू हो जाएगा, पहले इन्हें जुलाई 2026 में ही लागू करने की तैयारी थी, पर केंद्रीय बैंक ने समयसीमा 6 माह आगे बढ़ा दी है। मुआवजे की कुल राशि में 65% योगदान खुद आरबीआइ देगा। पीड़ित ग्राहक का बैंक 10% और बेनेफिशियरी बैंक यानी जिस बैंक में धोखेबाज ने सबसे पहले पैसे ट्रांसफर किए वह 10% योगदान देगा। इन नियमों में क्रॉस-बॉर्डर यानी विदेश से होने वाली डिजिटल धोखाधड़ी को भी शामिल किया है। यदि विदेश से फ्रॉड होता है और भारत का बेनेफिशियरी बैंक शामिल नहीं तो मुआवजे का 65% आरबीआइ और 35% ग्राहक का बैंक देगा।

### केस 1: बैंक खाते से ₹50,000 की ठगी

ग्राहक का नुकसान: **₹50,000**
85% मुआवजा: **₹42,500**
अधिकतम मुआवजा सीमा: **₹25,000**
ग्राहक को मिलेंगे: **₹25,000** ही

### केस 2: ₹40,000 रुपए की ठगी हुई

ग्राहक का नुकसान: **₹40,000**
बैंक ने रिकवर किए: **₹15,000**
अब वास्तविक नुकसान: **₹25,000**
25,000 रुपए का 85%: **₹21,250**
ग्राहक को मुआवजा मिलेगा: **21,250 रुपए**

65% हिस्सा आरबीआइ देगा कुल मुआवजा राशि का जबकि ग्राहक का बैंक 10% और लाभार्थी बैंक 10% योगदान देगा।

### ₹500 से ऊपर के लेनदेन पर अलर्ट

**अब** 500 रुपए से अधिक के सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन पर तुरंत एसएमएस अलर्ट भेजना अनिवार्य होगा। पहले यह सीमा 5,000 रुपए थी। घरेलू डिजिटल फ्रॉड से जुड़ी शिकायतों की जांच और समाधान बैंकों को 45 दिन में और क्रॉस-बॉर्डर मामलों का समाधान 60 दिन में करना होगा।

### कहां करें शिकायत

- **मुआवजा** पाने के लिए धोखाधड़ी की घटना होने के 5 दिनों के भीतर ग्राहक को इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर और साथ ही अपने बैंक में दर्ज करानी होगी।
- **ग्राहक** की तरफ से आवेदन मिलने के 5 दिनों के भीतर बैंक मुआवजे की राशि का भुगतान करेगा।
- **क्रेडिट** कार्ड से फ्रॉड होने की स्थिति में शिकायत मिलने के 5 दिन के भीतर बैंकों को उक्त राशि ग्राहक के खाते में अनिवार्य रूप से शैडो रिवर्सल करना होगा।
- **शैडो** रिवर्सल के तहत रकम अस्थायी तौर पर ग्राहक के खाते में भेजी जाती है। लेकिन जांच पूरी होने तक ग्राहक इस राशि का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

**राहत कब...**

### इंडियन बास्केट में कच्चा तेल टूटकर 70 डॉलर पर आया

**नई दिल्ली@पत्रिका.** ग्लोबल बाजार में क्रूड ऑयल ईरान संकट से पहले के स्तर पर पहुंच जाने के बाद इंडियन बास्केट क्रूड ऑयल की कीमत घटकर 70.71 डॉलर प्रति बैरल रह गई। जंग के दौरान कीमत 136 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थी। यानी अब कच्चा तेल रेकॉर्ड हाई से 65 डॉलर प्रति बैरल सस्ता हो चुका है। इससे भारत का तेल आयात बिल कम हो सकता है। साथ ही लोगों को पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटने की भी आस है। इंडियन बास्केट वह औसत कीमत है, जिस पर भारत अलग-अलग देशों से कच्चा तेल खरीदता है। इसमें ब्रेंट, ओमान और दुबई ग्रेड जैसे कच्चे तेल को शामिल किया जाता है।

**प्रावधान हटा**

### टाटा संस को मिलेगी लिस्टिंग से राहत!

**मुंबई@ पत्रिका.** आरबीआइ के अपर-लेयर एनबीएफसी के लिए अंतिम दिशा-निर्देशों ने इस उम्मीद को फिर से जगा दिया है कि टाटा संस को लिस्टिंग की बाध्यता से राहत मिल सकती है। इसकी वजह यह है कि केंद्रीय बैंक ने उस प्रावधान को हटा दिया है, जिसमें जनता से धन की अप्रत्यक्ष प्राप्ति को परिभाषित किया गया था। हालांकि, इसके बावजूद टाटा संस अपनी बड़े एसेट साइज के कारण अपर-लेयर एनबीएफसी की कैटेगरी में बना रहेगा। ऐसे में यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि नियमों में किए गए बदलाव कंपनी को अनिवार्य लिस्टिंग से पूरी तरह छूट दिलाने के लिए पर्याप्त होंगे या नहीं।

**शेयर बाजार** सोना-चांदी सस्ता होने से जून में गोल्ड ईटीएफ 12% तो सिल्वर ईटीएफ 18% से ज्यादा लुढ़का

## ऊंची दरें-मजबूत डॉलर कमोडिटीज पर भारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** सोना-चांदी सहित बेस मेटल्स की कीमतों में जून 2026 में आई तेज गिरावट से भारतीय शेयर बाजार में मेटल स्टॉक्स धराशायी हो गए हैं और इनमें इस माह अब तक 19% गिरावट आई है। लंदन मेटल एक्सचेंज पर एल्युमीनियम, तांबा, अन्य औद्योगिक धातुओं की कीमतों में कमजोरी आने से मेटल कंपनियों के शेयर दबाव में हैं। बाजार विशेषज्ञों ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से मेटल्स का भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम घटा है, जबकि अमरीकी डॉलर के मजबूत होने और अमरीकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंकाओं ने भी कीमतों पर दबाव बनाया है।

फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने की आशंकाओं के चलते निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर पड़ा है। एक महीने में डॉलर 3% मजबूत हुआ है और डॉलर इंडेक्स एक साल के उच्चतम स्तर 102 पर पहुंच गया है। साथ ही अमरीका में इस साल ब्याज दरें बढ़ने की आशंका है, जिससे कर्ज महंगा होने की डर है, जिससे ग्लोबल स्तर पर कमोडिटीज की मांग प्रभावित हुई है। चूंकि अधिकांश धातुओं का कारोबार डॉलर में होता है, इसलिए अमरीकी मुद्रा मजबूत होने पर अन्य देशों के खरीदारों के लिए धातुएं महंगी हो गई हैं, जिससे मांग और कीमतों दोनों पर असर पड़ा। एक्सिस सिक्योरिटीज के अनुसार, एल्युमीनियम की कीमतें अब ईरान संघर्ष से पहले के स्तर पर लौट आई हैं। साथ ही चीन में आर्थिक सुस्ती से भी मेटल्स की मांग घटी है। मई में चीन का स्टील निर्यात 3% घट गया, जबकि 2026 में अब तक स्टील निर्यात में 8% की गिरावट आई है, जिससे बेस मेटल्स की कीमतें ग्लोबल बाजार में घटीं। होर्मुज से सप्लाई बहाल होने के कारण भी मेटल्स पर दबाव है।

### धातुओं की कीमतें गिरने से मेटल स्टॉक्स क्रैश

**110 अंक** चढ़कर 77,100 पर बंद हुआ सेंसेक्स, मेटल और एनर्जी शेयरों में भारी गिरावट के *साथ अंतिम घंटे में मुनाफावसूली के कारण दिन की पूरी बढ़त गंवा दी*

**73 डॉलर** प्रति बैरल पर ब्रेंट क्रूड के आने से एविएशन, पेंट और ऑयल-मार्केटिंग *कंपनियों के शेयर चढ़े, पर ओएनजीसी जैसी तेल उत्पादक कंपनियों के शेयर टूट गए*



**7%** गिरा निफ्टी मेटल इंडेक्स जून 2026 में अब तक, जबकि इस दौरान ***सेंसेक्स-निफ्टी 3% से ज्यादा चढ़े, आगे भी मेटल स्टॉक्स पर जारी रह सकता है दबाव***

### बेस मेटल्स सहित कीमती धातु धड़ाम




चीन में मंदी की आशंका से ***बेस मेटल्स की कीमतें लगातार गिर रहीं***

### ...इसलिए सेफ-हैवन एसेट नहीं रहा सोना

**ग्लोबल** टेक्नोलॉजी स्टॉक्स में भारी बिकवाली ने लिक्विडेशन (नकदी की जरूरत) को ट्रिगर किया है। जैसे-जैसे यूएस इक्विटी अपने रेकॉर्ड हाई से नीचे आए, टेक सेक्टर में नुकसान झेल रहे निवेशकों को लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं को बेचना पड़ा। इस सेलिंग ने सोने और चांदी की पारंपरिक भूमिका को ओवरराइड कर दिया। मैक्रोइकॉनॉमिक फैक्टर्स भी कीमती धातुओं पर भारी पड़ रहे हैं। निवेशकों को इस बात की चिंता है कि फेडरल रिजर्व महंगाई को काबू करने के लिए ऊंची ब्याज दरें बनाए रख सकता है। जेपी मोर्गन के मुताबिक इस साल कम से कम 3 बार दरें बढ़ सकती हैं। चूंकि सोना और चांदी ब्याज नहीं देते हैं, इसलिए ऊंची ब्याज दरें इन धातुओं को रखने की 'अवसर लागत' को बढ़ा देती हैं।

### मेटल स्टॉक्स में निवेशकों को बड़ा घाटा

| कंपनी | एक माह में लुढ़के |
| --- | --- |
| नाल्को | -17.37% |
| वेदांता | -17.77% |
| हिन्दुस्तान जिंक | -18.23% |
| हिन्दुस्तान कॉपर | -10.18% |
| हिंडाल्को | -13.42% |
| टाटा स्टील | -10.28% |

### चांदी टूटने का असर...

**ग्लोबल** बाजार में चांदी टूटकर 58 डॉलर प्रति औंस पर है। चूंकि चांदी हिन्दुस्तान जिंक जैसी कंपनियों के प्रोडक्ट का प्रमुख हिस्सा है। चांदी कीमतों में तेज गिरावट सीधे रेवेन्यू और प्रॉफिट को प्रभावित करती है, जिससे इनके शेयर गिर रहे हैं।

### बुलियन में गिरावट से गोल्ड-ईटीएफ धराशायी

| ईटीएफ | एक माह में लुढ़के |
| --- | --- |
| निप्पॉन सिल्वर | -19.35% |
| निप्पॉन गोल्ड | -11.70% |
| एचडीएफसी सिल्वर | -18.85% |
| एचडीएफसी गोल्ड | -11.80% |
| डीएसपी सिल्वर | -18.95% |
| डीएसपी गोल्ड | -11.89% |

### बढ़त गंवाकर बंद हुआ सेंसेक्स

**भारतीय** शेयर बाजार में गुरुवार को जबरदस्त उतार-चढ़ाव रहा। कच्चा तेल ईरान जंग से पहले के स्तर पर आने से सेंसेक्स 400 अंक की तेजी से खुला और तेज रफ्तार पकड़ी, लेकिन ऊपरी स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण पूरी बढ़त खो दी और अंत में केवल 110 अंक चढ़कर 77,100 के स्तर पर बंद हुआ। अंतिम डेढ़ घंटे में सेंसेक्स अपने शिखर से 700 अंक से ज्यादा टूट गया। निफ्टी भी 34 अंक चढ़कर 24,056 पर रहा।

### 8 लाख करोड़ के एक्सपोर्ट का लक्ष्य



**जयपुर@पत्रिका.** एसोसिएशन ऑफ गारमेंट एक्सपोर्ट सीतापुरा और केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की वस्त्र समिति की ओर से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय टेक्सटाइल कमेटी सचिव कार्तिकेय ढांडा ने केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में किए गए एफटीए (फोरन ट्रेड एग्रीमेंट) और सरकार की एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2030 तक गारमेंट-टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को 8 लाख करोड़ के पार ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसमें राजस्थान के एक्सपोर्टर्स महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकते हैं और जयपुर के गारमेंट एक्सपोर्टर्स को 30 से ज्यादा देशों के साथ किए गए एफटीए का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एजिस के अध्यक्ष डॉ दिनेश गुप्ता और महासचिव सिद्धार्थ गधैया ने अधिकारियों के सामने स्किल्ड लेबर की कमी, रॉ-मैटेरियल के आयात और कस्टम संबंधित समस्याएं भी रखीं। कार्यक्रम में एजिस के संरक्षक राजीव दीवान भी मौजूद थे।

### सर्राफा बाजार: सोने-चांदी में गिरावट जारी

**जयपुर.** विदेशी बाजारों में गिरावट से जयपुर सर्राफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं में रिकॉर्ड गिरावट आई। गुरुवार को चांदी 10,500 रुपए कम होकर 2,23,000 रुपए प्रति किलो रही। सोना 3600 रुपए टूटकर 1,44,100 रुपए प्रति दस ग्राम रहा।

SKJ Jewellers
VAISHALI NAGAR 0141-4005001
VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

**तैयारी** नया लोन प्रोडक्ट लाने का निर्देश

## स्ट्रीट वेंडर्स को जल्द मिलेगा ₹1,00,000 तक का लोन!

स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि योजना से ***मुद्रा लोन तक का सफर होगा आसान***

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे स्ट्रीट वेंडर्स को जल्द ही कारोबार के लिए 1,00,000 रुपए तक का ब्रिज लोन मिल सकता है। अभी उन्हें पीएम स्वनिधि योजना के तहत तीन चरणों में 50,000 रुपए तक का लोन मिलता है। अब केंद्र सरकार ने सरकारी बैंकों को स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक लाख रुपए तक लोन देने के लिए एक नया लोन प्रोडक्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य एक क्रेडिट ब्रिज तैयार करना है, ताकि पीएम स्वनिधि जैसी छोटी लोन योजनाओं का लाभ उठा चुके छोटे उधारकर्ता आगे चलकर पीएम मुद्रा योजना के तहत मिलने वाले बड़े बैंक लोन तक आसानी से पहुंच सकें। इससे वेंडर्स अपनी क्रेडिट हिस्ट्री को मजबूत कर सकेंगे और बाद में बड़ी राशि वाले मुद्रा लोन के पात्र बन सकेंगे। अभी स्ट्रीट वेंडर्स को छोटे लोन मिल जाते हैं, पर बड़े लोन में मुश्किल होती है।

**₹17,800 करोड़** से अधिक के 1.05 करोड़ लोन बांटे जा चुके ***1 मार्च 2026 तक पीएम स्वनिधि के तहत***

**₹50,000** तक अधिकतम मिलता है लोन ***अभी तक पीएम स्वनिधि योजना के तहत***

**पीएम सूर्य घर योजना** रूफटॉप सोलर से लोगों को बड़ी बचत...

## रूफटॉप सोलर वाले राजस्थान के 42% घरों का बिजली बिल जीरो, एमपी में संख्या 20%

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** पीएम सूर्य घर योजना का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मार्च-अप्रैल 2026 के आंकड़ों के अनुसार, केरल में रूफटॉप सोलर लगाने वाले 52.8% उपभोक्ताओं व राजस्थान में 42.4% उपभोक्ताओं ने हालिया बिलिंग अवधि में बिजली खपत का कोई शुल्क नहीं चुकाया। यानी इन घरों का बिजली बिल जीरो रहा। इसका मुख्य कारण नेट मीटरिंग व्यवस्था है, जिसके तहत घर की छत पर लगे सोलर पैनलों से उत्पन्न बिजली को ग्रिड से ली बिजली के मुकाबले समायोजित किया जाता है। उत्पादन खपत के बराबर या उससे अधिक हो, तो बिजली बिल शून्य हो सकता है।

### इतने लोगों का बिजली बिल हुआ जीरो






**राजस्थान दूसरे नंबर पर** पीएम सूर्य घर योजना के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में करीब 3.96 लाख आवेदकों में से 42.4% लोगों ने पिछले महीने कि बिलिंग साइकल में जीरो बिजली बिल हासिल किया। आवेदन संख्या के आधार पर आंध्र प्रदेश सबसे आगे रहा, जहां करीब 10.22 लाख आवेदन दर्ज हुए, लेकिन जीरो बिल उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी सबसे कम 8.1% रही।

**69.74 लाख** पीएम सूर्य घर कनेक्शन में से 17.62 लाख उपभोक्ताओं का जीरो बजली बिल, यानी ***25% लाभार्थियों ने एक महीने में बिजली बिल का पेमेंट नहीं किया***

### किशोरी शोरूम की वार्षिक स्कीम शुरू




**जयपुर@पत्रिका.** टोंक रोड स्थित शहर के प्रमुख महिला परिधान शोरूम किशोरी ने ग्राहकों के लिए वार्षिक सेल की घोषणा की है। किशोरी के डायरेक्टर आलोक बंसल ने बताया कि इस सेल में ग्राहकों को विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक परिधानों पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ अतिरिक्त फ्लेट ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। यह सेल त्योहारों, शादी-ब्याह और अन्य पारिवारिक आयोजनों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। इसमें साड़ियां, सूट, लहंगे और इंडोवेस्टर्न ड्रेस की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। आलोक बंसल का कहना है कि यह सेल सीमित समय के लिए आयोजित की गई है, इसलिए ग्राहक जल्द लाभ उठा सकते हैं। रविवार को भी शोरूम खुला रहेगा।

**सरिस्का मक्का खल - उत्तम गुणवत्ता वाला पशु आहार** विज्ञापन

**भारत में सरिस्का मक्का खल की सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी के कारण इसकी निरंतर माँग बढ़ रही है, सरिस्का मक्का खल में बिनौला खल की अपेक्षा अधिक गुणवत्ता होती है। आज किसान मक्का खल की जगह सरिस्का मांगते हैं, क्योंकि अब सरिस्का मतलब 100% शुद्ध मक्का खल।**




अन्य खल की जगह सरिस्का मक्का खल के सेवन से पशुओं में एक समय में एक किलो से ज्यादा दूध में बढ़ोतरी होती है जिससे पशुपालकों को फायदा होता है। सरिस्का मक्का खल में तेल की मात्रा 12% से 14% होती है जिससे दूध फैट्स बढ़ता है और दाम ज्यादा मिलते हैं। 1 किलो बिनौला खल लगभग 3 किलो पानी सोखती है तथा 1 किलो मक्का खल लगभग 8 किलो पानी सोखने की क्षमता रखती है। मक्का खल में बिनौले से ज्यादा गुणवत्ता होती है जिससे पशुओं की पाचन क्षमता बढ़ती है। मिलावटी मक्का खल से बचे- **शुद्ध खल अपनाएँ। पशु स्वस्थ, किसान समृद्ध।** देश में पशुपालकों के बीच गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। अब वे ब्रांडेड "सरिस्का मक्का खल" की ही मांग कर रहे हैं। सस्ता मिलने के बावजूद पशुपालक डुप्लीकेट खल खरीदने से बच रहे हैं, क्योंकि इससे पशुओं के स्वास्थ्य पर नुकसान होता है। पशुपालकों का कहना है कि सरिस्का मक्का खल देने से पशु स्वस्थ रहते हैं और दूध उत्पादन बढ़ता है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होती है।

अंकित ट्रेडिंग (फूलेरा) - 7611866555, जौहरी लाल (जयपुर) - 9928005973, जगदीश नारायण (निवाई) - 9414227704, श्री गणेश पशु आहार (चाकसू) - 8949015939, साऊं बाट भंडार (दूदू) - 8005717762 श्री बालाजी बंत भण्डार (दूदू) - 9001364895, आनंद ट्रेडर्स (महुआ, दौसा) - 9414848436, राम स्वरूप श्रवण कुमार (चोमू) - 9928950131

**कृषि उत्पादन** अलनीनो के प्रभाव के चलते 24 फीसदी कम बारिश की आशंका

## कम बारिश और वैश्विक तनाव से बढ़ा महंगाई का खतरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** अमरीका-इजरायल और ईरान के रिश्तों में सीजफायर एग्रीमेंट के बाद भी उतार-चढ़ाव जारी है। इससे अभी भी वैश्विक बाजार में आशंकाएं बनी हुई है। बाजार की दूसरी चिंता अलनीनो के प्रभाव के कारण कमजोर मानसून ने बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि इस बार मानसून के दौरान बारिश में 24% तक की कमी हो सकती है। मानसून आधारित कृषि अर्थव्यवस्था होने के कारण राजस्थान पर कमजोर मानसून का गहरा असर हो सकता है। पैदावार घटने से किसानों की आय में कमी के साथ उपभोक्ताओं को महंगाई की मार झेलनी पड़ सकती है।






### उत्पादन लागत में 20 प्रतिशत का इजाफा



**राजस्थान** चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अरुण अग्रवाल का कहना है कि ईरान, अमरीका और इजरायल के बीच सीजफायर एग्रीमेंट के बाद भी तनाव कायम है। 28 फरवरी के बाद से इस संघर्ष के कारण औद्योगिक उत्पादन की लागत में 20 प्रतिशत तक का इजाफा हो चुका है। अब कमजोर मानसून से समस्या और गहरी हो सकती है। कमजोर मानसून के कारण उत्पादन में कमी होने पर दाल, खाद्य तेल और खाद्यान्न की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका रहती है, जिससे आम उपभोक्ता का घरेलू बजट गड़बड़ा सकता है।

### 75 प्रतिशत आबादी की आय सीमित

**खाद्य उत्पादन** विशेषज्ञ अनूप खंडेलवाल का कहना है कि



राजस्थान जैसे मरू प्रदेश की अर्थव्यवस्था में दक्षिण-पश्चिम मानसून का गहरा प्रभाव है। यह कमजोर होता है तो ग्रामीण क्षेत्र की 75% आबादी की आय सीमित हो जाती है, किसानों की खरीद क्षमता कम होने से बाजार में बिक्री धीमी हो जाती है। प्रदेश के कुल कृषि क्षेत्र का 70% भाग जुलाई से सितंबर तक मानसून के दौरान होने वाली बारिश पर निर्भर करता है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला वृत्त बीकानेर**

क्रमांक:एस.ई.बी./अंके.I/26-27/889 दिनांक : 22.06.2026

**-: निविदा संशोधन सूचना :-**

इस कार्यालय की ई-बोली सूचना संख्या 02/2026-27 में अपरिहार्य कारणवश निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| संशोधन विवरण | पूर्व लिखित | अब पढ़ा जावें |
| --- | --- | --- |
| बोली आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे से दिनांक 22.06.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक | दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे से दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक |
| ऑनलाईन बोली जमा कराने की तिथि | दिनांक 22.06.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक | दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक |
| ऑनलाईन बोली खोलने की तिथि | दिनांक 22.06.2026 को दोपहर 4.00 बजे | दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 04.00 बजे |
| Physical submission of Histrocial Contracts Non Performance Certificate and BG etc. | दिनांक 22.06.2026 को 3.00 बजे तक | दिनांक 10.07.2026 को 03.00 बजे तक |

शेष निविदा व शर्तें यथावत रहेगी।

(राजेश पुनिया), अधीक्षण अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग, जिला वृत्त-बीकानेर

# Get Exclusive Access to My Private Channel

## ✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

♦️ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦️ **International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦️ **Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

♦️ **English & Hindi Editorials**

[National + International Editorials]

**Click here to join**